RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 319
लखनऊ, शनिवार, 14 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

अभ्यास में कोहली ने की लंबी बल्लेबाजी
स्पोर्ट्स-12

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को रिहा किया

राजेश कुमार। नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में उच्चतम न्यायालय से सशर्त जमानत मिल गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के निजी जमानत बांड और इतनी ही राशि की दो जमानतें दाखिल किए जाने के बाद जमानत दे दी। केजरीवाल को तिहाड़ जेल में छह महीने रहने के बाद जमानत मिली है।

शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय जाने से रोक लगा दिया है। साथ ही उन्हें निर्देश दिया कि वे आधिकारिक फाइलों पर तब तक हस्ताक्षर न करें जब तक कि दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी अनुमोदन प्राप्त करने के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं हो। इसने उन्हें अपने खिलाफ चल रहे धन शोधन मामले में उनकी भूमिका पर टिप्पणी करने से भी रोक दिया और उन्हें गवाहों से बातचीत न करने और मामले से जुड़ी आधिकारिक फाइलों तक पहुंच न रखने को कहा। जमानत की शर्तों के कारण उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की पूरी आजादी नहीं मिलती है, जिसमें यह भी शामिल है कि वह सचिवालय या मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जा सकते हैं या उपराज्यपाल द्वारा मंजूर की जाने वाली फाइलों के अलावा किसी अन्य फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते हैं, अधिकारियों ने कहा कि आप सरकार को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, भले ही वे छोटी हों।

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को दिल्ली में तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद बारिश के बीच समर्थकों का अभिवादन करते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। सुप्रीम कोर्ट ने आप संयोजक को आबकारी नीति मामले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में जमानत दे दी है। पीटीआई

केजरीवाल का स्वागत करने के लिए जेल के बाहर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठ पार्टी नेता इंतजार कर रहे थे। बारिश में भीगते हुए मान और सिसोदिया ने एक ट्रक के ऊपर से केजरीवाल के समर्थन में नारे लगाए। जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए, भ्रष्टाचार का एक ही काल, केजरीवाल, केजरीवाल जैसे नारे हवा में गूंज रहे थे। साथ ही, दोनों न्यायाधीश इस तथ्य पर विचार करते हुए केजरीवाल को जमानत देने के फैसले पर एकमत थे कि मामले में आरोप पत्र दायर किया जा चुका है और निकट भविष्य में मुकदमा पूरा होने की संभावना नहीं है।

ईडी मामले में अंतरिम जमानत देते समय पीठ द्वारा लगाई गई शर्तें इस मामले में भी लागू होंगी। हालांकि, जमानत देने के बावजूद, न्यायालय ने माना कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध थी और प्रासंगिक प्रक्रियात्मक कानूनों के अनुपालन में थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी में कोई प्रक्रियागत कमी नहीं है, वहीं न्यायमूर्ति भुयान ने एक अलग फैसले में गिरफ्तारी की आवश्यकता और समय पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति भुयान ने जमानत की इस शर्त पर भी आपत्ति जताई कि केजरीवाल को सीएम कार्यालय या सचिवालय नहीं जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने न्यायिक अनुशासन और समन्वय पीठ द्वारा पारित निर्देश के प्रति सम्मान को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में कोई निर्देश पारित नहीं करने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, इस न्यायालय द्वारा ईडी मामले में 10 मई 2024 और 12 जुलाई 2024 को समान तथ्यों के आधार पर अपीलकर्ता को अंतरिम जमानत दी गई है। इसके अतिरिक्त, सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में कई सह-आरोपियों को भी ट्रायल कोर्ट, हाई कोर्ट और इस न्यायालय द्वारा अलग-अलग कार्यवाही (शेष पृष्ठ 9)

दो सैन्य अफसरों पर हमले में छह को पकड़ा, रेप का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में सेना के दो अधिकारियों पर हमला करने और उनकी महिला मित्र के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने वाले सभी छह आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी रोहित गिरवाल (23 साल), संदीप वारिया (18 साल) और सचिन मकवाना (25 साल) को घटनास्थल के पास जंगल से दिन में पकड़ा गया। तीनों फरार थे और उनकी गिरफ्तारी मध्य प्रदेश पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। तीन अन्य आरोपियों को अनिल बरोर (27 साल), पवन बंसुनिया (23 साल) और रितेश भाभर (25 साल) को बुधवार और गुरुवार को पकड़ा गया। यह घटना 10 और 11 सितंबर की रात को महू सैन्य छावनी से करीब 30 किलोमीटर दूर एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल जाम गेट के हुई थी। विंध्याचल पर्वतमाला पर स्थित जाम गेट जंगलों से घिरा है। बारिश के मौसम में इस जगह दिन में सैलानियों का तांता लगा रहता है, लेकिन रात घिरते ही वहां सन्नाटा पसर जाता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया, चारों लोग तेज आवाज में संगीत सुन रहे थे। देर रात सुनसान इलाके में लगातार तेज आवाज में बजता संगीत सुनकर छह आरोपी मौके पर पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। वासल ने बताया कि हमलावरों में शामिल एक व्यक्ति ने पिस्तौल दिखाकर उन लोगों को धमकाया, जबकि अन्य आरोपियों के पास डंडे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए एक युगल को बंधक बनाया और दूसरे युगल से कहा कि बंधकों को तभी छोड़ा जाएगा, जब वे उन्हें 10 लाख रुपये लाकर देंगे। वासल ने कहा कि वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी पुलिस की गाड़ी की हेडलाइट देखकर वहां से भाग गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (सामूहिक बलात्कार), 310-2 (डकैती), 308-2 (जबरन वसूली)

और 115-2 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छह नामजद आरोपियों में से तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस के दल अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इन तीनों की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से दो स्थानीय अदालत के आदेश पर 16 सितंबर तक पुलिस की हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में एक युवती के साथ दुष्कर्म का भी आरोप है। इस आरोप की जांच की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वारदात के बाद से सदमे में चल रही युवती फिलहाल अपना बयान दर्ज कराने को राजी नहीं है। पुलिस युवती का बयान लेने का प्रयास कर रही है और कथित दुष्कर्म के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सैन्य अधिकारियों और युवतियों की एक-दूसरे से पहचान कैसे हुई थी, इस बारे में सोशल मीडिया पर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। इस बीच, पुलिस के एक अफसर ने इस बात को अफवाह करार दिया कि सैन्य अफसर और युवतियां डेटिंग ऐप के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में आए थे।

अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस को सम्बोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर (शेष पृष्ठ 9)

दिल्ली बनीं द्वारका, जलमग्न राजधानी

कुषाण मित्रा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी को इस साल वर्षा के देवता इंद्र ने भरपूर पानी का आशीर्वाद दिया है, लेकिन यह आशीर्वाद आम जनता के लिए भीषण जाम और यातायात अराजकता के अभिशाप के साथ आया है। बारिश और जलभराव के चलते गुरुग्राम से गाजियाबाद, वसंत कुंज से वैशाली तक पूरी दिल्ली जलमग्न है, इसके कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए समान रूप से भारी संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है।

अगर यह सिर्फ 2024 के मानसून की कहानी होती तो इसे समझा जा सकता था। लेकिन दुनिया का कोई भी शहर इतनी भारी बारिश झेलने की क्षमता नहीं है। निजी मौसम पूर्वानुमानकर्ता स्काईमेट ने 10 सितंबर को समाचार एजेंसी को बताया कि इस मानसून में दिल्ली में 913.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 56 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा पिछले 48 घंटों से हो रही लगातार हो रही जबरदस्त बारिश को छोड़कर है। राष्ट्रीय राजधानी का मिंटो ब्रिज पिछले कई दशकों से जलभराव और वाहनों के डूबने का दृश्य हर हर मानसून में दो से तीन बार की कहानी है। मिंटो ब्रिज को यूनेस्को की सूची में जुड़ने के बाद अब इसे के विश्व धरोहर स्थल के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए। इस ब्रिज के नीचे जलभराव होना एक स्थानिक छवि बन गई है। हालांकि यह एक स्थायी छवि नहीं है। इस समस्या पर भारतीय रेलवे सहित पुल के संरक्षकों व अधिकारियों को समस्या के निदान के लिए ध्यान देने और निदान का प्रयास किया जाना चाहिए। यह छवि किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। लेकिन यह दिल्ली में मुद्दा है, हम उन मुद्दों को ठीक करने की कोशिश करते हैं जिसे सही नहीं किया जा सकता, इसके बजाय उन मुद्दों का समाधान निकाला जाए जिन्हें ठीक किया जा सकता है। जैसे कि मानसून से पहले राजधानी के सीवर सिस्टम की मरम्मत और पुनर्वास करना, इससे पहले कि बारिश की पहली बौछार से नाले और सीवर जाम हो जाएं। प्रशासन को चाहिए कि बारिश से पहले सड़कों की मरम्मत कराएं ताकि वे किसी के बाधा व रूकावट का कारण न बन जाएं। जिसके कारण लोगों को छोटी कारों के बजाय बड़ी एसयूवी खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। ये स्थितियां दिल्ली के आसपास जुड़े शहरों पर भी लागू होता है, खासकर गुरुग्राम पर। दरअसल, गुरुग्राम, जो कि बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और भारत के कुछ सबसे अमीर रियल एस्टेट का हब है। यहां एक्सक्लूसिव सोसाइटीज में हाई-राइज़ अपार्टमेंट हैं जिनकी कीमत 25 करोड़ से अधिक हैं। यहां भारी जलभराव और बदतर हालात के कारण सोशल मीडिया पर लोगों ने अपनी टिप्पणी में इनमें से कुछ अपार्टमेंट को 'रिवर व्यू' होम कहा है, जबकि गोल्फ़ कोर्स रोड पर घुटनों तक पानी भरा हुआ था। दिल्ली के पॉश इलाके भी, खराब प्लानिंग और एक सदी पुराने सीवर व्यवस्था का दम निकलने लगा है, जिसके करोड़ों रुपये मूल्य के अपार्टमेंट के बेसमेंट में पानी भर गया है। जहां ये लोग बसें हुए हैं। दिल्ली के निवासी इस तथ्य से सहानुभूति रख सकते हैं कि जहां वसें हैं वहां के उस हिस्से में सड़क या सीवर अक्सर (शेष पृष्ठ 9)

राजधानी में बारिश के बाद पानी से भरी सड़क पर गड्ढे में फंसने के बाद अपनी मोटरसाइकिल उठाते हुए एक युवक। पीटीआई

पोर्ट ब्लेयर का नाम अब श्री विजयापुरम होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का फैसला किया है। पोर्ट ब्लेयर केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है।

शाह ने यह भी कहा कि यह निर्णय देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने के लिए लिया गया है, क्योंकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह का देश के स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और (शेष पृष्ठ 9)

हिमाचल में मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की हिन्दू संगठनों की मांग

पायनियर समाचार सेवा। मंडी/शिमला

हिमाचल प्रदेश में शिमला के संजौली मस्जिद का विवाद अभी पूरी तरह खत्म भी नहीं हुआ कि अब मंडी में भी मस्जिद के अवैध निर्णाम को लेकर बवाल मच गया है। शुक्रवार को हिंदू समूहों ने शहर में एक मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को गिराने की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाला और जबरन मस्जिद की ओर बढ़ने की कोशिश की। पुलिस को स्थिति को काबू करने के लिए पानी की बौछारों फेंकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने राज्य के लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। शिमला में सर्वदलीय बैठक के बाद सुखू ने कहा, उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने और भड़काऊ बयान नहीं देने की अपील की है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। वह सभी का

सम्मान करते हैं। हिमाचल की धरती सभी धर्मों का सम्मान करती है।मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को शहर के जेल रोड पर स्थित मस्जिद के एक अनधिकृत हिस्से को यह कहते हुए खुद की गिरा दिया था कि यह एक दीवार सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई है। मंडी में विरोध प्रदर्शन शिमला में हिंदू समुदाय की अपील पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों द्वारा संजौली क्षेत्र में एक मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने के आह्वान पर सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प के दो दिन बाद हुआ।संजौली मस्जिद में विवादित ढांचे के खिलाफ हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन ने पिछले सप्ताह से शिमला (शेष पृष्ठ 9)

मूसलाधार बारिश से दिल्ली और एनसीआर में जलभराव और जाम

सौम्या शुक्ला। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को झमाझम बारिश से नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के आसपास के इलाकों में जलभराव के कारण दिल्ली में यातायात की समस्या बनी रही। निचले क्षेत्रों में जलभराव, बसों के खराब होने, सड़कों पर गड्ढे, अनियंत्रित यातायात और पेड़ गिरने की समस्या भी देखने को मिली। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की सड़कों पर वाहन रेंगते रहे।

दिल्ली एनसीआर में बृहस्पतिवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव हो गया है। शहर में नागरिक बुनियादी ढांचे पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं और यातायात बाधित हो रहा है। लोगों ने महरौली-बदरपुर रोड, मथुरा रोड, संगम विहार, अरविंदो मार्ग, मधु विहार रोड, दिल्ली गेट, सैनिक फार्म, इंडिया गेट, जनपथ रोड, कालिंदी कुंज, गाजीपुर, लक्ष्मी नगर, एमजी रोड, कनॉट प्लेस, सफदरजंग, उत्तम नगर और धौला कुआं सहित शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव के कारण अपने कार्यस्थलों पर नहीं पहुंच पाने की शिकायत की। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने स्थानीय लोगों से सैनिक (शेष पृष्ठ 9)

रजोकरी (दिल्ली) से सरहौल बॉर्डर के बीच निर्माण कार्य के चलते अंडरपास के सर्विस लेन बंद होने से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम में फंसे बड़ी संख्या म वाहन। पीटीआई

लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार के खाली पदों को तत्काल भरें

● नायब तहसीलदार को अब मिलेगी चार पहिया वाहन की सुविधा

राजस्व परिषद में निदेशक प्रशिक्षण, बंदोबस्त आयुक्त नगरीय व ग्रामीण के पद होंगे सृजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आई.टी. में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है। ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी।

दो अक्टूबर को प्रदेश सरकार देगी 'स्वच्छता ही सेवा' अवार्ड

● स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों और अन्य लोगों का होगा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए योगी सरकार पूरे प्रदेश में 17 से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान %स्वच्छता ही सेवा% का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप नगर विकास विभाग ने इस पूरे अभियान को चलाने के लिए कार्ययोजना बना ली है। इसके अंतर्गत योगी सरकार 2 अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों समेत अन्य लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा अवार्ड' से सम्मानित करेगी। यह अवार्ड कुल 9 श्रेणियों में दिया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी के साथ ही सहयोगियों और विशिष्ट पहलों को भी सम्मानित किया जाएगा। अवॉर्ड पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 15 दिवसीय यह अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित आईईसी गतिविधियों के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।

राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में विभिन्न आयोजन संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन यानी 2 अक्टूबर को इन सभी कार्यक्रमों का समापन करते हुए उल्लेखनीय कार्य करने वालों को राज्य और जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवॉर्ड का उद्देश्य ट्रांसफॉर्म्ड सीटीयू (स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों) साइट्स का जश्न मनाना, सफाई मित्र और अन्य राज्य स्तरीय विजेताओं को सम्मान देना, स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत बेस्ट परफॉर्मर्स को सम्मानित करना और कम्युनिटी टॉयलेट्स (सीटी), पब्लिक टॉयलेट्स (पीटी), सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट्स, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एफएसटीपी) और अन्य पहलों का इनॉग्रेशन और फाउंडेशन शामिल है।

स्वच्छता ही सेवा 2024 अवार्ड्स के तहत कुल 9 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इन श्रेणियों में स्वच्छता की भागीदारी, स्वच्छता लक्षित इकाई - सीटीयू ट्रॉसफॉर्मेशन, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट्स, एसबीएम कल्चर फेस्टिवल्स, एसबीएम वेस्ट टू आर्ट इंस्टॉलेशंस, पब्लिक एडवोकेसी, पार्टनर्स और स्पेशल इनीशिएटिव्स को शामिल किया गया है। इन सभी श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान करने के लिए राज्य और जनपद स्तर पर गठित ज्यूरी द्वारा अवार्डीज का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ घर के लिए सर्वेक्षण में भूमिका निभाएगी।

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 13.47 करोड से अधिक की धनराशि स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1347.58 लाख रुपए (तेरह करोड़ सैतालिस लाख अठावन हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।

इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी /उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि के उपयोग में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यह धनराशि अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए एससीपी/ टीएसपी के मानक के अनुरूप व्यय की जाएगी। धनराशि का उपयोग मात्र अनुसूचित जाति के सदस्यों से गठित/ पुनर्गठित समितियां पर ही किया जाएगा। भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए स्पेशल कंपोनेंट प्लान तथा अनुसूचित जाति के उपयोगिता के लिए निर्धारित मानकों/ दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बहुजन समाज का हित व आत्म सम्मान सर्वोपरिः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की ओर से अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एक बुकलेट बांटी जा रही है, जिसमें मायावती ने बड़ा खुलासा किया है।बीएसपी सुप्रीमो ने अपने कार्यकर्ताओं को बताया है कि 2019 में सपा-बसपा गठबंधन क्यों टूटा था। उन्होंने बताया है कि 2019 में लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने फोन उठाना बंद कर दिया था, जिसकी वजह से गठबंधन तोड़ना पड़ा।

शुक्रवार को सोशलमीडिया अकाउंट पर गठबंधन के टूटने के बारे में खुलासा करते हुए बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि लोकसभा चुनाव-2019 में यूपी में बीएसपी के 10 व एसपी के 5 सीटों पर जीत के बाद गठबंधन टूटने के बारे में मैंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा कि सपा प्रमुख ने मेरे फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था। जिसको लेकर उनके द्वारा अब इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित व विश्वसनीय? सोचने वाली बात। उन्होंने कहा कि बीएसपी सैद्धान्तिक कारणों से गठबंधन नहीं करती है और अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है तो फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ सन 1993 व 2019 में हुए गठबंधन को निभाने का भरपूर प्रयास किया गया, किन्तु बहुजन समाज का हित व आत्म-सम्मान सर्वोपरि। मायावती ने कहा कि बीएसपी जातिवादी संकीर्ण राजनीति के विरुद्ध है। अतः चुनावी स्वार्थ के लिए आपाधापी में गठबंधन करने से अलग हटकर बहुजन समाज में आपसी भाईचारा बनाकर राजनीतिक शक्ति बनाने का मूवमेन्ट है ताकि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का मिशन सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर हो सके।

अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर आप कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, मनाया जश्न

● कोर्ट के फैसले से साफ है देश तानशाही से नहीं बल्कि संविधान से चलेगाः महेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आम आदमी पार्टी के मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जश्न मनाया गया कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कर जश्न मनाया. कार्यकर्ताओं के बीच हर्षोल्लास का वातावरण था। सभी कार्यकर्ता सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से बेहद खुश और उत्साहित दिखे।

जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि हम पहले दिन से ही कह रहे हैं कि यह पूरा मामला झूठ की बुनियाद पर खड़ा है और इसे बनाने के पीछे केंद्र की मोदी सरकार है इस तानाशाही हुकूमत ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए झूठ की बुनियाद खड़ी की। आज केजरीवाल की रिहाई ने मोदी और जांच एजेंसियों के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। कोर्ट ने आज कहा है कि ईडी-सीबीआई मोदी सरकार के तोते हैं आज अरविंद केजरीवाल जी ने अपनी ईमानदारी और सत्य की ताकत की बदौलत तानाशाह को झुका दिया है। प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जमानत दी है। यह हम सभी के लिए बेहद खुशी का पल है। सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला बीजेपी के मुंह पर कड़ा तमाचा है। कोर्ट ने साफ़ कहा है कि केंद्र ने जांच एजेंसियों को तोता बनाकर रखा हुआ है। कोर्ट के इस फ़ैसले ने संदेश दिया है कि इस देश में किसी तानाशाह की नहीं बल्कि संविधान की चलेगी और अगर कोई तानाशाही चलाएगा तो देश का संविधान आम आदमी की रक्षा करेगा।

फ्रंटल संगठनों के रूप में जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही भाजपाः प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के निर्णय को स्वागत योग्य कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पहले इण्डिया गठबंधन के झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमानत प्रदान की। वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने सभी तथ्यों के मददेनजर यह माना है कि अरविन्द केजरीवाल की याचिका जमानत योग्य है।

शुक्रवार को प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा जांच एजेन्सियों का दुरूपयोग फ्रन्टल संगठन के रूप में कर रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार देश में विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए इन एजेन्सियों के सहारे आतंक तथा भय माहौल बना रही है। उन्होने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा केजरीवाल की जमानत को मंजूर किये जाने का फैसला भाजपा सरकार की तानाशाही पर करारा तमाचा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इससे मोदी सरकार यह सबक ले कि लोकतंत्र में विरोधी नेताओं को प्रताड़ित करना उचित नही है। वहीं उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुल्डोजर चलाने के मामले मे भी सुप्रीम कोर्ट की तल्खी को सर्वथा उचित करार दिया। उन्होनें कहा कि शीर्ष अदालत ने कानून के विपरीत सम्पत्ति ध्वस्तीकरण को कानून के राज के विपरीत करार देकर भाजपा की तुगलकी नीति को कड़वी नसीहत दी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ताजा रिर्पोट है कि दुनिया के बाजार में इस समय कच्चे तेल की कीमतों मे भारी गिरावट आ रही है।

उन्होने कहा कि इसके बावजूद मोदी सरकार देश में पेट्रोल व डीजल के मूल्य सिर्फ चंद पूंजीपतियों के हित में सस्ते नही कर रही है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मौजूदा समय में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर भी सरकार की अक्षमता पर सवाल दागा।

श्रृंगवेरपुर में चार करोड़ की लागत से होगा पार्किंग व अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम से जुड़े सभी स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। ताकि, देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। इसी कड़ी में रामायण सर्किट के महत्वपूर्ण स्थल श्रृंगवेरपुर में चार करोड़ रुपए से पार्किंग निर्माण होगा। यहां पहले से भव्य निषादराज पार्क का निर्माण हो रहा है। इसी के समीप पार्किंग का निर्माण होना है। इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग इस पावन स्थल को प्राथमिकता के आधार पर विकास कर रहा है। पार्किंग में 8 बसें, 36 कार पार्किंग में खड़ी करने की व्यवस्था रहेगी। पेयजल की सुविधा के साथ शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम मां गंगा के तट पर प्रयागराज जनपद मुख्यालय से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित परम पावन भूमि है।

सरकार के संरक्षण में भाजपाई लोकतंत्र खत्म करने पर आमादाः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, अराजकता का माहौल है। सरकार के संरक्षण में भाजपाई लोकतंत्र खत्म करने पर अमादा है। भाजपा चुनावी प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ करती हैं। भाजपाई लोकतंत्र का अपहरण कर छल-बल और गुण्डई से हर पद पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है। निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दे रहे है।

अखिलेश ने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आयी है तबसे विधानसभा, लोकसभा चुनाव से लेकर जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुखों और विधान परिषद तक हर चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग दिखाई दे रहा है। शासन-प्रशासन के बल पर भाजपा नेता गुण्डई पर उतारू है। ताजा मामला लखीमपुर खीरी में साधन सहकारी समिति के चुनाव का है। भाजपा विधायक मंजू त्यागी ने एसडीएम और पुलिस के सामने से प्रत्याशियों के आवेदनों के पर्चे लूट लिये। पर्चों के साथ ही भाजपा विधायक नामांकन कक्ष से कई सरकारी कागज भी छीन ले गयी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की मूकदर्शक बनी रही। भाजपा के लोग लोकतंत्र को लूट रहे है। जनता को धोखा दे रहे हैं। भाजपा कोई चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी ढंग से नहीं होने दे रही है।

इससे पहले ब्लाक प्रमुख और एमएलसी चुनाव में भी विपक्षी प्रत्याशियों से पर्चा लूटने की घटनाएं सामने आ चुकी है। भाजपा लोकतंत्र के लिए कलंक बन गयी है। इस सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। अन्याय, अत्याचार का बोलबाला है। पीड़ित और निर्दोष की कहीं सुनवाई नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अयोध्या में जमींनों की लूट और भ्रष्टाचार सबके सामने है। भाजपा के बड़े-बड़े लोग और उनके सहयोगी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं। भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार अब लोगों के लिए जान लेवा साबित हो रहा है।

भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में भी लूट मचा रखी है। वाराणसी में 10 करोड़ रुपए की लागत से बने लाल बहादुर शास्त्री घाट के विश्राम कुटी की छत गिरने के मलबे में दबकर एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। क्या यही भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है? मुख्यमंत्री बताएं कि अब किस पर उनका बुलडोजर चलेगा? भाजपा सरकार में बजट और सरकारी धन की लूट मची हुई है। आम जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा का सफाया करके सारे हिसाब करेगी।

सपा प्रमुख से मिले एनकाउंटर में मारे गए मंगेश यादव के परिजन

● सपा अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सुल्तानपुर ज्वैलर्स डकैती कांड के मामले में शामिल रहे और एसटीएफ के हाथों मुठभेड़ में मारे गए मंगेश यादव के परिजनों ने शुक्रवार को लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट की। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार की व्यथा सुनने के बाद न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि जौनपुर के गांव अगरौरा, थाना बक्सा से आए मंगेश यादव के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी और बहन प्रिंसी यादव के ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सुल्तानपुर के सर्राफ की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को लूट हुई थी। 2 सितम्बर 2024 की रात्रि 2 बजे पुलिस मंगेश को घर से उठाकर ले गई। 3-4 सितम्बर 2024 को दिन में पुलिस घर आई और कहा कि पूछताछ हो रही है। तुम्हारा लड़का छोड़ दिया जाएगा। 5 सितम्बर 2024 को उसकी पुलिस अभिरक्षा में फर्जी एनकाउण्टर में हत्या कर दी गई। पुलिस वालों ने कहा जाओ सुल्तानपुर के पोस्टमार्टम हाउस में लाश ले आओ।

प्रवक्ता के अनुसार पीड़ित परिवारीजनों ने बताया कि पुलिस ने जबरदस्ती दबाव डालकर वीडियो बनाया है, जिसमें झूठ के सिवा कुछ नहीं है। जो वीडियो पुलिस प्रसारित कर रही है उसमें दबाव में उनसे मनमाफिक बयान दिलवाया गया है। पूरा गांव सच्चाई बता रहा है। मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउण्टर कर वाहवाही लूट रही है। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारीजनों को भरोसा दिया कि उनके बेटे की पुलिस द्वारा हत्या किए जाने की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस का नया तरीका है, किसी को भी उठाओ, झूठी कहानी बनाओ और परिवार पर दबाव डालकर सच का ही एनकाउण्टर कर दो।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं यशवर्धन सिंह ,पुत्र संजीव कुमार सिंह, मेरी एलआईसी ऑफ इंडिया की एक पालिसी (संख्या-214766827)है, जिसमे मेरा नाम शुभ सिंह अंकित है। जबकि मेरा नाम बदल कर यशवर्धन सिंह हो गया है । अतः एलआईसी से अनुरोध है कि मेरी पालिसी में सही नाम यशवर्धन सिंह अंकित करने की कृपा करें, जो की मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र नौशाद अंसारी व पुत्र वधू श्रीमती शबाना को उनके गलत चाल-चलन की वजह से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होंगे। इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं रहेगा। हम मुनव्वर अंसारी पुत्र स्वर्गीय असगर अंसारी व पत्नी फहीमा खातून निवासी 610/प्लाट 008 खसरा नंबर 238 दाउदनगर लोहरा मऊ फैजुल्लागंज-2 लखनऊ

गोरक्षपीठ में आज से प्रारंभ होगा गुरुजनों के प्रति श्रद्धा समर्पण का साप्ताहिक पर्व

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज, कल से समसामयिक विषयों पर सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन के साथ लोक कल्याण के लिए समर्पित नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ में गुरुजन के प्रति श्रद्धा समर्पण का साप्ताहिक समारोह शनिवार (14 सितंबर) से प्रारंभ होगा। युगपुरुष की उपाधि से विभूषित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्रसंत के रूप में ख्याति प्रतिष्ठित ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के पुण्य स्मरण का यह आयोजन गोरक्षपीठाधीश्वर की देखरेख में प्रतिवर्ष होता है। इस आयोजन में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मलीन महंतद्वय के विचारों के अनुरूप धर्म और राष्ट्र से जुड़े कार्यक्रम समानांतर चलेंगे। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से धर्म के प्रकल्प को मजबूती मिलेगी तो सामयिक रूप से राष्ट्र को प्रभावित करने वाले विषयों पर सम्मलेन में विद्वतजन मंथन करेंगे। गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी 55वीं और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में होने वाले इस आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

14 से 21 सितंबर तक चलने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के संबंध में जानकारी देते हुए गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि 14 सितंबर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ होगा जबकि समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर सम्मेलन 15 सितंबर से। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान काशी से पधारे, कथाव्यास जगद्गुरु अनंतानंद काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ. राम कमलदास वेदांती जी (श्रीराम मंदिर, गुरुधाम, वाराणसी) कराएंगे। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 14 सितंबर, शनिवार को अपराह्न 2.30 बजे से अखंड ज्योति व श्रीमद्भागवत महापुराण पोथी के शोभायात्रा के साथ होगा। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ और प्रतिष्ठित धर्माचार्य, साधु-संत तथा यजमानगण के साथ अखंड ज्योति तथा श्रीमद्भागवत महापुराण की भव्य शोभायात्रा गोरखनाथ मंदिर गर्भगृह से कथा स्थल (दिग्विजयनाथ स्मृति भवन) तक जायेगी। इस कथा श्रवण का पुण्य लाभ 20 सितंबर तक अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। योगी कमलनाथ ने बताया कि ब्रह्मलीन महंत द्वय की पावन स्मृति में उनके विचारों के अनुरूप समसायिक विषयों पर सम्मेलन का शुभारंभ 15 सितंबर को पूर्वाह्न 10.30 बजे से महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में होगा। इसके उद्घाटन दिवस पर रविवार (15 सितंबर) को 'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि हरिवंश नारायण सिंह उपसभापति, राज्यसभा उपस्थित रहेंगे। स्थानीय वक्ता प्रो. सदानन्द गुप्त पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ होंगे। 16 सितंबर को 'विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ता भारत' विषयक सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. अमरेश दूबे, सेवानिवृत्त आचार्य, अर्थशास्त्र, जेएनयू, नई दिल्ली व स्थानीय वक्ता प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, आचार्य रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय होंगे। 17 सितंबर को 'सामाजिक समरसता: महायोगी गोरखनाथ और नाथपंथ के विशेष सन्दर्भ' विषयक सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष, उच्च शिक्षा आयोग, प्रयागराज स्थानीय वक्ता डॉ. पद्मजा सिंह प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृत विभाग, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय होंगी। 18 सितंबर को 'संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति' विषयक सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. विनय कुमार पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष, ज्योतिष विभाग एवं मानित निदेशक श्रीविश्वनाथ मन्दिर, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी और स्थानीय वक्ता के रूप में डॉ. लक्ष्मी मिश्रा सह आचार्य एवं समन्वयक, संस्कृत विभाग, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय की सहभागिता होगी। 19 सितंबर को 'भारतीय संस्कृति एवं गो-सेवा' विषयक सम्मेलन में श्रीधराचार्य जी, महंतराघवाचार्य जी, डॉ. राम विलास वेदांती अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसके अलावा प्रतिदिन 10.40 बजे से होने वाले इस सम्मेलन में कई संत-महात्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। पुण्य तिथि समारोह के आखिरी दो दिन श्रद्धांजलि सभा के नाम होंगे।

चार पीपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार ने चार पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें दो अपर पुलिस अधीक्षक और दो पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, गाजीपुर बलवंत कुमार चौधरी को इसी पद पर अयोध्या भेजा गया है। अयोध्या में इस पद पर तैनात अतुल कुमार सोनकर को गाजीपुर का अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाया गया है। वहीं कानपुर देहात में तैनात पुलिस उपाधीक्षक शिव ठाकुर को बुलंदशहर और डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध जिलाजीत को सीबीसीआईडी मुख्यालय, लखनऊ में पुलिस उपाधीक्षक पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

FORM NO. INC-26
[Pursuant to Rule 30 of Companies (Incorporation) Rules, 2014]
GTVISION PROJECTS PRIVATE LIMITED
Registered Office:50/11,Jai Narayan Road, Hotel Neelkanth, Lalbagh Lucknow- 226001
Email: atmps2781b@gmail.com CIN: U45309UP2017PTC091306
Before the Central Government Ministry of Corporate Affairs, Regional Director, Northern Region, B2 WING, 2nd Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, 2nd Floor, CGO Complex, New Delhi- 110003, In the matter of the Companies Act,2013 Rule 30(6) (a) of the Companies (Incorporation) Rules, 2014
In the matter of M/S GTvision Projects Private Limited having its Registered Office at 50/11, Jai Narayan Road, Hotel Neelkanth, Lalbagh Lucknow- 226001
Notice is hereby given to General Public that the company proposes to make the application to the Central Government under section 13 of the Companies Act 2013, seeking confirmation of alteration of Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at Extra ordinary General Meeting held on, 24th DAY OF August, 2024 to enable the company to change its Registered Office from "State of Uttar Pradesh" to "The National Capital Territory (NCT) of Delhi". Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the Company may deliver or cause to deliver or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and ground of opposition to the Regional Director at the Address Northern Region, B2 WING, 2nd Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, 2nd Floor, CGO Complex, New Delhi- 110003, within 14 Days of date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office at the address mentioned below:
ADDRESS OF REGISTERED OFFICE: GTvision Projects Private Limited,Registered Office; 50/11,Jai Narayan Road, Hotel Neelkanth, Lalbagh Lucknow- 226001
Email: atmps2781b@gmail.com CIN: U45309UP2017PTC091306
For and on behalf of applicant GTVISION PROJECTS PRIVATE LIMITED SD/-
Rajendra Prasad Singh
DIN: 06653709 Date : Lucknow Place: 04.09.2024 **(Director)**

केजीएमयू को जल्द मिलेगी फेफड़ा प्रत्यारोपण की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फेफड़े की गंभीर बीमारी से पीड़ितों को प्रदेश में बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही फेफड़ा प्रत्यारोपण होगा। यह सुविधा केजीएमयू में शुरू की जाएगी। पाठक शुक्रवार को केजीएमयू पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की तरफ से सैप्सिस जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अभी प्रदेश में फेफड़ा प्रत्यारोपण नहीं हो रहा है। मरीजों की सहूलियतों के लिए केजीएमयू में फेफड़ा प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए भारत सरकार से संपर्क स्थापित किया गया है। जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करना सेप्सिस के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है। क्योंकि समय पर किया गया हर प्रयास जीवन बचा सकता है। सेप्सिस एक ऐसी स्थिति है, जो वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए एक गंभीर चुनौती है। पाठक ने सेप्सिस प्रबंधन और परिणामों में सुधार के लिए चिकित्सको के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण देखभाल प्रथाओं को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका की भी प्रशंसा की। कुलपति प्रोफेसर डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सेप्सिस से निपटने में किये जा रहे प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए अपना व्यक्तव्य दिया। उन्होंने क्षेत्र में नेतृत्व और सेप्सिस देखभाल मानकों में सुधार के प्रति समर्पण के लिए विभाग की सराहना की। प्रोफेसर डॉ. नित्यानंद ने सेप्सिस प्रबंधन में ज्ञान साझा करने और सर्वोत्तम प्रयासो के महत्व पर जोर दिया। उन्होने सम्मेलन को सहयोग को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने सेप्सिस की वैश्विक चुनौती से निपटने में सभी चिकित्सकीय पेषेवरो के योगदान और समर्थन के लिए सभी प्रतिभागियों और मेहमानों के प्रति आभार व्यक्त किया। विभाग प्रमुख डॉ. वेद प्रकाश ने कहा कि सैप्सिस से बचाव के लिए बेवजह एंटीबायोटिक दवा खाने से बचें। केवल डॉक्टर की सलाह पर ही एंटीबायोटिक लें। गलत या अधिक एंटीबायोटिक लेने से खून में संक्रमण हो जाता है। जो सैप्सिस का कारण बन जाता है। सैप्सिस को सेप्टीसीमिया भी कहते हैं। इससे शरीर के अन्य अंग प्रभावित है। समय पर पहचान न होने से मरीज की मौत तक हो सकती है। खून की जांच कर सैप्सिस का पता लगाया जा सकता है। इस मौके पर पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश, गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा, नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विश्वजीत सिंह, पीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

खुद को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बताकर ठगी करने वाले जालसाज का साथी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

खुद को यूपी के मुख्यमंत्री का निजी सचिव बताकर ठगी करने वाले जालसाज के एक साथी और गिरोह के सदस्य को एसटीएफ ने लखनऊ कमिश्नरेट के कमता तिराहा, अवध बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया फारूख अमन आजमगढ़ के थाना निजामाबाद अन्तर्गत ग्राम सहरियां कर निवासी है। उसने बताया कि वह विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रुपए लेकर पास कराने का झांसा देकर भी ठगी करता है।

छानबीन के दौरान एसटीएफ को ज्ञात हुआ कि मुख्यमंत्री के निजी सचिव का प्रतिरूपण करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रुपए लेकर पास कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना का मुख्य सहयोगी फारूख अमन लखनऊ में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ ने फारूख अमन को गिरफ्तार किया।

पूछताछ मे अभियुक्त फारूख ने बताया कि उसने कर्नाटक से बी-फार्मा किया है। उसकी वर्ष 2021 से स्ट्रीमकार-लाइव स्ट्रीम एंड चैट कंपनी में दो एजेंसी है, जिसमें लगभग 125 होस्ट है। फरवरी 2024 में उसकी एक होस्ट ने बताया कि 'ठाकुर' नाम से एक सेंडर है, यह लडकियों को क्वाइन गिफ्ट करता है और रिचार्ज भी कराता है। अगर हम लोग इसको सेट कर लेंगे तो यह हम लोगों से क्वाइन का रिचार्ज खरीदेगा व क्वाइन गिफ्ट करेगा। इस लालच में आकर यह उससे बात किया। तो उसने (ठाकुर) बताया कि वह मुख्यमंत्री का निजी सचिव है और लखनऊ में ही रहता है। तो फारूख ने बताया कि मेरी एजेंसियां है। मेरे पास कम्पनी के रिचार्ज का पोर्टल भी है। इसके बाद फारूख की स्ट्रीमकार/ व्हाट्सएप पर 'ठाकुर' से बात होने लगी। एक दिन उसने फारूख से कहा कि तुम्हारा कोई भी काम हो तो मुझे बताना मै करवा दूँगा। किसी भी अधिकारी को फोन कर देता हूं तो लोग डर जाते हैं। इसके बाद फारूख ने उससे कहा कि मेरा एक पिस्टल का लाइसेंस बनवा दो। तो उसने बोला डीएम को बोलकर करवा दूंगा। इसके बाद उसने फारूख से कहा मेरी स्ट्रीमकार आईडी पर क्वाइन रिचार्ज कर दो। जिस पर फारूख ने उसकी आईडी कम्पनी को भेजकर क्वाइन रिचार्ज करा दिया। कुछ दिन सम्पर्क मे रहने के बाद फारूख को पता चला कि वह अधिकारी नहीं है। इसके कुछ दिन बाद कथित निजी सचिव को हवाला के माध्यम से कुछ रुपए किसी से लेने थे। तब फारूख ने उसके व्हाट्सएप एकाउंट को दूसरे के फोन में स्कैन करके कैसे लागिन करते हैं यह बताया था। जिसके बाद काम होने पर कथित निजी सचिव ने फारूख के कहने पर फारूख की स्ट्रीमकार आईडी पर लाखों रुपए के क्वाइन गिफ्ट किया था। जिससे फारूख लालच में आ गया और उसके साथ मिलकर ठगी का काम करने लगा। फारूख कथित निजी सचिव को अपने होस्टों की आईडी भेजकर क्वाइन सेंडिग कराता था। कथित निजी सचिव के रिचार्ज कराने से व होस्टों को सेंडिग करने से फारूख को 14 प्रतिशत, कम्पनी को 26 प्रतिशत व होस्ट को 60 प्रतिशत कमीशन मिलता था। इसके अतिरिक्त फारूख भी उससे क्वाइन अपनी स्ट्रीमाकर आईडी पर गिफ्ट लेता रहता था व उसको मोबाइल में वीपीएन यूज करना व अन्य तकनीकी जानकारी देता रहता था। जिससे वह फारूख की आईडी व उसके जानने वालों की स्ट्रीमकार आईडी पर क्वाइन गिफ्ट करता था। वह अलग-अलग लोगों के माध्यम से रिचार्ज का रुपया जमा कराता था जो लोगों से ठगी करके लिया जाता था।

26 जुलाई 2024 को कथित निजी सचिव ने व्हाट्सएप पर पुलिस भर्ती से सम्बन्धि स्टोरी लगाया था, जिस पर फारूख ने उसने पूछा तब उसने बताया कि अगर किसी को भर्ती कराना हो तो मैं सात लाख में करा दूगा उसमे से हम लोगों का आधा-आधा हो जायेगा। आज उसी के कहने पर ही फारूख लखनऊ आया था। एसटीएफ के अनुसार लाइव स्ट्रीम एमं चैट कंपनी के बारे में पूछने पर फारूख ने बताया कि यह एक लाइव स्ट्रीमिंग, चैटिंग एण्ड गैम्बलिंग एप है। इस एप पर ऑनलाइन गैम्बलिंगतीन पत्ती, टेजर हंट, अलीबाबा, डर्बी, फ्रूटलुक हैं। कम्पनी द्वारा जो जुआ कराया जाता है उसमें लोग जो रिचार्ज लेते है उसका 7 प्रतिशत कमीशन फारूख को मिलता है। स्ट्रीमकार कम्पनी का वार्षिक टार्नओवर भारत में लगभग 200 करोड़ रुपए है। अभियुक्त से बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों का फारेंसिक परीक्षण कराया जाएगा।

कक्षा 9 और 11 के संस्थागत छात्र करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कक्षा-10 और 12 के संस्थागत और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि संशोधित

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए कक्षा-9 और कक्षा-11 के संस्थागत अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क और ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा करने और ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। संस्था के प्रधान को कक्षा-9 और 11 में अध्ययनरत छात्रों के पंजीकरण शुल्क 50 रुपये प्रति छात्र की दर से एकमुश्त कोषागार में जमा करना होगा और शैक्षिक विवरण परिषद की वेबसाइट नचउेचण्मकनण्पद पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

उन्होंने बताया कि चेकलिस्ट प्राप्त करने और विवरण की जांच करने की अवधि 21 से 23 सितम्बर 2024 है। इस अवधि के दौरान वेबसाइट पर किसी प्रकार का अपडेशन नहीं किया जा सकेगा। संशोधन की अवधि 24 से 27 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस अवधि में यदि विवरण में कोई त्रुटि है तो उसे संशोधित किया जा सकता है, लेकिन नए छात्रों का विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा। फोटोयुक्त नामावली और कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2024 है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे नवीन तिथियों के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें और सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक कार्यवाही समय पर की जाए। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2025 के कक्षा-10 और 12 के संस्थागत और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 है। 31 अगस्त 2024 के बाद प्रति छात्र 100 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क कोषागार में जमा करना होगा। परीक्षा शुल्क की सूचना और शैक्षिक विवरण ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस तिथि तक सभी विवरण वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए।

उन्होंने बताया कि विवरण की चेकलिस्ट और विवरणों की जांच की अवधि 26 से 30 सितम्बर 2024 है। इस दौरान वेबसाइट पर किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबंधित रहेगा। संशोधन की अवधि 01 से 05 अक्टूबर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस अवधि में केवल विवरणों में संशोधन स्वीकार किए जाएंगे, नए छात्रों का विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा।

पति, सास, ससुर व चचेरे देवर को 10 वर्ष की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व उसका जबरन गर्भपात कराने के मामले में सत्र अदालत ने आरोपी पति नीरज गोस्वामी, ससुर विनोद कुमार गोस्वामी, सास प्रमिला गोस्वामी व चचेरे देवर अमित उर्फ बंटी गोस्वामी को दोषी करार दिया है। एडीजे आशुतोष कुमार सिंह ने इन सभी आरोपियों को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 48-48 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया है। उन्होंने इस मामले में चचेरी सास शकुंतला गोस्वामी को भी पांच वर्ष का कारावास व 38 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। 12 जुलाई 2010 को इस मामले की रिपोर्ट प्रीति गोस्वामी ने महिला थाने में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील पंकज कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक 20 फरवरी 2009 को प्रीति की शादी नीरज गोस्वामी के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने 14 लाख रुपए खर्च किए थे। बावजूद इसके पति नीरज, सास प्रमिला, ससुर विनोद, चचेरी सास शकुंतला व चचेरा देवर अमित उसे कम दहेज के लिए ताना देने लगे और उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। इस बीच वह गर्भवती हो गई। लेकिन पति, सास व ससुर ने उसका जबरन गर्भपात करा दिया। फिर एक दिन कमरे में बंद करके उसके ऊपर मिट्टी का तेल डाल दिया। आग लगाने ही जा रहे थे कि तभी उसकी बहन संगीता गिरी आ गई। उसके शोर मचाने पर बाहरी लोग इकट्ठा हो गए। इस घटना के बाद उसके पिता द्वारा पति व ससुराल वालों को समझाया गया। इसके कुछ दिन बाद पुन: उसके साथ मारपीट होने लगी। मारपीट में शरीर पर आए उसके घाव पर नमक डाल दिया जाता था। पति व ससुराल वाले उससे 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। जिसे नहीं देने पर घर से निकाल देने की धमकी देते थे। उसके समस्त जेवर भी छीन लिए गए। अप्रैल 2010 में पुन: गर्भवती होने पर उसे बुरी तरह से मारा पीटा गया। जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा।

लखनऊ सहित चार जिलों में होगा दीक्षान्त समारोह का लाइव प्रसारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 16 सितंबर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम का प्रसारण मुख्य परिसर के साथ ही विवि के अंतर्गत आने वाले चार जनपदों सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व लखीमपुर खीरी के महाविद्यालयों सहित डिग्री कालेजों में होगा। कार्यक्रम के प्रसारण को लेकर विवि की तरफ से कालेजों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि वे अपने यहां कार्यक्रम का प्रसारण सुनिश्चित करें। शुक्रवार को विवि के मंथन कक्ष में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में 16 सितंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारी के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलपति ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दीक्षांत समारोह स्थल पर पंडाल में लाइट की उचित व्यवस्था हो। मंच की साज- सज्जा और उसके पीछे लगने वाला बैनर सुन्दर हो। मंच के नीचे फूलों से लखनऊ विश्वविद्यालय के लोगो को बनाया जाए। वहीं मेडल पाने वाले सभी छात्रों से संपर्क स्थापित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। विभिन्न महाविद्यालयों के ध्वज मंगाकर कार्यक्रम स्थल के चारों तरफ लगाया जाए। दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण किया जाय और सभी को उसका लिंक शेयर कर दिया जाए जिससे लोग सीधा प्रसारण देख सकें। सांस्कृतिकी से संबंधित स्वयंसेवक अपनी अपनी भूमिका में उपस्थित रहें। 14 सितंबर को होने वाले शोभायात्रा के पूर्वाभ्यास में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने की सूचना सभी शिक्षकों को प्रेषित की जाय। इन सबके अतिरिक्त साफ-सफाई आदि के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

योग फैकल्टी में योग तरंग कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत योग सभागार में योग तरंग नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैकल्टी के कोआर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि आयोजन के पहले दिन शिव स्तुति के साथ फैकल्टी की छात्राएं सपना कुशवाहा एवं व्याख्या सिंह के द्वारा मनमोहक योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस नृत्य की भावभंगिमाओ से सभागार में भक्तिमय उल्लास का माहौल हो गया था। छात्र रोहित यदुवंशी ने शारीरिक दक्षता के विभिन्न प्रकारों का प्रदर्शन किया। अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि आज की भाग दौड़ की जिंदगी में संगीत के साथ योग भी आवश्यक है फैकल्टी के शिक्षक डॉ रामनरेश ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर फैकल्टी के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं तथा जन सामान्य उपस्थित थे।

गोमती स्नान कर लौट आए गणपति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शुभ संस्कार समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह के सातवें दिन शुक्रवार को सुबह बड़ा शिवाला में हवन संपन्न हुआ। उसके उपरांत धूमधाम से मेटल मूर्ति के गणपति जी रथ पर सवार होकर कुड़िया घाट गोमती के लिए प्रस्थान किए। कुड़िया घाट पर गोमती के जल से गणपति जी को स्नान कराया गया, दीपावली पूजन के लिए गणपति जी वापस मंदिर में विराजमान हो गए। गणपति जी की नगर यात्रा में प्रमुख रूप से आचार्य गिरजा शंकर दीक्षित ,लक्ष्मीकांत पांडे, आशीष अग्रवाल ,रिद्धि किशोर गौड़ , नवीन धवन, संदीप तिवारी, श्यामू यादव, राजेश आनंद रामबाबू श्यामू मिश्रा, करण गौड़ शाहिद बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

डीजीपी ने किया अलर्ट, बारावफात व विश्वकर्मा जयंती पर की जाए सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बारावफात एवं विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में फील्ड में तैनात आला पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि जुलूसों में सुरक्षा के लिए योजनाबद्ध रूप से पुलिस प्रबन्ध किया जाए। जुलूस में बाक्स फार्मेट में चारो तरफ आगे पीछे व दोनो तरफ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। जुलूस के आगे-पीछे राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी अवश्य लगायी जाए। थानाध्यक्षों व क्षेत्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर विवाद को हल करने हेतु कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किया जाए।

डीजीपी ने कहा है कि विगत वर्षों में जिन-जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हुआ हो, वहां पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को सुलझाने एवं संवेदनशीलता को दूर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं.-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाए तथा जुलूस आदि के नये रास्ते, नई परम्परा की अनुमति कदापि न दें। असामाजिक व अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक करते हुए आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जुलूस व अन्य आयोजन/कार्यक्रमों को सूचीबद्ध कर कार्यक्रम के आयोजकों/प्रबन्धकों के साथ गोष्ठी कर ली जाए तथा पीस कमेटी की मीटिंग कराते हुए सभी सामाजिक एवं धर्मगुरुओं आदि से संवाद कर व्यवस्था बनाए रखने हेतु सहयोग लिया जाए। समस्त जनपदों में प्रात:काल गश्त व चेकिंग के लिए पोस्टर पार्टी नियमित रूप से रवाना की जाये तथा प्रात:कालीन गश्त / चेकिंग पार्टी द्वारा सघन रूप से चेकिंग करायी जाए।

शोभायात्रा व जुलूस के दौरान समुचित वीडियोग्राफी करायी जाए, सीसीटीवी कैमरो को सक्रिय करा लिया जाए तथा आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरों से निगरानी रखें। जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर मोबाइल और फुट पेट्रोलिंग नियमित रूप से कराई जाए। विसर्जन शोभायात्राओं व जुलूसों में सुरक्षा के लिये योजनाबद्ध रूप से पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाए। संवेदनशील स्थानों व चौराहों का चयन कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाए तथा क्यूआरटी टीमों को तैयारी हालत में रखा जाए। सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाए।

बेसिक व माध्यमिक स्कूलों के कायाकल्प को लेकर गठित होगी टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, विद्यालयों को स्मार्ट क्लास सेटअप से युक्त करने के लिए एक टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन जल्द ही किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है। विभाग द्वारा इस प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है।

प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास व ई-लर्निंग प्रक्रिया से युक्त करने के लिए विभिन्न कॉम्पोनेंट्स की स्थापना व संचालन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसमें इंटरैक्टिव बोर्ड, इंटरैक्टिव डिस्प्ले तथा आधुनिक ऑडियो वीजुअल सेटअप प्रमुख हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (टीपीएमयू) का गठन किया जाएगा।

इसके लिए बाकायदा यूपीएलसी में पहले से इंपैनल्ड एजेंसी का निर्धारण व कार्यावंटन होगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। एजेंसी के निर्धारण के बाद टीपीएमयू का गठन किया जाएगा जो यूपीएलसी, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभागों से समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए प्रदेश के सभी बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त करने का कार्य करेगा।

डीपीआर होगी तैयार

टीपीएमयू द्वारा प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास व ई-लर्निंग प्रक्रिया से युक्त करने के लिए सबसे पहले डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जाएगी। इस कार्य को यूपीएलसी व शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाएगा। इसके बाद, स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर्स की स्थापना व विकास के लिए विभिन्न चरणों में डीपीआर के अनुसार कार्यों को कराया जाएगा। टीपीएमयू द्वारा तीन वर्षों की कार्यावधि के हिसाब से कार्य किया जाएगा। इस दौरान परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों की अद्यतन स्थिति की रेगुलर मॉनिटरिंग व प्रॉग्रेस रिपोर्ट फॉर्मुलेशन जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, डाटा एनालिटिक्स, रिसोर्स मैनेजमेंट व रिपोर्टिंग, स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट व रिस्क मैनेजमेंट व मिटिगेशन जैसी प्रक्रियाओं को भी पूरा किया जाएगा।

बिजली कनेक्शन देने में नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं: एके शर्मा

● उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद कर मौके पर समस्याओं का कराया समाधान

ऊर्जा मंत्री ने 'सम्भव' के तहत की जनसुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान कराएं। किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। विद्युत संयोजन देने में हीला-हवाली करना या नियमों की अनदेखी करना अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन निर्गत किया जाए। विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ग्राउंटिंग ठीक से कराई जाए, जहां कहीं पर भी विद्युत लोड ज्यादा हो, ऐसे फीडर और ट्रांसफार्मर को चिन्हित करके वहां लोड बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। किसानों के लिए पृथक फीडर के लोड की भी जांच कराये, जिससे कि सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बाधा न बने।

शर्मा शुक्रवार को शक्तिभवन में 'संभव' के तहत वचुअल जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से सीधे संवाद कर तथा समस्या के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद मौके पर ही विभिन्न जनपदों से आई गंभीर समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने संयोजन न देने, ओवरलोडिंग, विद्युतीकरण कराने, संयोजन के स्थाई विच्छेदन, विद्युत पोल हटाने, विद्युत दुर्घटना में मुआवजा दिलाने, अनाधिकृत संयोजन, विद्युत मीटर न लगाने जैसी आदि गंभीर समस्याओं का समाधान कराया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में लापरवाही ठीक नहीं है। समस्याओं का समय से समाधान कराया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं को विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर अवश्य दर्ज करायें, जिससे समस्याओं का समय से फीडबैक लिया जा सके।

जनसुनवाई में ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ निवासी किरनलता के पृथक परिसर में विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा उसके ससुर सूर्यबली के परिसर में बकाया 1,16,699 रुपए की वसूली सूर्यबली से करने के भी मुख्य अभियंता आजमगढ़ को सख्त निर्देश दिए। आजमगढ़ निवासी दिलीप सिंह चौहान के गांव ओझौली में 100 केवीए ट्रांसफार्मर के बार-बार जलने पर उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के लिए अधीक्षण अभियंता आजमगढ़ को निर्देश दिए। इस 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में वर्तमान में 150 केवीए का लोड है। आजमगढ़ के कुरियांवा निवासी विवेक सिंह के गांव में विद्युतीकरण न होने के 10 वर्ष पुराने मामले का समाधान हुआ। आजमगढ़ के उदैना निवासी रामप्रीत निषाद के यहां निजी नलकूप का स्थाई विच्छेदन के साथ ही संयोजन पर बकाया 1,48,366 रुपए की वसूली का भी निर्देश दिया।

स्थानीय स्तर पर ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हो सके, इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने सम्भव के तहत प्रत्येक सोमवार को प्रात: 10 बजे अधिशासी अभियंता, 12 बजे अधीक्षण अभियंता तथा सायं 4 बजे मुख्य अभियंता को जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मंगलवार को सभी डिस्काम के एमडी अपने स्तर पर जनसुनवाई करेंगे। समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए प्रत्येक महीने डिस्काम के सभी एमडी जिलों में कैम्प करेंगे तथा जिले की चार तहसीलों में अधीक्षण अभियंता कैम्प करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान चेयरमैन यूपीपीसीएल डॉ. अशीष कुमार गोयल, एमडी उत्पादन एवं पारेषण, एमडी पावर कारपोरेशन पंकज कुमार मौजूद रहे तथा डिस्काम के एमडी, सभी जोन के मुख्य अभियंता, जिलों से अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एसडीओ ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

दीपावली से पहले वेंडिंग जोन का कार्य पूरा करने के निर्देश

कार्यकारिणी की बैठक

खुले नालों का सर्वे कर कवर करने का निर्णय, अभियंताओं को नालों को कवर करने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहर में खुले नालों को ढकने का फैसला नगर निगम कार्यकारिणी में लिया गया। खुले नालों का सर्वे कर नालों को कवर करने का निर्णय लिया गया है, जिसे कवर करने की जिम्मेदारी अभियंताओं को दिया गया है। साथ ही सरकटा नाले के खुले भाग को जाल से ढ़कने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है। सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गयी है। वहीं, दिपावली से पूर्व वेंडिंग जोन का कार्य पूरा करने का निर्देश सभी जोनल अधिकारियों को दिया गया है।

शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक नगर निगम मुख्यालय स्थित साभागार में नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इस बैठक में नगर के विकास से संबंधित तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई व जनहित के लगभग समस्त प्रस्तावों पर मोहर भी लगी। कार्यकारिणी में नगर में नालों का सर्वे कर ऐसे नाले जो खुले हैं उन्हें कवर करने व रिहायशी इलाकों में मौजूद नालों को तत्काल प्रभाव से कवर करने के कार्य के लिए समस्त अभियंताओं को निर्देशित किया। साथ ही सरकटे नाले के खुले हुए भागों पर जाल लगवाये जाने के अनुरोध पर संबंधित अधिकारियों को तेजी से कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किए गए। बैठक में महापौर ने दिवाली से पूर्व नगर में वेंडिंग ज़ोन का कार्य पूरा किये जाने के निर्देश समस्त जोनल अधिकारियों को दिए। पार्षद के अनुरोध पर मुंशीपुलिया अंतर्गत सीवर की समस्या को तेज से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए गए। उक्त स्थान अंतर्गत सीवर की समस्या के निस्तारण के अनुरोध पर सबन्धित अधिकारियों को तेज निस्तारण के लिए आदेशित किया गया। जलकल महाप्रबंधक व एनएच द्वारा संयुक्त रूप से किये गए सर्वे में लगभग 21 करोड़ का व्यय आने की संभावना है, जिसके लिए नगर आयुक्त ने शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही है। वहीं, बजट की कार्यवाही शुरू होने तक सुएज के साथ पार्षद के सहयोग से मिलकर कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही कहीं भी कोई पुलिया या क्रोसिंग टूटी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

केजीएमयू के एक किमी की रेंज में अवैध पार्किंग हटाने के निर्देश

पार्षद के अनुरोध पर केजीएमयू से एक किलोमीटर की रेंज तक व्याप्त अवैध पार्किंग और अवैध अतिक्रमण हटाये जाने एवं यातायात को सुगम बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। पार्षद के अनुरोध पर पुराने लखनऊ अंतर्गत अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई.रिक्शों व उनके चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। महापौर द्वारा पूर्व में लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये गए सभी हेल्थ एटीएम की यथास्थिति परखने, उनकी देखरेख कर सुचारू रूप से सभी एटीएम के संचालन को सुनिश्चित किये जाने के लिए जिम्मेदारों को आदेशित किया गया। जिससे कि आम जन को हेल्थ एटीएम की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

श्मशान घाटों पर लकड़ी का रेट का लगेगा सायनेज

महापौर द्वारा विगत एक सप्ताह के भीतर नगर में मौजूद समस्त अंतिम संस्कार घाटों व शमशान घाटों पर व्यवस्थाओं, लकड़ी का रेट व अंतिम संस्कार किये जाने की नियमावली इत्यादि के सायनेज बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिए गए जिससे कि लोगों को सहूलियत प्रदान की जा सके।

एलडीए बोर्ड की 182वीं बैठक आयोजित

शहीद व किसान पथ, ग्रीन कॉरिडोर के दोनों ओर 500 मीटर की परिधि में बना सकेंगे ऊंची इमारतें

- लखनऊ महायोजना-2031 में चिन्हांकित टीओडी क्षेत्र का जोनल डेवेलपमेंट प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन के लिए जारी की जाएगी आरएफपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर के समानांतर मार्ग के दोनों ओर 500-500 मीटर की परिधि में बहुमंजिला इमारतें बनायी जा सकेंगी। इसके लिए इन तीनों मुख्य मार्ग के प्रभाव क्षेत्र को टीओडी (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवेलपमेंट) जोन घोषित किया गया है। इससे इन्फ्र स्ट्रक्चर डेवेलपमेंट को रफ्तार मिलेगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

एलडीए की अध्यक्ष डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुयी प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अभी तक उक्त मार्गों पर बहुमंजिला भवन के निर्माण में 2.5 का एफ एआर ही मिलता है। बोर्ड द्वारा टीओडी क्षेत्र का प्रस्ताव पारित किये जाने से अब इन तीनों मार्ग की 500-500 मीटर परिधि में विकसित क्षेत्र में 4.0 और अविकसित क्षेत्र में 5.0 एफ एआर अनुमन्य किया जाएगा। इसमें बेसिक एफ एआर से बढ़े हुये एफ एआर के लिए क्रय योग्य एफ एआर शुल्क देना होगा।

इससे प्राधिकरण को अतिरिकत आय होगी और कॉरिडोर के दोनों ओर नियोजित विकास सुनिश्चित होगा। इसके अलावा लखनऊ महायोजना-2031 में चिन्हांकित टीओडी क्षेत्र का जोनल डेवेलपमेंट प्लान व प्राधिकरण का जोनल प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आरएफपी जारी करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि छावनी क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर 18 परिवार अवैध रूप से कब्जा करके निवास कर रहे हैं। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी ने रक्षा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर यहां के अध्यासियों के पुर्न.विस्थापन के सम्बंध में पत्र भेजा है। उक्त प्रकरण में बोर्ड ने निर्णय लिया है कि बटलर पैलेस के अवैध अध्यासियों की तरह छावनी क्षेत्र के इन 18 अवैध अतिक्रमणकर्ताओं को विस्थापन नीति के अंतर्गत बसन्तकुंज व शारदा नगर विस्तार में निर्मित प्रधानमंत्री आवास आवंटित करते हुए इन्हें विस्थापित किया जाएगा। मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, प्रभारी मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह समेत बोर्ड के सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार लीज पर दिया जाएगा

कानपुर रोड योजना में स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर सभागार को आउटसोर्स के माध्यम से संचालन व अनुरक्षण के लिए निजी कंपनी को लीज पर दिया जाएगा। बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस कार्य के लिए उपाध्यक्ष की स्वीकृति से आरएफ पी आमंत्रित की जाएगी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सभागार में 2650 सिटिंग क्षमता व 350 सिटिंग क्षमता वाले 2 ऑडिटोरियम, 2 कैन्टीन व बड़ी पार्किंग है। प्राधिकरण ने मईए 2024 में लगभग दो करोड़ रूपये की लागत से सभागार में रिपेयरिंग व रेनोवेशन का कार्य कराया है। भविष्य में इसके अनुरक्षण व बिजली बिल आदि का अत्यधिक व्यय भार प्राधिकरण पर न पड़ेए इसके लिए सभागार को लीज पर देकर संचालित कराया जाएगा।

गोमती नगर में विद्युत उपकेन्द्र के लिए दिये दो भूखण्ड

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि गोमती नगर में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण के लिए लेसा द्वारा जमीन की मांग की जा रही थी। इस क्रम में बोर्ड ने विशेष खण्ड में 764 वर्गमीटर तथा विनम्र खण्ड में 1674.38 वर्गमीटर भूखण्ड विद्युत विभाग को हस्तगत करने का प्रस्ताव पारित किया है। उक्त दोनों भूखण्ड 90 वर्ष की लीज पर आवंटित किये जाएंगे।

शुल्क के रूप में जमा की जाएगी प्रतिभूति राशि

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण बोर्ड की 178वीं बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार 200 वर्गमीटर व इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन निर्माण के लिए सोलर एनर्जी संयत्रए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व वृक्षारोपण का कार्य अनिवार्य किया गया था। व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो सकेए इसके लिए प्राधिकरण द्वारा भवन का मानचित्र स्वीकृत करते समय आवेदक से निर्धारित प्रतिभूति राशि एफ डीआर के रूप में जमा करवायी जा रही है। इससे मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है। साथ ही जन सामान्य को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाओं का ब्यौरा किया तलब

- मेरठ की इंडस्ट्रियल लैंड बेंचने का कथित मामला
- नयी कमेटी गठित कर मंगाई गई है रिपोर्टः राज्य सरकार

विधि संवाददाता। लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मेरठ की 59.11 एकड़ इंडस्ट्रियल लैंड की विक्रय के कथित मामले में दाखिल सभी जनहित याचिकाओं व याचिकाकर्ताओं का ब्यौरा देने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा है कि याचिकाएं दाखिल करने वाले जो भी सोशल एक्टिविस्ट्स या सोशल वर्कर्स हैं, उनसे इस मामले की सुनवाई में जरूरत पड़ने पर सहायता ली जाएगी। पीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तारीख तय की है। जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश लोकेश कुमार खुराना की ओर से वर्ष 2022 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता के वकील मोतीलाल यादव ने बताया कि 21 सितंबर 1972 को 117 एकड़ जमीन मोदी रबर लिमिटेड को इंडस्ट्री लगाने के लिए लीज पर दी गई थी। लेकिन बाद में 59.11 एकड़ जमीन बेंच दी गई। जबकि लीज की शर्तों में ही यह स्पष्ट था कि उक्त जमीन बेंची नहीं जा सकती है। वहीं याचिका का विरोध करते हुए कम्पनी की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता द्वारा तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। वास्तव में मोदी रबर लि. के विभाजन के फलस्वरूप कुछ जमीन मोदी टायर लि. और मेसर्स कॉंटिनेंटल इंडिया लि. को बोर्ड ऑफ इंडस्ट्रियल एंड फायनेंसियल रीकंस्ट्रक्शन की अनुमति से मिली थीं। पीठ को राज्य सरकार के वकील ने बताया कि इस मामले में पूर्व में एक जांच रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई थी। हालांकि चार सितंबर 2824 जिलाधिकारी मेरठ द्वारा सरकार के आदेश पर एक अन्य कमेटी का गठन कर रिपोर्ट मंगाई जा रही है।

पत्नी की हत्या के आरोप में साढे सात वर्ष जेल काटने के बाद पति हुआ बरी

विधि संवाददाता। लखनऊ

पत्नी की हत्या के आरोप में सत्र अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए आरोपी पति को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने न सिर्फ बरी कर दिया है बल्कि उसके द्वारा साढे सात वर्ष जेल में बिताने के एवज में उसे एक लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश भी राज्य सरकार को दिया है। पीठ ने कहा है कि अभियोजन इस तथ्य को ही सिद्ध नहीं कर सका कि जिस शव की बरामदगी कर उसे अभियुक्त की पत्नी का बताया गया, वह वास्तव में अभियुक्त की पत्नी का था भी या नहीं। जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश पति हफीज खान की ओर से दायर की गई आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। मामला बहराइच जनपद के रिसिया थाने का है। हफीज खान पर अपनी पत्नी सायरा बानो की हत्या का आरोप था। 11 मई 2016 को सायरा बानो की शादी हफीज खान से हुई थी। 15 जनवरी 2017 को कथित मृतका की बहन शबाना ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। बाद में एक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने केन्नू की कब्र से एक शव बरामद किया। फिर शबाना और उसकी एक अन्य बहन परवीन ने शव की पहचान अपनी बहन सायरा बानो के रूप में की। जांच के बाद पुलिस ने 10 अप्रैल 2017 को अभियुक्त पति के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। 27 मार्च 2019 को बहराइच के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम ने सायरा बानो की हत्या के लिए पति को उम्रकैद की सजा सुनाई और 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पति ने 2019 में दोषसिद्धि के आदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी। पीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि पंचनामा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शव पर कुछ कपड़े, एक धागा और एक ताबीज थे। लेकिन अभियोजन ने उन वस्तुओं के बारे में चुप्पी साध ली और शव को सायरा बानो का शव सिद्ध करने के लिए किसी भी गवाह से उन वस्तुओं के बारे में कोई प्रश्न नहीं पूछा गया। इसलिए यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं था कि सायरा बानो की हत्या की गई थी और शव सायरा बानो का ही था। पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा है कि अभियुक्त पति को 15 जनवरी 2017 को एफआईआर दर्ज होने के बाद हिरासत में लिया गया था और वह आज तक जेल में है। अब जबकि इस अदालत ने पाया है कि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं था तो मुकदमे की लागत के साथ-साथ बिना साक्ष्य के साढ़े सात साल का कारावास काटने के लिए उसे मुआवजे का आदेश देना भी न्यायोचित होगा।

बड़े बकायेदारों से बकाया वसूली के लिए किए जाएं प्रयासः एके शर्मा

- ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को शक्तिभवन में विद्युत व्यवस्था और आपूर्ति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में विद्युत चोरी व्यापक पैमाने पर हो रही है, जिससे राजस्व के भारी नुकसान के साथ गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति में भी व्यवधान पड़ रहा है। इसमें शीघ्र रोक लगाई जाए और जिन क्षेत्रों, फीडरों में ज्यादा विद्युत चोरी की संभावना एवं शिकायतें आ रही हैं या विद्युत लोड व लाइनलास ज्यादा है वहां पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ विजलेंस कार्यवाही की जाए। हरहाल में संगठित रूप से हो रही विद्युत चोरी को रोकना है। बड़े बकायेदारों से बकाया वसूली के प्रयास तेज किये जाए। किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली से उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। विद्युत व्यवधानों के निस्तारण में पूर्णनिष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करें।

उन्होंने सभी डिस्काम के विद्युत कार्मिकों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर विद्युत समस्याओं व व्यवधानों के शीघ्र निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों से मिलकर विद्युत समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। उनके द्वारा उठाये गये मुद्दों को गम्भीरता से लें। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत संयोजन मिले, इसके लिए सभी डिस्काम में पर्याप्त मात्रा में मीटर और परिवर्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करायें, इसकी कमी से कहीं पर भी विद्युत संयोजन देने में देरी न हो।

ऊर्जा मंत्री ने विभाग के सभी स्थानान्तरित अधिकारियों व कार्मिकों को शीघ्र अपनी तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता या अधीक्षण अभियंता स्तर पर स्थानान्तरित कार्मिक को रोकने का कोई बहाना न हो।

पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजय पुरम करने को सीएम योगी ने बताया ऐतिहासिक निर्णय

लखनऊ। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम कर दिया है। केंद्र सरकार के इस निर्णय को सीएम योगी ने ऐतिहासिक बताते हुए इसे 140 करोड़ भारतवासियों की भावना के अनुरूप बताया है। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पोर्ट ब्लेयर का नाम %श्री विजयपुरम' करने का निर्णय 140 करोड़ भारत वासियों की भावना के अनुरूप है। देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाता यह ऐतिहासिक निर्णय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सभी बलिदानियों और सेनानियों को पूरे देश की ओर से समेकित श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा, 'स्वाधीनता संघर्ष में अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता 'श्री विजयपुरम' नाम हमें अपने देश के गौरवशाली अतीत और नेताजी सुभाष चंद्र बोस, 'स्वातंर्त्यवीर' वीर सावरकर जैसे मां भारती के अनेक अमर सपूतों के संघर्षों और बलिदानों की पावन स्मृतियों से जोड़ता है। अमृत काल में इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार और देश वासियों को बधाई।

सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने का चलेगा अभियान

लखनऊ। सरकारी ग्राम सभा की भूमि का सर्वे व अनाधिकृत कब्जों को हटाए जाने की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर अवैध किये गये कब्जों के विरूद्ध समयबद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करते हुए भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध कब्जों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई हो। मंडलायुक्त द्वारा चिन्हित ग्रामों में सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जों का गाटावार सर्वे 15 दिनों में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। यहीं नहीं मंडलायुक्त द्वारा सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जिले भर में अभियान चलाकर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शुक्रवार को मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सरकारी ग्राम सभा की भूमि का सर्वे व अनाधिकृत कब्जों को हटाए जाने एवं ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्र मण और अवैध निर्माण के विरुद्ध समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई किये जाने के लिए बैठक हुई। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि सरकारी ग्राम सभा की भूमि पर अनधिकृत रूप से किये गये कब्जों एवं निर्माण के विरूद्ध समयबद्ध रूप से अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करते हुए भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर किये गये ऐसे अतिक्रमण व अनाधिकृत निर्माण जो बड़े स्तर के हों एवं जिनके हटाने से शासन की मंशा के सम्बन्ध में स्पष्ट संदेश जा सके, उन्हें प्रथम वरीयता पर लिया जाये व अवैध कब्जे हटाकर शासकीय भूमि को तत्काल अवमुक्त कराया जाये। इसके अतिरिक्त ऐसे अवैध निर्माण, जिनके सम्बन्ध में नगर निगम, नगर निकाय, प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद एवं लोक निर्माण विभाग विभागों से सक्षम स्तर पर बिना अनुमति प्राप्त किये व बिना मानचित्र स्वीकृत कराये हो, उनके सम्बन्ध में भी प्राथमिकता पर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

राजधानी के विभिन्न वार्डों व विकास खण्डों में सड़क निर्माण के लिए 75.23 लाख मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के विभिन्न विकास खण्डों एवं वार्डों में सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों के लिए कुल 75.23 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी शासनादेशों की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ को प्रेषित कर दी गयी हैं। जारी शासनादेश के अनुसार विकास खण्ड-मलिहाबाद में खड़न्जा मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 22.73 लाख रुपए तथा विकास खण्ड-काकोरी का में डामर रोड के निर्माण कार्य हेतु 29.87 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इसी प्रकार राजा बाजार वार्ड में सीसी निर्माण कार्य हेतु 00.79 लाख रुपए, जगदीश चंद्र बोस वार्ड में इन्टरलॉकिंग कार्य हेतु 4.07 लाख रुपए, रफी अहमद किदवई वार्ड में इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु 3.58 लाख रुपए, आलमनगर वार्ड में इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु 7.55 लाख रुपए तथा फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में लेपन कार्य हेतु 6.64 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

मधुमक्खी पालन के लिए 90 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

- इच्छुक व्यक्ति 16 सितम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज के औद्यानिक प्रयोग और प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाया जाएगा। प्रतिवर्ष विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। मधुमक्खी पालन में रोजगार एवं आमदनी की असीमित संभावनाएं हैं। उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग 22 से 23 हजार मिट्रिक टन का शहद उत्पादन होता है। सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, फैजाबाद, बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़ और अलीगढ़ जनपद प्रमुख शहद उत्पादक हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत वागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) और राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत 50 मौनवंशों की एक इकाई (उपकरण सहित) की स्थापना पर 40 प्रतिशत का अनुदान लाभार्थियों को प्रदान किया जाता है।

निदेशक उद्यान विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि आयोजित होने वाले 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष और महिलाएं सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा का हुआ गठन

- आज रविंद्रालय में आयोजित होगा महासभा का पहला प्रांतीय सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अशासकीय विद्यालयों को सरकारी हस्तक्षेप से मुक्त करने और उनकी संप्रभुता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा के गठन का ऐलान किया गया। हजरतगंज स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा महासभा के अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र ने की। इस दौरान प्रथम कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम का भी ऐलान किया गया।

कृष्ण मोहन मिश्र ने कहा कि अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा प्रदेश के सभी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार प्रसार, प्रबंधकीय प्रबंधन और विद्यालय उन्नयन के लिए समर्पित संस्था है। हमारे प्रबंधक सदस्य वर्षों से प्रदेश में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों का सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रहे हैं। बातचीत के क्रम में श्री मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से उनकी अपेक्षा है कि वे अशासकीय विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करेंगे और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएंगे। महासभा के महामंत्री दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि महासभा का लक्ष्य अशासकीय विद्यालयों को सरकारी हस्तक्षेप से मुक्त कराना और उनकी संप्रभुता सुनिश्चित करना है। महासभा के गठन के ऐलान के साथ ही इसके प्रथम प्रांतीय सम्मेलन की तारीख भी बताई गई। 14 सितंबर 2024 शनिवार को लखनऊ के रविन्द्रायलय में प्रथम सम्मेलन आयोजित की जाएगी। इसमें प्रबंधकों की समस्याओं पर गहन चर्चा होगी और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए जाएंगे।

ये बने पदाधिकारी

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा के अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य भूषण गुप्ता, उपाध्यक्ष महेश पति त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ कुमार सिंह, महामंत्री दिनेश चन्द सिंह, मंत्री विश्वेन्दु प्रताप राय, उप मंत्री डॉ0 उदय भान सिंह, कोषाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव।

सरोजनीनगर विधायक ने मार्ग प्रकाश व्यवस्था को किया मजबूत

- बंथरा क्षेत्र के 12 गावों में तीन दिन में स्थापित हुई 110 लाइट्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ऐसी मिसाल कायम की जो राजनीति में बहुत कम ही देखने को मिलती है। विधायक ने बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ कटी बगिया में चाय पे चर्चा के दौरान बंथरा के आसपास के 10 गावों में अगले 3 दिन में 100 लाइट्स लगवाकर मार्ग प्रकाश व्यवस्था मजबूत करवाने की घोषणा की थी। विधायक की घोषणा के साथ उनकी टीम सक्रिय हो गयी और 2 दिन के भीतर 12 गावों बंथरा बाजार, पहाड़पुर, बनी, सराय सहजादी, भौंकापुर, बेंती, लतीफनगर, गढ़ी चुनौटी, नारायणपुर, बीबीपुर, ऐन और नीवां में भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से 110 लाइट्स स्थापित करवा दी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव बख्श सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्नेद्र सिंह, मण्डल मंत्री राम दयाल मौर्या, बूथ अध्यक्ष राजन सिंह, महामंत्री अनूप सिंह, संजय सिंह और अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बंथरा क्षेत्र में इन लाइट्स को ष्टस्क्र फण्ड के माध्यम से लगवाया जा रहा है। बता दें कि इन गावों के ग्रामीणों ने भाजपा कार्यकर्ताओं से रात में असामाजिक तत्वों की गतिविधयां बढ़ने की बात बताई थी, चाय पे चर्चा के दौरान इस बात का पता चलते ही डॉ. राजेश्वर सिंह ने फ़ौरन पुलिस के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर क्षेत्र में पुलिस गश्त बढाए जाने की बात कही और ऐसी गतिविधयों को असफल बनाने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करते हुए अगले 3 दिन में 100 लाइट लगवाने की घोषणा की थी।

हमारा देश विश्व के लिए ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र

- डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ का 11 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों को कुल 1615 उपाधियाँ एवं 159 पदक प्रदान किए गए, जिसमें से 59 स्वर्ण पदक, 50 रजत पदक एवं 50 कांस्य पदक शामिल थे। सभी उपाधियों को डिजिलॉकर पर अपलोड किया गया। समारोह में राज्यपाल ने उपस्थित सभी उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा कि एक अभिभावक के लिए अपने बच्चों का पदक प्राप्त करना, आनंद और गौरव का विषय होता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के पीछे माता-पिता को सबसे ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। राज्यपाल ने सामान्य वर्ग एवं दिव्यांगजन हेतु विश्वविद्यालय में एक साथ समावेशी शिक्षा की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजन एवं सामान्य जनों के लिए अलग-अलग अवार्ड होने चाहिए। उनकी मेरिट भी अलग-अलग होनी चाहिए। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से डिजिलॉकर पर डिग्री के साथ-साथ सभी वर्षों की अंक तालिका भी अपलोड किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में नामांकन, प्रवेश, परीक्षा परिणाम व अन्य विषयों हेतु समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में मध्यस्थों को दूर कर स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाना चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री, मुरलीकांत राजाराम पेटकर का स्वागत करते हुए उन्हें कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा उनके जीवन वृतांत पर आधारित फिल्म को विद्यार्थियों को दिखाया जाए जिससे वे प्रेरित और प्रोत्साहित हो सके।

राज्यपाल ने अपने दीक्षांत उद्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि विश्व को बेहतर दिव्यांग समावेशी बनाने हेतु दिव्यांगजनों के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के भीतर प्रकृति प्रदत्त एक विशिष्ट प्रतिभा और रचनात्मकता होती है।

11 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित: भूपेंद्र चौधरी

● भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर

संवाददाता। गाज़ीपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी शुक्रवार को संगठन महापर्व 2024 के अंतर्गत चल रहे विशेष सदस्यता अभियान में जनपद के विधानसभा जंगीपुर में बूथ संख्या 18, ग्राम बिजौरा, बूथ संख्या 95 ग्राम- अरखपुर,सदर विधानसभा के बूथ संख्या 143 ग्राम -बबेड़ी, बुथ संख्या 199 विवेकानंद कॉलोनी बंशी बाजार, मोहम्मदाबाद विधानसभा के बूथ संख्या 14, ग्राम चकताहा तथा जहुराबाद विधानसभा में बूथ संख्या 79 मुहल्ला- बहादुरगंज मे घर-घर पहुंचकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कराते हुए हजारों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदस्यता नवीनीकरण के बाद देश के चार चुनावी राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा को छोड़ कर शेष सभी राज्यों मे संगठन सदस्यता का काम तेजी से चल रहा है। जिसके पहले चरण मे बुथ स्तरीय सदस्यता का कार्य किया जा रहा है, जो 25 सितंबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उसके बाद 1 अक्टूबर से सामूहिक सदस्यता का अगला चरण प्रारंभ होगा जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर कैम्प लगाकर संगठन कार्यकर्ता लोगों को सदस्यता दिलाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि देश भर से संगठन ने 11 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश से 3 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी समाज के सभी लोगों को लेकर चलने वाली लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने विपक्षी दलों पर व्यंग्य बोलते हुए कहा कि कुछ राजनैतिक दल के लोग परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने की राजनीति कर रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी मे समानता के साथ सबको आगे बढ़ने का समान अवसर प्राप्त है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ विधि सम्मत, कठोर कार्यवाही हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महान जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है हम अपने कार्यों के दम पर आप सबके बीच उपस्थित है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोग देश के हर क्षेत्र में सदस्य बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक 60 लाख तथा देश में अब तक 2 करोड़ लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जी ने जनपद में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को गति देने तथा आप सबसे संवाद करने के लिए आए हैं। उन्होंने जनपद के सभी धर्म, जाति, वर्ग, महिला, पुरुष, छात्र, युवा सभी का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय राजनैतिक दल से जुड़ना गौरव का विषय है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का इसके लिए अभिनन्दन किया।

जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं संबंधित मंडल के अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारीयों एवं कार्यक्रम संयोजको को पार्टी पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बंशी बाजार के बुथ अध्यक्ष के युवा सुपुत्र के आकस्मिक अचानक निधन पर उनके घर जाकर परिजनों से मिले दुःख,संवेदना व्यक्त किया। वंशी बाजार में वाराणसी -गाजीपुर मार्ग के दोनों पटरियों के दुकानदारों को प्रदेश अध्यक्ष ने मिस्ड कॉल कराकर भाजपा की सदस्यता दिलाया। कार्यक्रम का समापन जिला महामंत्री अवधेश राजभर ने किया।

ग्राम प्रधान के खिलाफ दाखिल की गई चुनाव याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

● याचिका दायर करते समय वादी के प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित न होने के कारण याचिका पोषणीय नहीं

संवाददाता। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि ग्राम प्रधान के चुनाव के खिलाफ याचिका दाखिल करते समय सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होना बाध्यकारी नियम है। इसका पालन न कर दाखिल चुनाव याचिका की पोषणीयता पर ग्राम प्रधान की आपत्ति निरस्त कर नोटिस जारी करने का सक्षम प्राधिकारी का आदेश अवैध होने के कारण निरस्त किए जाने योग्य है। चुनाव याचिका दायर करते समय वादी का प्राधिकारी के समक्ष मौजूद होना जरूरी है। केवल याचिका पर हस्ताक्षर और फोटो लगाकर अधिवक्ता द्वारा पेश किए जाने से वादी की दाखिले के समय उपस्थिति नहीं मानी जा सकती। इसी के साथ हाईकोर्ट ने मीरजापुर की लालगंज तहसील की ग्राम पंचायत खुटहा की प्रधान के खिलाफ एसडीएम सदर के समक्ष दाखिल चुनाव याचिका पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दी है। कोर्ट ने याची की चुनाव याचिका की पोषणीयता पर की गई आपत्ति अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति सी के राय ने ममता की याचिका पर दिया है।

याचिका पर अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बहस की। मालूम हो कि याची 26 अप्रैल 21 को हुए चुनाव में ग्राम प्रधान चुनी गई। विपक्षी कृष्णाठ देवी ने चुनाव के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी एसडीएम की अदालत में याचिका दायर की। याचिका वकील के मार्फत दाखिल की गई। वादी दाखिले के समय अदालत में उपस्थित नहीं हुई। याची को नोटिस जारी की गई तो उसने याचिका की पोषणीयता पर यह कहते हुए आपत्ति की कि याचिका दायर करने में कानून के बाध्यकारी उपबंध का पालन नहीं किया गया है।वादी ने भी जवाब दाखिल किया। एसडीएम ने याची की आपत्ति निरस्त कर सुनवाई करने का आदेश दिया। जिसे याचिका दाखिल कर चुनौती दी गई। याची अधिवक्ता एन के पांडेय का कहना था कि चुनाव याचिका पोषणीय नहीं है इसलिए खारिज की जाए।

विपक्षी अधिवक्ता का कहना था कि मध्यवर्ती आदेश के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है। चुनाव याचिका विचाराधीन है। वकील के मार्फत निर्धारित शुल्क 50 रुपए का ग्राम सभा के नाम जमा कर चुनाव याचिका दायर की गई है। वादी का दाखिले के समय उपस्थित रहना पंचायतराज एक्ट के किसी नियम में नहीं है।

पात्रों को दिलाएं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ: जिलाधिकारी

अंबेडकर नगर। विकासखंड भीटी अंतर्गत न्याय पंचायत भटौली के ग्राम पंचायत चाचिकपुर में प्रधानमंत्री आवास टांडा विकासखंड के ग्राम पंचायत मीठेपुर योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 उन्मुखीकरण का गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह , प्रमुख भीटी,ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा 87 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र भी वितरित किया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों के साथ वार्ताकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए।

ग्राम पंचायत चाचिकपुर में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित किये जा रहे दोना पत्तल के कार्य के संचालन हेतु लगाए गए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य: भोला सिंह

● संगठन पर्व के अंतर्गत भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न

● सैकड़ों लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

संवाददाता। सोनभद्र

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर संगठन पर्व के अंतर्गत बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक कि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला सदस्यता प्रमुख अशोक कुमार मौर्य ने किया।

बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद भोला सिंह ने कहा कि 2022 तक उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 3 लाख भाजपा के सदस्य बने प्रदेश में कुल एक करोड़ 12 लाख कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बन चुके हैं, जो भाजपा के प्रदेश एवं बूथ तक के पदाधिकारी भी शामिल है, 2024 भाजपा का संगठन पर्व वर्ष है, जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ऑनलाइन सदस्यता के लिए इस बार सभी को 8800002024 पर मिस्ड कॉल देना है, जिसके मैसेज द्वारा आपको सदस्यता ग्रहण करनी है। जिसमें कार्ड बनकर आपके मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगा। सदस्यता का प्रथम चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक होगा जिसमे हम सभी को प्राथमिक सदस्य बनाना है।

दूसरे चरण को 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलना है जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाना है। संगठन का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता के लिए चल रहे अभियान में 11 सितंबर से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क करके सदस्यता करना है। 11 सितंबर से प्रदेश पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि घर घर जाकर सदस्यता करायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 25 सितंबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा। द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच समाज के सभी वर्गों, जातियों, समूह को भाजपा से जोड़ने के लिए समूह विशिष्ट संपर्क को आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने आये हुये अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस बार जिले मे लगभग 3.50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे नरेन्द्र कुशवाहा अजीत रावत देवेन्द्र पटेल रुबी प्रसाद जीत सिंह खरवार श्रवण सिंह गोंड रामसुन्दर निषाद कमलेश चौबे अनूप तिवारी बृजेश श्रीवास्तव संतोष शुक्ला शंम्भू नारायण सिंह सुरेश शुक्ला सुषमा सिंह गोंड यादवेन्द्र द्विवेदी पुष्पा सिंह सरजू बैसवार अमरेश चेरो बलराम सोनी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घोरावल विधानसभा के राबर्ट्सगंज ब्लॉक अंतर्गत अमौली ग्राम पंचायत मे प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में ग्रामसभा के सैकड़ों लोगो को मुख्यअतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद भोला सिंह ने भारतीय जनता पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कराया।

क्विक न्यूज

सात साल से कम सजा वाले अपराधों में पुलिस को कानून का पालन करने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सात साल से कम सजा वाले अपराध के आरोप में दर्ज एफआईआर के तहत पुलिस को बीएनएस की धारा 35 का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है और कहा है कि एफआईआर के आरोपों से संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है ऐसे में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। इस धारा में विवेचना के लिए जरूरी होने पर अदालत की अनुमति से गिरफ्तारी करने का नियम है।अन्यथा गिरफ्तार नहीं किया जायेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ ने जौनपुर महराजगंज थाना क्षेत्र के निवासी संदीप यादव की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता शैलेश उपाध्याय ने बहस की। कोर्ट ने पुलिस को गिरफ्तारी के मामले में धारा 35 और सुप्रीम कोर्ट के अरुणेश कुमार केस की गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन करने का आदेश देते हुए याची को राहत दी है। याची के खिलाफ तीन जुलाई 2024 को महराजगंज धाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कोर्ट ने एफआईआर रद करने से इंकार कर दिया है।

बिना संतुष्टि दर्ज किए शांति भंग की नोटिस अवैध करार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसडीएम सदर बांदा द्वारा शांति भंग की आशंका की पुलिस रिपोर्ट पर याची के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 111 की जारी नोटिस को अवैध करार देते हुए रद कर दिया है और कहा है कि मजिस्ट्रेट ने न्यायिक तौर पर कार्रवाई नहीं की। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने अधिवक्ता चंद्रभान सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि शिव मंदिर की जमीन बंटवारे को लेकर हुए कथित विवाद पर तेंदुवारी थाना इंचार्ज ने शांति भंग होने की आशंका की रिपोर्ट दी। एसडीएम ने 21 फरवरी 24 को नोटिस जारी कर कारण बताने का आदेश दिया क्यों न अच्छे व्यवहार व आचरण के लिए 50 हजार रूपए का पर्सनल बांड और दो प्रतिभूति जमा कराई जाय। याची ने धारा 111 की नोटिस की वैधता को हाईकोर्ट में चुनौती दी।कहा कि नोटिस में पुलिस रिपोर्ट का विवरण नहीं है और पूरे तथ्य नहीं है। मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते समय पुलिस रिपोर्ट पर अपनी संतुष्टि दर्ज नहीं की है।धारा 111 की शर्तों का पालन नहीं किया गया है। कोर्ट ने खुद मजिस्ट्रेट के आदेश का परीक्षण किया और पाया कि नोटिस में शांति भंग की आशंका लिखा है। किंतु कोई कारण नहीं दिया गया है। मजिस्ट्रेट ने धारा 111 का आदेश जारी करने के लिए अपनी संतुष्टि दर्ज नहीं की है। मजिस्ट्रेट ने न्यायिक तरीके से कार्य नहीं किया है।

सीआईएसएफके जवानों ने बचाई युवक की जान

बीजपुर, सोनभद्र। बाइक सवार तीन व्यक्ति ढोटी मध्यप्रदेश सिंगरौली से अपने रिस्तेदारी में जा रहे थे इसी दौरान पहुचने से पहले अज्ञात वाहन के धक्के से दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसमे 32वर्षीय छोटेलाल 45वर्षीय रामलखन एवं 40वर्षीय लालमत निवासी ढोटी विंध्यनगर सिंगरौली से बीजपुर अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए आ रहे थे। जैसे ही वे सीआईएसएफआरपी गेट से 200 मीटर आगे डिवाइडर नाला के पास पहुंचे वैसे ही एक चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए। बाईक चालक रोड से 15 फीट नीचे मोटरसाइकिल के साथ नालें में गिर गया। सीआईएसएफक्राइम विंग बल के सदस्य आरक्षक जीडी राणा हर्षवर्धन और आरक्षक जीडी उमेश प्रसाद, तुरंत जंगल के रास्ते 15 फिट नाला में कुद कर अचेत घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को नाले से जंगल के रास्ते बाहर मेनरोड पर लें आये कर्मियों ने एनटीपीसी धन्वंतरि अस्पताल में भर्ती करवाया।

हाईकोर्ट ने पूछा बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाएं क्यों ढहाया घर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाएं आदेश पारित करने के बाद घर ध्वस्त करने के खिलाफ याचिका पर दो हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी के हलफनामे में बतायें किस परिस्थिति वश घर ढहाया गया। कोर्ट ने याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 18 सितंबर नियत करते हुए मौके की यथास्थिति कायम रखने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने आजमगढ़ के सुनील कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता शरदेंदु मिश्र और जय शंकर मिश्र ने बहस की। इनका कहना है कि 9 जनवरी 24 को तहसीलदार फूलपुर की धारा 67 (5) के अंतर्गत रिपोर्ट दी। जिस पर 22 जुलाई 24 को अपर जिलाधिकारी भू राजस्व आजमगढ़ ने घर ढहाने का आदेश दिया और इसके बाद घर ध्वस्त कर दिया गया। कानूनी प्रक्रिया की अवहेलना की गई है।

मीरजापुर प्रेस क्लब ने डीएम सहित अन्य को दिया ज्ञापन

मीरजापुर। मिर्जापुर जनपद में पुरानी एकमात्र रजिस्टर्ड संस्थान मिर्जापुर प्रेस क्लब द्वारा वर्षों से पत्रकार भवन की मांग की जा रही है। मिर्जापुर प्रेस क्लब द्वारा एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था. कि जिला प्रशासन को पत्रक देकर पत्रकार भवन के लिए मांग किया जाएगा। उसी क्रम में आज मिर्जापुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को पत्रकार भवन के लिए ज्ञापन सौंपकर उनसे मांग की। जिनमें प्रमुख रूप से मिर्जापुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव अजय शंकर गुप्ता, सहित शिव शंकर उपाध्याय, सुजीत कुमार, जयंत चतुर्वेदी, सुरेश सिंह, शिव तिवारी, इंद्रप्रीत सिंह लकी, विजेंद्र दुबे, इंद्रेशश पांडे, सुमित गर्ग , राजू भारती सहित अनेक पत्रकारों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार भवन की मांग की।ज्ञात हो कि मिर्जापुर प्रेस क्लब अपने स्थापना वर्ष 1995 से ही पत्रकार भवन की मांग कर रही है।

बाबा बाल ब्रह्मचारी ने शुरू की काशी विश्वनाथ की दंडवत यात्रा

अंबेडकर नगर। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर धरमपुर खेवार मंदिर के बाबा बाल ब्रह्मचारी ने काशी विश्वनाथ की दंडवत यात्रा शुरू कर दी है दंडवत यात्रा का शुक्रवार को छठा दिन चल रहा है।सनातन धर्म को बढ़ावा और विश्व के कल्याण के लिए देवी प्रसाद तिवारी बाल ब्रह्मचारी महाराज जी द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर ट्रस्ट धरमपुर खेवार से दंडवत यात्रा प्रारंभ होकर बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर तक यात्रा समाप्त होगी। द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर ट्रस्ट धर्मपुर खेवार के अध्यक्ष देवी प्रसाद तिवारी बाल ब्रह्मचारी जी द्वारा 8 तारीख को दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे से द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा पाठ करके प्रारंभ कर दिया यात्रा का पहला रात विश्राम अशरफपुरखरवा बाजार के प्राइमरी पाठशाला मैं रात विश्राम होगा उसके दूसरे दिन काशी विश्वनाथ बनारस के लिए अनवरत दंडवत यात्रा डीजे और बजे के साथ चलता रहेगा यह दंडवत यात्रा सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए और विश्व के कल्याण के लिए दंडवत यात्रा किया जा रहा है इस यात्रा के साथ कुलदीप तिवारी दस राजभर दिनेश पांडे शिवम मिश्रा राजित राम राजभर एवं काफी संख्या में भक्तगण यात्रा में शामिल रहेंगे।

आज से होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रयागराज। भारत का आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा लंबे समय से उभरते टैलेंट के लिए एक लॉन्च पैड रहा है। जिसने अपने पिछले सीज़न में हर हफ्ते नए सिंगर्स को जी म्यूजिक कंपनी के साथ अपने ओरिजिनल सिंगल्स रिलीज़ करने का मौका दिया। जी टीवी ने अपने तीस साल से ज्यादा के सफर में इस शो ने भारत की शानदार आवाजों की खोज की और उन्हें संवारा है। अब सारेगामापा ने एक बार फिर दमदार वापसी की है जिसमें कुछ ताजगी भरी आवाज़ और ऐसे मेंटर्स हैं। चौदह सितंबर से शुरू हो रहा यह शो हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे दिखाया जाएगा। जहां इस सीज़न के मेंटर्स होंगे जाने माने फनकार गुरु रंधावा सचिन जिगर और सचेत परंपरा टंडन जिनके साथ विपुल रॉय होस्ट के रूप में नजर आएंगे।

मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में बैठक की डीएम ने की अध्यक्षता

संवाददाता। अंबेडकर नगर

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सांसद लाल जी वर्मा , विधायक टांडा राम मूर्ति वर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराए जाने के निर्देश के क्रम में आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी के क्रम में 20 अगस्त से 27 अगस्त तक मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन, आवश्यकतानुसार नए भवनों की पुनर्व्यवस्था और पहचान कर दिनांक 29 अगस्त 2024 तक जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रारूप पर भौतिक सत्यापन और प्रस्तावित मतदान केन्द्र के संबंध में सीईओ कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई है।

तथा 4 सितंबर व 9 सितंबर को राजनीतिक दलों के साथ बैठक और मतदान केन्द्र प्रस्ताव की प्रारूप सूची तैयार कर आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार 11 सितंबर 2024 को दावों और आपत्तियों के लिए मतदान केन्द्रों का आलेख्य प्रकाशन कर राजनीतिक दलों को मौजूदा मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव में सुधार सहित मतदान केन्द्रों के आलेख्य प्रकाशन की प्रति उपलब्ध करा दी गई है।

इसके उपरांत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में उनके सुझाव एवं आपत्तियों के गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी से प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मा. आयोग के निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 10 सितंबर 2024 वर्तमान सांसद, विधायकों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक में आई शिकायतों और सुझावों के निपटाने के बाद सूची को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। 19, 20 व 21 सितंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सभी अनुलग्नकों के साथ प्रस्तावित मतदान केन्द्रों की विधानसभावार सूची उपलब्ध कराना है तथा दिनांक 25 सितंबर को सीईओ कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्र के प्रस्ताव को ईसीआई की मंजूरी के लिए भेजना है।

बैठक के दौरान लालजी वर्मा, विधायक टांडा राममूर्ति वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विनय पांडे, जलालपुर विधायक प्रतिनिधि अरविंद तिवारी, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, बसपा से अजमल कुरैशी, कांग्रेस से गुलाम रसूल, अपना दल यस से चौधरी शिवम पटेल, सीपीआई एम से राजेश तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

विद्युत संविदा कर्मियों को हुआ सुरक्षा किटों का वितरण

गाज़ीपुर। विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ जमानिया डिवीजन के सब डिविजन दिलदारनगर के सभी 8 उपकेंद्रों के संविदा कर्मियों को शेफ्टी किट मेसर्स ग्रिड पावर सिस्टम के प्रबंधक निदेशक गजेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा वितरण किया गया।

वही दिलदारनगर के उपखंड अधिकारी कमलेश प्रजापति द्वारा संविदा कर्मियों को हिदायत दी गई की बिना हेलमेट, ग्लैपस और सेफ्टी बेल्ट एवम जैकेट के बिना कोई भी पोल पर चढ़कर संविदा कर्मी कार्य करते हुवे पकड़ा गया तो सीधे ऐसे लापरवाह लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी क्योंकि इन सब औजारों को कार्य करते समय उपयोग करना अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है,ताकि किसी भी संविदा कर्मी के साथ कोई अनहोनी ना हो। वही कंपनी के निदेशक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी संविदा कर्मियों से सावधानी पूर्वक कार्य करने की सलाह दी वही ड्यूटी के दौरान शराब ना पीने की सलाह देते हुए अंतिम चेतावनी दिया गया की अगर जिसकी भी शिकायत शराब पीकर ड्यूटी करने की मिली तो सीधे ऐसे कर्मियों को कार्य से मुक्त किया जाएगा।

मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर हुआ विचार विमर्श

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर विचार विमर्श हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थल बनाने के लिए भवनों का चयन व सत्यापन अधिकतम मतदाताओं के आधार पर कराया जाना है, किसी मतदान केंद्र पर अगर दो बूथ बनाए गए हैं तो 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित करने का प्रयास किया जायेगा, अगर विशेष परिस्थिति में 300 से कम मतदाता वाले बूथों को अन्य बूथों के साथ समायोजन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, शहरी क्षेत्रों में जहां नई आवासीय कालोनियां बनी हैं और उसमें मतदाताओं की संख्या है तो नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है, अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थल को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानांतरित किया जा सकेगा, समायोजन प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदेय स्थलों को भी चिह्नित किया जाएगा जो गांव व बस्ती से दूर हैं। पोलिंग स्टेशन की दूरी दो किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए सत्यापन के दौरान यदि कोई बूथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बाहर मिलेंगे तो उसे बदला जाएगा, मतदेय स्थल पर रैंप की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी, राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से दो सौ मीटर के अंदर कोई मतदेय स्थल नहीं बनाए जा सकेंगे, यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध है तो स्थानांतरित किया जायेगा, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान,व्यक्तिगत सामुदायिक केंद्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है तो विकल्प की तलाश कर उसे स्थानांतरित किया जाएगा।इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि ओबरा विधान सभा व राबर्ट्सगंज विधान सभा में मतदान का समय प्रात: 7 बजे से सायं 4 बजे तक ही निर्धारित है, जिससे कि इन विधान सभा क्षेत्र के निवासियों को मतदान करने हेतु अन्य विधान सभा की अपेक्षा समय कम मिलता है, समय में परिवर्तन होना आवश्यक है

दहेज उत्पीड़न और जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर कोतवाली में दहेज उत्पीड़न और जानलेवा हमला करने सहित अन्य आरोपों में दर्ज आपराधिक मामले में आरोपी सुधीर उपाध्याय और तीन अन्य परिवार के लोगों की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई या पुलिस रिपोर्ट पेश होने तक रोक लगा दी है और राज्य सरकार और शिकायतकर्ता से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिड़ला तथा न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने सुधीर उपाध्याय और अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता धनंजय कुमार मिश्र ने बहस की। इनका कहना था कि झूठे मनगढ़ंत आरोप में पूरे परिवार को फंसाया गया है। आरोप सामान्य प्रकृति के है।घटना 17 सितंबर 23 की है और एफआईआर 14 अगस्त 24 को 24 अगस्त 24 की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में बताई गई चोटें बनावटी है। कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग किया गया है। इसलिए एफआईआर रद की जाय। कोर्ट ने मामले को विचारणीय माना और याची को विवेचना में सहयोग करने की शर्त पर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

भव्य कार्यक्रम का आयोजन सोलह सितम्बर से

प्रयागराज। आने वाला शो वसुधा दो ऐसी औरतों के उथल पुथल भरे रिश्तों की कहानी है। जिनकी दुनिया एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। ना तो उनके विचार मिलते हैं न मिज़ाज और न ही उनकी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमियां। जी टीवी के शो में जहां प्रिया ठाकुर और नौशीन अली सरदार इस शो में वसुधा और चंद्रिका का रोल निभाएंगी। वहीं टैलेंटेड और डैशिंग एक्टर अभिषेक शर्मा चंद्रिका के बेटे देवांश के रोल में नजर आएंगे। वसुधा शुरू हो रहा है सोलह सितंबर से हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े दस बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। देवांश एक ऐसा लड़का है जो अपनी मां के लिए पूरी तरह समर्पित है। उनकी मां जो भी कहती हैं और जिन बातों पर भी विश्वास करती हैं वो उन्हें सर आंखों

आयुष्मान भारत
योजना का विस्तार

'आयुष्मान भारत योजना' का विस्तार करते हुए केन्द्रीय कैबिनेट ने इसमें 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को शामिल किया है। एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस योजना का विस्तार 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिए किया गया है, भले ही उनकी आय या सामाजिक स्तर कुछ भी हो। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव अभियान में किए वादे की पूर्ति है। इससे वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्यरक्षा में व्यापक बदलाव आएगा। इससे उन करोड़ों लोगों को बहु-प्रतीक्षित राहत मिलेगी जो दवा-इलाज की बढ़ती हुई कीमतों तथा अपर्याप्त बीमा कवरेज के कारण परेशानियों का सामना कर रहे थे। पांच साल पहले शुरू होने के बाद से 'आयुष्मान भारत' ने भारत में करोड़ों लोगों की स्वास्थ्यरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित की है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होना शामिल है। इससे उन परिवारों को इलाज मिल रहा है जो पहले महंगी चिकित्सा नहीं करा पाते थे। डेटा से स्पष्ट है कि इस योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने वाला हर चौथा व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक है। भर्ती होने वाले एक करोड़ लोगों में से 24 प्रतिशत नागरिकों की आयु 60 साल या इससे अधिक थी। इससे स्पष्ट है कि उनको 'सुरक्षा संजाल' की बहुत आवश्यकता है।

कवरेज का विस्तार 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग वाले सभी नागरिकों तक करने का नवीनतम निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयुवर्ग वालों की अक्सर निजी बीमाकर्ताओं द्वारा अनदेखी की जाती है। अधिकांश स्वास्थ्य बीमा कंपनियां 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों को बीमा देने से इनकार करती हैं या इसके लिए मनमाना प्रीमियम मांगती हैं। बीमा उपलब्ध होने पर भी पूर्व-निर्धारित शर्तें अक्सर लोगों को पहले दो या तीन साल इससे बाहर रखती हैं। इसके कारण अनेक वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर बीमारियों, जैसे हृदय रोग, किडनी समस्याओं और मधुमेह के लिए तत्काल इलाज तक पहुंच नहीं हो पाती है। नई नीति से 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 6 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा कवरेज से लाभ होने की आशा है। यह परिवार के आधार पर लागू होगा।

इससे सुनिश्चित होगा कि परिवारों द्वारा परित्यक्त या वित्तीय कठिनाइयों का सामना करने वाले लोगों को भी अब मुफ्त या सस्ती चिकित्सा तक पहुंच मिलेगी। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों तक आयुष्मान भारत योजना का विस्तार उचित समय पर हुआ है। डायलिसिस, हृदय सर्जरी व कैंसर चिकित्सा जैसी प्रक्रियायें न केवल महंगी हैं, बल्कि अक्सर वरिष्ठ नागरिकों को इसकी जरूरत पड़ती है। नई नीति उन वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा संजाल प्रदान करती है जिनको अब तक खर्चों का बोझ स्वयं वहन करना पड़ता था या अपर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सहारे रहना पड़ता था। आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख की कवरेज से वित्तीय बोझ काफी घटेगा जिससे परिवारों को बिना अपनी बचत की चिन्ता किए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा की पहुंच सुनिश्चित होगी। प्रत्यक्ष चिकित्सा लाभों के अलावा इस नीति के दूरगामी सामाजिक प्रभाव होंगे। ग्रामीण या आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में भारत के वरिष्ठ नागरिकों को अक्सर अनदेखी तथा बीमारी में अलगाव का सामना करना पड़ता था। इस नीति से बेहतर स्वास्थ्यरक्षा परिणामों के साथ करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और सुरक्षा ऐसे समय सुनिश्चित होगी जब उनको इसकी सर्वाधिक आवश्यकता हो। इसका व्यापक प्रभाव परिवारों, समुदायों और स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। यह सबके लिए समावेशी व सुगम पहुंच वाली स्वास्थ्यरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लक्ष्य की ओर बढ़ती हिन्दी

अनेक समस्याओं के बावजूद भारत में हिन्दी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा स्तर पर सभी विषयों में अन्य भाषाओं के साथ ही माध्यम के रूप में भी हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विमलेश कांति वर्मा
(लेखक, भाषा वैज्ञानिक हैं)

वर्ष 1947 में भारत स्वतन्त्र हुआ और वर्ष 1950 में इसे गणतंत्र घोषित किया गया। महात्मा गांधी ने हिंदी को स्वतंत्रता आन्दोलन की भाषा के रूप में चुना था और कहा था कि देश राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई भारतीय संविधान सभा में देश भर के दिग्गज नेताओं ने सर्वसम्मति से देश की चौदह भाषाओं में से हिंदी को राजभाषा का गौरव पूर्ण पद दिया था और यह सोचा था कि 15 वर्ष बाद हिंदी देश की राजभाषा होगी और अंग्रेजी की वर्चस्विता समाप्त हो जायेगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव बंगाल के रबीन्द्र नाथ ठाकुर, शारदा चरण मित्र, क्षिति मोहन सेन, गुजरात के स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महाराष्ट्र के बाल गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, पंजाब के लाला लाजपत राय, दक्षिण के श्री जी .रेड्डी, प्रोफ. नागप्पा, चंद्रशेखरन नायर सभी ने दिया था। उन्होंने एक स्वर से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की बात कही थी और जीवन भर इसके लिए प्रयत्न भी किया था, लेकिन अभी तक ऐसा हो न सका।

भारत के स्वतंत्र होने तक देश में हिंदी स्वाभिमान का प्रतीक थी। हम अपने को भारतीय और अपनी भाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा कहकर, सबके बीच हिंदी में बात कर स्वाभिमान का अनुभव करते थे। स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ने आने वाले छात्र गर्व का अनुभव करते थे, पर आज विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ने वाले विद्यार्थी वे हैं जो अन्य किसी विषय में प्रवेश लेने के योग्य नहीं हैं। हिंदी विषय में एम.ए. करने की बात ऐसे छात्र ही सोचते हैं। इस प्रकार हिंदी आज उनका स्वाभिमान नहीं, हिन्दी उनकी मजबूरी बन गई है। स्वतंत्रता से पहले जिस हिंदीको देश में चतुर्दिक समर्थन प्राप्त था, वहीं अब हिंदी का बहुत जगह विरोध दिखता है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी हिंदी के एक समय बड़े समर्थक थे, वे बाद में हिंदी के विरोधी बन गये। सुनीति कुमार चटर्जी जैसे विद्वान न हिंदी के विरोध में राजभाषा आयोग के सम्मुख विमति टिप्पणी दी।

हिंदी का महत्व समय के साथ घटता गया और अंग्रेजी की वर्चस्विता बढ़ती गई। हिंदी में अंग्रेजी का ऐसा घालमेल हुआ कि यदि आपको अंग्रेजी नहीं आती तो हिंदी टीवी चैनलों की बात समझ ही नहीं आएगी। आज ज्यादातर अंग्रेजी के बोझ से लदी हुई हिंदी आपको पढ़ने और सुनने को मिलेगी। स्वस्थ सुन्दर भाषिक संरचना में लिखी हिंदी को पढ़ने के लिये आप तरस जायेंगें। स्वतंत्रता पूर्व तन मन से हिंदी के विकास के लिए प्रतिबद्ध और कटिबद्ध अनेक संस्थाओं में हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, काशी नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी आदि शामिल हैं। ऐसी कितनी ही हिंदी सेवी संस्थाएं भारत के विभिन्न प्रान्तों में बड़े उत्साह से बनी थीं, वे आज निष्क्रिय ही नहीं निर्जीव सी हो रही हैं और अपनी पूर्व प्रतिष्ठा और गरिमा खो चुकी हैं। अब न उनके पास कोई योजना है, न ही वहां अध्ययन -अनुसंधान की कोई व्यवस्था है।

शासकीय अनुदान के अभाव में वे अब केवल ऐतिहासिक उल्लेख के लिए महत्वपूर्ण रह गई हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि 17 वर्षों में भारत की जनसंख्या में तो बहुत वृद्धि हुई है पर हिंदी भाषा भाषियों की संख्या हर दस वर्षीय आंकड़ों में बढ़ती नहीं घटती दिखाई पड़ेगी। यदि वर्ष 1961 के जनगणना के आंकड़े देखें और अब तक के जनसंख्या आंकड़े मिलाएं तो हिंदी की स्थिति देखें और उनका विश्लेषण करें तो आपको आश्चर्य होगा। हिंदी भाषा भाषियों की संख्या पहले से आज सरकारी आंकड़ों कितनी कम हो गई है यह जानकर आपको विस्मय होगा।

भाषावैज्ञानिकों की दृष्टि में हिंदी की 17 प्रधान उप-भाषाएँ बताई गई हैं जिनमें राजस्थानी, पूर्वी हिंदी, पश्चिमी हिंदी, बिहारी और पहाड़ी की गणना होती है। मीरांबाई, नरपति नाल्ह, चंद बरदाई, जायसी, तुलसी, सूरदास, नन्ददास, मतिराम, पद्माकर, केशवदास, विद्यापति, भिखारी ठाकुर, प्रेमचंद, जय शंकर प्रसाद, निराला का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। शिक्षा में हिंदी का माध्यम प्राथमिक स्तर से उच्चतम स्तर तक होने का सपना भारत के स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था, पर देश में आज बहुत कम अच्छे प्राथमिक विद्यालय हैं जहाँ शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी न हो। विश्व के सभी विकसित देशों में शिक्षा का माध्यम प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक देश की भाषा ही होता है। उच्च स्तर पर शिक्षा का माध्यम हिंदी को बनाने के लिए भारत सरकार ने वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली आयोग और केन्द्रीय हिंदी निदेशालय बनाया। हिंदीमें तकनीकी साहित्य और वैज्ञानिक साहित्य प्रकाशित करने के लिए केन्द्रीय माध्यम कार्यान्वयन बोर्ड भी बनाया। ये सभी संस्थाएं आज भी कार्यरत हैं। इसके बावजूद हिन्दी शिक्षा का माध्यम नहीं बन सकी।

शिक्षित समाज के पारस्परिक बोलचाल में एक प्रकार की मिश्रित हिंदी ही आपको सामान्यत: सुनने को मिलेगी। भाषा और लिपि का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध कहा जाता है। सच तो यह है कि भाषा पूर्ण शुद्धता के साथ अपनी लिपि में ही पढ़ी जा सकती है। आचार्य बिनोवा भावे जीवन भर देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता और उसके महत्व को समझाते रहे पर पिछले वर्षों में रोमन लिपि में हिंदी पढ़ने और समझने वाले बढ़ते गये और अब आभिजात्य वर्ग के भारतीय इस बात में गौरव समझते हैं कि वे हिंदी रोमन लिपि में लिखते और पढ़ते हैं। बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता और अभिनेत्रियाँ अपने हिंदी संवादों का अभ्यास रोमन लिपि में लिखी हिन्दी को पढ़कर ही करते हैं। वैसे भारत, हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनाने के लिए कई दशकों से प्रयत्नशील है। विदेशों में 'विश्व हिंदी सम्मेलन' का चार दशकों से आयोजन, 'विश्व हिंदी सम्मान' का वितरण और इसके लिए करोड़ों रुपयों का व्यय उसी उद्देश्य के लिए किया जाने वाला राष्ट्रीय उपक्रम है। विदेश में सरकार के प्रयत्न और अनुदान से विश्व के अनेक देशों में हिंदी पीठ की स्थापना हुई है और हिंदी के पाठ्यक्रम चल रहे हैं।

लेकिन छात्रों की निरंतर घटती संख्या से विदेशी विश्वविद्यालय में चलने वाले पाठ्यक्रम धीरे-धीरे बंद होते जा रहे हैं। भारत से भेजे गये अध्यापक भाषा शिक्षण की नवीनतम पद्धतियों से अपरिचित हैं इसलिए वे भाषा के स्थान पर साहित्य पढ़ाना चाहते हैं, जबकि विदेशी विद्यार्थी साहित्य नहीं वार्तालाप की हिंदी सीखना चाहते हैं जो उनके लिए आजीविका की दृष्टि से उपयोगी है। परिणामत: हिन्दी कक्षाएं जब छात्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति न कर पाने और पाठ्यक्रम सामान्यत: स्व-वित्त पोषित होने के कारण वे धीरे-धीरे बंद होते जाते हैं।

आज विश्वविद्यालय स्तर पर भाषा विभागों में हम भाषा अध्ययन पर बल न देकर साहित्य शिक्षण पर बल दे रहे हैं। हम यह आज भूल गये हैं कि भाषा और साहित्य दो अलग अलग अनुशासन है। भाषा का अनुशासन पक्ष बहुत व्यापक है। हिंदी के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास और प्रसार की बात जब होती है तो उसका अर्थ हिंदीभाषा का प्रसार है न कि हिंदी साहित्य का प्रसार। साहित्य, भाषा की उच्चतम उदात्त भावाभिव्यक्ति है। जब तक भाषा पर अच्छा अधिकार नहीं उत्कृष्ट साहित्य सृजन या साहित्य की समझ संभव ही नहीं। जिन विदेशी विद्यार्थियों ने श्रम कर हिंदी भाषा पढ़ी और जो भारतीय दूतावास-उच्चायोग में नौकरी के लिए इसका महत्व समझते हैं, उनको निराशा होती है।

विदेश में हिंदी को बचाने और बढ़ाने के लिए हमें मारीशस, फीजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबागो, गुयाना और दक्षिण अफ्रीका आदि पर ध्यान देना होगा। ये देश हिंदी में आजीविका नहीं ढूँढ़ते, बल्कि हिंदी को अपनी अस्मिता मानते हैं, इसलिए अपने-अपनेदेशों में वे हिंदी प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। हिंदी का एक शुक्ल पक्ष भी है। नई तकनीकी सुविधाओं की दृष्टि से हिंदी ने अपना पर्याप्त विस्तार किया है। अंग्रेज़ी की तुलना में हिंदी में मोबाइल पर बात करनेवालों की संख्या की तुलना की कोई सोच ही नहीं सकता। वाट्सऐप ईमेल पर भी हिन्दी का बढ़ता प्रभाव भारत में स्पष्ट दिख रहा है।

हिंदी में यांत्रिक सुविधाओं का दिन प्रतिदिन विकास हो रहा है लेकिन हमारा ध्यान मानकीकरण पर उतना नहीं है मुझे विश्वास है कि भारत का तकनीकी ज्ञान हिंदी को समृद्ध करेगा और हम इस क्षेत्र में विश्व के विकसित देशों के समकक्ष शीघ्र ही हो जायेंगे। संख्याबल की दृष्टि से हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यक्रम मन की बात से हिंदी को लोकप्रिय बनाने में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। भारत सरकार द्वारा हिंदी में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रकार हिंदी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

सेमीकंडक्टरों हेतु राजनयिक प्रयास

"भारत और सिंगापुर एकसाथ मिल कर मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला बनाने का प्रयास कर रहे हैं।"

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा नीत राजग गठबंधन के लिए वर्तमान समय में घरेलू नीतियां प्रमुख मुद्दा हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार भारत की विदेश नीति बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री ने ब्रूनेई की यात्रा की जो दक्षिण चीन सागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश है। हालांकि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध दशकों पहले स्थापित हुए थे, पर यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्रूनेई यात्रा थी। इससे द्विपक्षीय सबंध मजबूत करने के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में सहायता मिलती है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सिंगापुर यात्रा की जो भारत का क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोगी है। भारत और सिंगापुर अगले वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दोनों देशों ने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को 'समग्र रणनीतिक साझेदारी' में बदलने का निर्णय किया है जो सहयोग के क्षेत्र को विस्तार देगी। सिंगापुर की प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का एक प्रमुख बिंदु दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग को बढ़ावा देना है जिसमें एआई और साइबर सुरक्षा भी शामिल हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों ने डिजिटल स्पेस में सहयोग बढ़ाने पर सहमति प्रकट की। व्यापार ढांचा फ्रेमवर्क में साझेदारी का महत्वपूर्ण स्थान है। सिंगापुर अनेक बड़ी तकनीकी कंपनियों का गढ़ है जिसमें से अनेक का क्षेत्रीय मुख्यालय इस द्वीप देश में है।

इन कंपनियों का व्यापार भौगोलिक रूप से पूरे एशिया और मुख्यत: भारत में फैला हुआ है। प्रधानमंत्री की यात्रा में परिष्कृत तकनीक विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टरों को महत्वपूर्ण स्थान मिला।

इस यात्रा के बाद जारी बयान में कहा गया है, 'दोनों प्रधानमंत्रियों ने महत्वपूर्ण व उभरते तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति प्रकट की। दोनों प्रधानमंत्री सहमत थे कि उत्कृष्ट विनिर्माण व खासकर मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलायें बनाना द्विपक्षीय सहयोग का नया स्तंभ हो सकता है।'

दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-सिंगापुर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी पर एमओयू हस्ताक्षर का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के फोरन बाद अमेरिका सरकार ने भी भारत के साथ नई साझेदारी की घोषणा की जिसमें सप्लाई श्रृंखला को मजबूत करने पर अनेक अवसरों पर ध्यान दिया गया है। इसकी फंडिंग 'इंटरनेशनल टेक्नोलोजी सिक्यूरिटी एंड इनोवेशन फंड'-आईटीएसआई द्वारा की जाएगी जिसकी स्थापना अमेरिका में चिप्स एक्ट, 2022 द्वारा की गई थी।

चिप्स एक्ट के अंतर्गत अमेरिका को कुछ पैसा विकासशील देशों में सहयोगियों व साझेदारों के साथ विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखला पर करने की अनुमति दी गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रेस वक्तव्य में कहा गया है, 'शुरुआती चरण में भारत की वर्तमान सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम और नियामक ढांचे तथा कार्यबल व ढांचागत संरचना आवश्यकताओं का समग्र आंकलन शामिल है। अमेरिका का अनुमान है कि प्रमुख भारतीय पक्ष, जैसे राज्य सरकारें, शिक्षा संस्थान, शोध केन्द्र तथा निजी कंपनियां इस विश्लेषण में भाग लेंगी जिसे इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन द्वारा किया जाएगा। इस आंकलन से प्राप्त जानकारी संभावित भावी संयुक्त उद्यमों का आधार बनेगी जो इस उभरते क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अमेरिका और भारत यह सुनिश्चित करने में प्रमुख साझीदार हैं कि वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला वर्तमान समय में जारी वैश्विक डिजिटल परिवर्तनों के अनुकूल होगी। आवश्यक उत्पादों का विनिर्माण वाहनों से लेकर चिकित्सा उपकरणों में उपयोगी होगा। सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखला की मजबूती और शक्ति इसके लिए महत्वपूर्ण है।'

इस सप्ताह भारत ने वैश्विक सम्मेलन 'सेमीकान' का आयोजन किया है जिसमें भारतीय सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में निवेशों को आकर्षित किया गया है। भारत इस सर्वाधिक आधुनिक उपकरण व मशीनरी के अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है जिसे 'चिप्स' कहा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया सिंगापुर यात्रा तथा अमेरिका के साथ सहमति मेमोरैंडम पर हस्ताक्षर से भारत

आप की बात

बुजुर्गों की देखभाल

देश के 70 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक की ईलाज की नि:शुल्क व्यवस्था कर सरकार ने एक सराहनीय कार्य किया है। बीमा कंपनियां अपने हेल्थ इंश्योरेंस में 60 वर्ष से अधिक के लोगों का बीमा नहीं करती या करती भी है तो उसकी दरें बहुत ज्यादा होती है। इस योजना को लागू करने के बाद सरकार को अब सभी बड़े सरकारी व निजी हॉस्पिटलों को इस योजना के हकदार लोगों का बिना आनाकानी के व्यवस्थित इलाज करना सुनिश्चित करना चाहिए। इस सुविधा के साथ 5 लाख रुपए के बीमा सुविधा देने की भी जानकारी दी जा रही है। इसके बारे में कुछ और स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए। अब बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाने की भी सुचारू रूप से व्यवस्था करनी चाहिए। इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। बुजुर्गों की देखभाल की दिशा में उनके रोगों के इलाज और अस्पताल में भर्ती होने पर सुविधाओं के साथ उनकी नियमित देखभाल, सामान्य स्वास्थ्य जांचों तथा खानपान की सलाह देने के लिए एक व्यापक व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। देश के पहले गैर-कांग्रेस स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय राजनारायण ने स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की शानदार व्यवस्था की थी। ऐसी व्यवस्था बुजुर्गों का सहज व निरोग जीवन सुनिश्चित कर सकती है।

-सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

न्यायपालिका पर निशाना

वर्ष 2009 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में सीजेआई के.जी. बालकृष्णन शामिल हुए तब वह सेक्युलर था किन्तु हाल ही में सीजेआई डी.वाय. चंद्रचूड़ द्वारा रखी गणेश पूजा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए तो वह न्यायपालिका के लिए समझौता हो गया? असल में विपक्ष इस मुलाकात पर शोर-शराबा मचा कर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ तथा प्रकारान्तर से न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का मौका तलाश रहा है। प्रधान न्यायाधीश अपने पूरे कार्यकाल में निष्पक्षता व तटस्थता की नीति पर चले हैं और उन्होंने सरकार को असहज करने वाले अनेक फैसले किए हैं। विपक्ष को परेशानी संभवत: मोदी-चंद्रचूड़ की मुलाकात के बजाय गणेश पूजा को लेकर भी है। मोदी सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष अपने अनुकूल फैसले न आने पर न्यायपालिका पर सवाल उठाता रहा है, जबकि सरकार के खिलाफ कोई फैसला आने पर वह या तो खामोश रहता है या इसे संविधान की विजय बता देता है। उम्मीद करनी चाहिए कि जस्टिस चंद्रचूड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्ष के इस विलाप से प्रभावित नहीं होंगे। उम्मीद है कि कुछ ही महीने में रिटायर होने वाले जस्टिस चंद्रचूड़ कई अभूतपूर्व व असाधारण फैसले देंगे।

- शकुन्तला महेश नेनावा, इंदौर

हरियाणा चुनाव

हरियाणा में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में टिकट वितरण से नाराज होने, उम्मीदवारों को पदाधिकारियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होने, आम आदमी पार्टी के साथ समझौता नहीं होने, मुख्यमंत्री उम्मीदवार नेतृत्व नहीं होने से परेशानी बनी हुई है। इसके साथ ही चुनाव में बसपा, जेजेपी व इनेलो द्वारा कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। बसपा, इनेलो, माकपा एवं हलोपा का गठबंधन सिद्धांतों, विचारधारा एवं घोषणापत्र के आधार पर न होकर केवल भाजपा विरोध के आधार पर बना है। यह गठजोड़ बड़े दलों के आगे फिसड्डी साबित होगा। एनडीए द्वारा करवाए गए विकास कार्यों की श्रृंखला के आगे विपक्षी बौने साबित हो रहे हैं। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हरियाणा में होने वाली सभाओं से होने वाला शंखनाद भाजपा को हैट्रिक लगाने में मददगार साबित होगा। चुनाव में सभी दलों ने जातिगत आधार पर टिकट वितरण किया है, लेकिन भाजपा में मजबूत संगठन की पकड़, हिंदुत्व एवं प्रदेश में किए गए विकास से फिलहाल भाजपा विपक्ष की तुलना में ज्यादा प्रभावी दिख रही है। हरियाणा में होने वाला बहुकोणीय मुकाबला भी भाजपा के लिए लाभदायक तथा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाता दिख रहा है।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

कमला-ट्रंप बहस

डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच हुई 10 दिसंबर की टीवी डिबेट को 7 करोड लोगों ने देखा। यह अमेरिका में चुनाव प्रचार का शानदार तरीका है। अमेरिका में रेलियों में भीड़ इकट्ठी नहीं की जाती और मुख्यत: टेलीविजन डिबेट के आधार पर ही मतदाता अपने लिए प्रतिनिधि का चयन मन ही मन कर लेते हैं। डिबेट में कमला हैरिस के सवालों के आगे ट्रंप की बॉडी लैंग्वेज मैं कहीं आक्रामक मूड नजर नहीं आया। न्यायालय में चल रहे हैं उन पर कई तरह के गंभीर आरोपों का भी सवाल कमला ने उठाया। रूस-यूक्रेन तथा इसराइल-हमास युद्ध रोकने पर भी अपनी किसी नीति का खुलासा ट्रंप नहीं कर सके। डिबेट के बाद मीडिया में लोगों ने कमला हैरिस को अधिक पावरफुल बताया। भले ही इस टीवी डिबेट में कमला हैरिस को बढ़त मिल गई हो, पर डोनाल्ड ट्रंप को अभी से खारिज कर देना उचित नहीं होगा। अमेरिका के ग्रामीण व श्वेत मतदाताओं का बड़ा हिस्सा ट्रंप के साथ है और वे अमेरिका में आने वाले प्रवासियों से आशंकित हैं। भावी टीवी डिबेट्स अमेरिकी राष्ट्रपति का व्हाइट हाउस की ओर पहुंचने का मार्ग तय करेंगे।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

पात्रों व्यक्तियों को ही मिले सरकारी योजनाओं का लाभः अंकिता जैन

● सीडीओ ने किया विकास भवन का निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा

प्रभारी जिलाधिकारी/सीडीओ अंकिता जैन ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्हें जहां भी खामियां दिखीं उसको सुधार करने का संबंधित को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति को भी चेक किया। साथ ही विकास भवन स्तर पर संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं के बावत अधिकारियों से उसके प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी/सीडीओ अंकिता जैन ने विकास भवन परिसर में साफ-सफाई रखने, अधिकारियों/कर्मचारियों की अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थिति एवं पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराए जाने के बावत निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, मनरेगा विभाग, रेशम विभाग, डीआरडीए विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास भवन स्तर पर संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ केवल पात्रों को ही दिलाना सुनिश्चित हो। साथ ही विकास भवन में आने वाले लोगों की समस्याओं का समय से समाधान कराया जाये। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डिजिटल सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को डीएम ने किया सम्मानित

रायबरेली। डिजिटल कार्य सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन में सम्मिलित किया। सभी कर्मचारियों को एग्रीस्टैक कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। सदर तहसील से अमित सिंह, मेराज खान, हर्ष त्रिवेदी, महाराजगंज से विवेक कुमार, कृपा शंकर, कृष्ण कुमार मौर्य, सुधीर कुमार वर्मा, सलोन से जितेंद्र सिंह, राजकुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। खरीफ 2024 में डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रदेश की सर्वोच्च टॉप टेन सूची के इन सर्वेयर जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया और जनपद के टॉप 10 सर्वेयर जिन्होंने जनपद में सबसे ज्यादा खसरो का सर्वे का कार्य किया ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों को जिलाधिकारी ने अपने कर कमलों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनका उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपके कार्यों से जनपद की रैंकिंग बेहतर हुई है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। आगे भी इस तरह के प्रयास होते रहने चाहिए जिससे कि जनपद सर्वोच्च बना रहे।

आल इन वन चैम्पियन गोरखपुर टीम, कबड्डी में देवरिया तो खो खो में कुशीनगर प्रथम

संवाददाता। संतकबीरनगर

गोरखपुर जोन की प्रथम अन्तरजनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला / पुरूष) कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, फ्रेसिंग प्रतियोगिता वर्ष-2024 का आयोजन 10 सितंबर से 13 सितंबर तक पुलिस लाइन संतकबीरनगर / रीजनल स्टेडियम गोरखपुर में सम्पन्न कराया गया । इस प्रतियोगिता में जोन की कुल 11 टीमों जनपद गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बहराईच, श्रावस्ती, बलरामपुर से कुल 310 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियों द्वारा अनुशासन का परिचय देते हुए खेल भावना से भाग लेने पर बधाई देते हुए प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया । इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल क्षेत्राधिकारी लाइन्स केशवनाथ, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रजनीकान्त ओझा, उ0नि0 सुभाष चन्द्र, म0उ0नि0 सरिता नागवंशी, मु0आ0 शिवधनी यादव तथा रेफरी की भूमिका में खेल अनुदेशक लाल बिहारी यादव, सहायक अध्यापक इन्द्रेश कुमार पाण्डेय, रमेश प्रसाद, अरविन्द कुमार मिश्र, रामकरन, उमेश त्रिपाठी व अब्दुल करीम खॉन ने अपना अमुल्य समय देकर इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग दिया। कबड्डी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में जनपद देवरिया की टीम ने 22 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद संतकबीरनगर की टीम 19 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, कबड्डी प्रतियोगिता महिला वर्ग में जनपद देवरिया की टीम ने 46 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद श्रावस्ती की टीम ने 21 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जनपद देवरिया की टीम ने 6.30 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया।

आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में टेन्डर पॉम चिकित्सालय लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण षिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टेण्डर पॉम हॉस्पिटल के डॉक्टर अंकिता मनि (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सिद्धार्थ तिवारी (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सिद्धार्थ साह नन्दी (हृदय रोग विशेषज्ञ) एवं डॉक्टर त्रिनैनी बरूआ (एम डी मेडिसिन) के द्वारा चिकित्सालय में आये 240 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सम्पूर्ण शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए जीवनशेल्ली में बदलाव पर भी सुझाव दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पहली बार कुछ विशेष जाँचो का समावेश किया गया जैसे बोन मिनरल डेनस्टी टेस्ट ;बीएमडीद्ध, पल्मोनरी फंक्षन टेस्ट ;पीएफटीद्ध एवं थायरॉयड फ्रोफाइल एवं ब्लड टेस्ट, ईसीजी। इसमें बोन मिनरल डेनस्टी टेस्ट ;बीएमडीद्ध के 50 टेस्ट, पल्मोनरी फंक्षन टेस्ट ;पीएफटीद्ध के 10 टेस्ट एव थायरॉयड फ्रोफाइल एवं ब्लड टेस्ट के 45 टेस्ट किये गये।

सतांव क्षेत्र की बरऊवा ग्राम पंचायत की गौशाला में गोवंशों की है दुर्दशा

सतांव, रायबरेली। विकास खंड सतांव क्षेत्र की बरऊवा ग्राम पंचायत की गोशाला में संरक्षित पशुओं की दुर्दशा सामने आई है। इस गोशाला में पिछले दिनों गोवशो की भूख-प्यास से तड़प-तड़पकर मरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जबकि कई गायें मरणासन्न अवस्था में है। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिन से यहां गायों की मौत हो रही है। उनके शव गोशाला के पीछे घसीटकर डाल दिए गए हैं। ग्राम पंचायत बरऊवा गोशाला में शुरुआत से ही लापरवाही बरती जा रही है। दो माह पहले खंड विकास अधिकारी संजय कुमार कनौजिया ने स्वयं यहां का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मृत गायें व अव्यवस्था मिली थी। लेकिन जांच करके केवल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बीडीओ के निरीक्षण के भूसे और चारे की व्यवस्था भी नहीं थी। जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हाल ही में एक सप्ताह पूर्व गायों की मरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा ?। सरकारी तंत्र के हाथ पांव फूलना शुरू हो गये लेकिन जांच पर जांच हुई और पुनः ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आखिर कब तक बेसहारा गोवंश भूख से दम तोडते रहेंगे।

प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार से सहारा गोवशों के पालने के लिए गौशालाओं का निर्माण लाखों रूपए खर्च करके करवाया। यहां पलने वाले गोवशों को खाने के लिए प्रति गोवंश पचास रूपए खर्च कर रही है। लेकिन पंचायत के प्रधान व तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के बंटरबाट में गोवशों के लिए चारा नहीं उपलब्ध हो पाता है। जिसका कारण है कि बे सहारा गोवंश को खाने के चारा न मिलने से मौत की नींद सो जाते हैं। ग्राम पंचायत बरऊवा में जहां पर यह गोशाला बनी है। वहां कई बीघा ग्राम पंचायत की जगह है। सरकारी जमीनों पर कई लोगों ने उस पर कब्जा भी कर लिया है। बताया जा रहा है कि यहां पिछले कई दिन से गायों की मौत हो रही है।

घर-घर जनसंपर्क कर दिलाई गई भाजपा की सदस्यता

अयोध्या। भाजपा के सदस्यता महाअभियान में शुक्रवार को क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने रानोपाली शक्ति केन्द्र के अवैधनाथ वार्ड में घर-घर जनसम्पर्क कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान जनसम्पर्क के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। महानगर प्रभारी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्तो पर चलते हुए सबका विश्वास भी हासिल करने में सफल हुई है। गरीबों के चहरे पर खुशहाली लाने का प्रयास योजनाओं के माध्यम से किया गया है। हर पात्र को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला है। इसके कारण भाजपा को लेकर जनता में उत्साह का माहौल है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति की उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने के उपरान्त समाज के हर वर्ग का साथ भाजपा को मिल रहा है।

सबका साथ सबका विकास के साथ हमारा उद्देश्य सबका विश्वास हासिल करना है। घर-घर सम्पर्क कर बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी जायेगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि हम जन समान्य व गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

क्विक न्यूज

राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

अमेठी। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आज सभी परियोजनाओं में पोषण रैली का आयोजन किया गया। सिंहपुर में सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम द्वारा पोषण के विषय पर एक गोष्ठी की गई। जिसमें सभी कार्यकत्रियों को अपने केंद्र पर एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने तथा सैम बच्चे के घर पर भी सहजन का पेड़ लगाने की अपील की गई। गर्भवती महिलाओ के यहां गृह भ्रमण कर प्रसव पूर्व तैयारी करवाने, जन्म से 06 माह तक के बच्चो को सिर्फ मां का दूध इसके अलावा कुछ नही का संदेश प्रचारित करने हेतु कहा गया। इसके बाद पोषण रैली निकली गई। रैली में आगनवाड़ी कार्यकत्री यूनिसेफ बीएमसी साधना और बीएमएम ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य सेविका आदि मौजूद थीं।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

अमेठी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुये । निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेन्टेन करने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक अदालत प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने दिनांक 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त प्रचार वाहन जनपद के तीनों तहसीलों में समस्त सार्वजनिक स्थलों पर 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लोगों को जागरूक एवं प्रचार प्रसार करेगा। प्रचार वाहन के साथ आम जनमानस में पंपलेट वितरित करने हेतु दो पराविधिक स्वयंसेवक की ड्यूटी भी लगाई गई है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वादकारी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का समाधान सुलह समझौते के माध्यम से करवा सकते हैं।

नगदी और जेवरातों से भरा झोला साइकिल सहित उड़ाया

लालगंज, रायबरेली। सराफा लूटकांड का पुलिस पर्दाफास भी नहीं कर पायी थी कि अज्ञात चोरों ने कस्बे के सब्जी मंडी से बुधवार की शाम को एक सराफा दुकानदार का जेवरात और रूपयों से भरा झोला साइकिल समेत पार कर पुलिस को पुनः चुनौती दे दी है। झोले में 45 हजार रुपये नगद व एक किलोग्राम चांदी और पांच छः ग्राम के सोने के जेवरात थे। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के शांति नगर मोहल्ला निवासी रामदुलारे सोनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह सोने चांदी का कारोबार करता है।

घास काटने गई महिला जंगली जानवर के हमले में घायल

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर रामगढ़ी गांव निवासिनी एक महिला पर बुधवार की शाम एक जंगली जानवर ने हमला बोल दिया। जिससे वह जख्मी हो गई। उसने अपना इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया है। महिला ने चिकित्सीय स्टाफ से बताया कि बुधवार की शाम को वह खेतों में घास काटने के लिए गई थी। तभी किसी तेंदुए की शक्ल वाले जानवर ने पीछे से आकर उसका हाथ अपने मुंह में भर लिया। उसने जोर का झटका देकर शोर मचाया तो वह वहां से भाग गया। महिला भोला देवी (50) पत्नी लक्ष्मीशंकर का दावा है उस पर तेंदुए ने हमला किया है। पहले तो चिकित्सीय स्टाफ ने महिला की बातों पर भरोसा नहीं किया। बाद में महिला के बार बार कहने पर अपने रिकॉर्ड में पैंथर बाईट दर्ज कर लिया।

बाढ़ प्रभावित मऊ गांव में मोटर बोट से पहुंचे डीएम ने ग्रामीणों का लिया हालचाल

संवाददाता। उरई, जालौन

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तहसील कोंच के ग्राम मऊ में मोटर बोट से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार भी मौजूद रहे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ राहत पैकेट, पीने का पानी आदि वितरित किए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता कर हालचाल जाना। उन्होंने वहां रह रहे लोगों से कहा कि आप लोगों को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है हम आपके लिए तत्पर खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति को निपटने के लिए बाढ़ चौकियां तथा प्रशासनिक के अधिकारियों व डाक्टरों आदि को लगाया गया है जिससे किसी भी ग्रामीण को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित समस्त गांव को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त रसोई बनाई गई है जिससे किसी को खानपान की कोई समस्या न हो सके इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिन घरों में बाढ़ का पानी पहुंचा है उनके लिए राहत शिविर बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू करके बाढ़ राहत केंद्रों तक पहुंचाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणसील रहकर निगरानी रख रही है जिससे कहीं से भी सूचना आती है तो वह मौके पर पहुंचकर बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को राहत शिविरों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत केंद्रों में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाना, नाश्ता, पानी, प्रकाश, दवाई आदि सहित आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं।

फोर मेडलिस्ट आनंद प्रताप सिंह ने लहराया परचम

लालगंज रायबरेली। वर्ल्ड फायर फाइटर गेम में आनंद प्रताप सिंह ने शॉट पुट थ्रो , चार सौ रिले रेस, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो में चार गोल्ड मेडल जीत कर डेनमार्क में भारत का परचम लहराया है। श्री सिंह की इस विशेष उपलब्धि पर फायर ब्रिगेड में हर्ष की लहर दौड़ गई। डेनमार्क में आयोजित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में 75 देश ने प्रतिभाग किया जिसमें भारत से फायर सर्विस चालक आनंद प्रताप सिंह ने शॉट पुट थ्रो, चार सौ रिले रेस, हैमर थ्रू डिस्कस थ्रो आदि खेलों में बैसवारी का दमखम दिखाते हुए चार गोल्ड मेडल जीत कर अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवाया। डेनमार्क देश में आयोजित 15 वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स 2024 में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए आनंद प्रताप सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम जंगली खेड़ा थाना बीघापुर जनपद उन्नाव नियुक्ति फायर मैन ,फायर सर्विस ने भारत देश के लिए दो गोल्ड मेडल जीत कर देश का मान बढ़ाया।

कालेज प्रबंधिका सहित आधा दर्जन लोगों पर संगीन धाराओं में मुकदमा

● अदालत के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

कालपी, जालौन। आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज के प्रबंधन को प्रधानाचार्या को निलंबित करना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को पुलिस ने अदालत के आदेश पर प्रबंधिका सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। विदित हो कि काफी दिनों से नगर स्थित आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज में प्रबंधन और प्रधानाचार्या के मध्य कागजी जंग चल रही थी। इसी मामले को लेकर प्रबंधन ने गत दो माह पहले कालेज की प्रधानाचार्या को निलंबित कर दिया था।

और प्रबंधन की इस कार्यवाही को जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी सही ठहराकर निलंबन की पुष्टि कर निलम्बित प्रधानाचार्य को दूसरे विद्यालय में संबद्ध कर दिया था और इसी उठापटक के बीच गत माह निलंबित प्रधानाचार्या ने कार्यवाहक प्रधानाचार्या रजनी पुरवार के साथ कालेज परिसर में मारपीट भी कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाहक प्रधानाचार्या की तहरीर पर निलंबित प्रधानाचार्या के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था। सूत्रों की माने इस मामले के बाद निलंबित प्रधानाचार्या ने अदालत का सहारा लिया था और गत दो दिनों पूर्व अदालत ने मामले में कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए थे।

और इसी के चलते शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने कालेज की प्रबंधिका सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है पुलिस जांच कर रही है और शीघ्र ही इस मामले का निस्तारण गुण दोष के आधार पर किया जाएगा।

सुगम यातायात व्यवस्था के लिये डीएम ने दिए गड्ढे सही करने के निर्देश

संवाददाता। उरई, जालौन

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा की बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कोंच बस स्टैण्ड के पास सुहाग महल के सामने मार्ग पर गड्ढों को तत्काल ठीक कराए। प्राइवेट वाहन चालकों एवं सरकारी वाहन चालकों के समय समय और कैम्प आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, यह कैम्प निरंतर चलाए जाए।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग व सम्भागीय परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में यातायात संबंधित नियमों की जानकारी एवं उनका पालन करने हेतु विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वाधिक दुर्घटना वाले मार्गो पर ब्लैक स्पॉट के अतिरिक्त ऐसे ब्लैक स्पॉट जहां भविष्य में घातक दुर्घटना की संभावना हो उन्हें चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे, साथ ही हाईवे पर गौवंश विचरण करते हुए न दिखाई दे।

उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी मार्गों पर सड़क किनारे स्थित विद्युत पोलों एवं खुले में रखे हुए ट्रान्सफार्मरों को मार्ग से उचित दूरी पर विस्थापित करने की कार्ययोजना गठित कर अनुमोदित, स्वीकृत कराने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाये। एवं मार्गों पर विद्युत पोल या ट्रान्सफार्मर गठित लगाने से पहले सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी अवश्य प्राप्त कर लिया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राइवेट बसों की फिटनेस जांच एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो की समय समय पर जांच भी सुनिश्चित की जाए, साथ ही जजी के सामने ऑटो चालक अपना वाहन खड़ा न करने पाए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक अप्रिय दुर्घटना होने के समय स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संपादित की जाए जिससे घायलों को ससमय एवं सही इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

भक्तों ने गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन

जालौन, उरई। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के मनमोहक गीतों के बीच भगवान गणेश को शुक्रवार को धूमधाम के साथ विसर्जित किया गया। इस दौरान प्रथम पूज्य कहे जाने वाले भगवान श्रीगणेश के भक्त अपने ईष्टदेव के भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। नगर में 13 स्थानों पर और ग्रामीण क्षेत्र में चार स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। सात दिन तक चले पर्व में भगवान श्रीगणेश के पांडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। एक सप्ताह तक सुंबह शाम भक्तों ने भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की। नगर के बाजार बैठगंज में मराठा समुदाय द्वारा गणेश चतुर्थी के मौके पर श्रीगणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। कुछ जगहों पर भक्तों ने घरों में भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की थी।

शुक्रवार को तय कार्यक्रम के अनुसार भगवान श्रीगणेश के प्रतिमा को लेकर भक्त द्वारिकाधीश मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां जुलूस की शकल में एक-एक करके सभी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए कतारबद्ध किया गया। यह जुलूस तहसील रोड कोतवाली रोड, लौना रोड होकर नारायणपुरा स्थित बंबा पर पहुंचा। जहां विधि विधान पूर्वक नम आखों से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

कालपी में यमुना का जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना

संवाददाता। कालपी, जालौन

तेजी से बढ़ रहे यमुना के जलस्तर ने तलहटी में बसे वाशिंदों के साथ प्रशासन को भी चिन्तित कर दिया है। शुक्रवार को नदी का पानी चेतावनी स्तर पर पहुंच गया है जिसके खतरे के निशान को पार कर जाने की भी संभावना है।

विदित हो कि गत वर्ष यमुना नदी का जलस्तर ज्यादा नही बढ़ा था लेकिन इस वर्ष अच्छी बरसात होने के कारण आशंका व्यक्त की जा रही थी कि इस बार बाढ़ आ सकती है और नदी का जलस्तर कई बार बढ़ा भी पर 105 मीटर के आंकड़े से अधिक नहीं हो सका था जिसके चलते यमुना की तलहटी में बसे वाशिंदों के साथ प्रशासन ने भी राहत की सांस ली थी लेकिन भादौ मास के आखिरी दिनों में लगातार कई दिनों से हो रही बरसात से नदियों का पारा चढ़ गया है और विगत तीन दिनों से यमुना और बेतवा का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया था जो शुक्रवार को भी जारी रहा। केन्द्रीय जल आयोग के जिम्मेदार रूपेश कुमार के अनुसार जनपद तथा आसपास के ऊपरी जिलों में जारी बरसात से यमुना की सहायक नदियों पहूज, सिन्धु, नून नदी आदि नदियों ने रौद्र रूप ले रखा है।

जिसका असर यमुना के जलस्तर पर पड़ा है आलम यह है कि शुक्रवार 3 बजे तक यमुना का जलस्तर 107 मीटर के लगभग पहुंच गया है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के मुताबिक चम्बल स्थित कोटा बैराज से भी पानी छोड़ा गया है जिससे नदी का जलस्तर अभी और बढ़ेगा और संभावना है कि जलस्तर खतरे के निशान 108 मीटर को भी पार कर जायेगा अगर ऐसा हुआ तो यमुना की तलहटी में बसे कई गांवों तक पानी पहुंच सकता है।

नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार किया तो क्षेत्र के ग्राम देवकली, कीरतपुर, मैनूपुर, गुढ़ा खास, शेखपुर गुढ़ा, हीरापुर, के साथ पुलिस ट्रेनिंग सेंटर मगरौल के साथ ग्राम रायढ़ दिवारा, पिपरौंधा आदि गांव के वाशिन्दे सीधे सड़क सम्पर्क से कट जाएगे जबकि पड़री, नरहान और उरकरा कला का सड़क सम्पर्क पहले ही टूट चुका है। सैकड़ों बीघा खरीफ की फसलें बर्बाद हुई हैं।

उर्वरक दुकानों पर छापामारी में 11 नमूने भरे, पांच विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

फर्रुखाबाद। उर्वरक की 40 दुकानों पर अधिकारियों की चार गठित संयुक्त टीमों ने एक साथ अचानक छापामारी में खाद बीज आदि के 11 नमूने भरे गए तथा अनियमितताओ के मामले में पांच उर्वरक विक्रेताओं के तात्कालिक प्रभाव से लाइसेंस निलंबित किए गए। किसानों को खाद एवं बीज निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने केलिए उत्तर प्रदेश कृषि प्रमुख सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ बी.के.सिंह द्वारा जनपद के सभी खंड विकास में खाद एवं बीज विक्रेताओं की दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह के साथ अन्य अधिकारियों की गठित चार संयुक्त टीमों ने एक साथ 40 दुकानों पर अचानक छापामारी करते हुए खाद, बीज आदि के11 नमूने भरे गए।

यहां अधिकारियों की इस अचानक छापामारी की भनक लगते ही दुकानदार दुकान छोड़कर गायब होने लगे। दुकानदारों की अनियमितताओं के मामलो को लेकर 5 खाद बीज विक्रेताओं में अमृतपुर के पाठक खाद भंडार व अमृतपुर के बालाजी किसान सेवा केंद्र व काव्या कृषि केंद्र नवाबगंज व मंगला इटर प्राइजेज मंझना व बालाजी किसान सेवा केंद्र हुसैनपुर बांगर के लाइसेंस तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किए गए। खाद एवं बीज विक्रेताओं के यहां अचानक छापामारी से दुकानदारों में अफरा तफरी के माहौल के साथ ही भगदड मच गई। जिला कृषि अधिकारी बी के सिंह ने बताया कि किसानों को निर्धारित मूल्य परखाद, बीज, कीटनाशक दवाइयां इत्यादि निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए छापामारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

महिला फांसी पर झूलती मिली मायके वालों ने हत्या का आरोप

संवाददाता। फर्रुखाबाद

शुक्रवार को अहले सुबह विवाहिता अपने घर के कमरें में फांसी के फंदे पर झूलती मिली। शव को नीचे उतार ससुराली फरार हो गये। मौके पर पंहुचे महिला के स्वजनों नें हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर हरिहरपुर निवासी विवेक सिंह राठौर का विवाह बीते मई 2015 में जनपद हरदोई के पिहानी निवासी राजपाल की 32 वर्षीय पुत्री सुमन के साथ हुआ था। विवेक ट्रक चालक है। सुमन का शव ससुराल के घर में कमरे के भीतर पंखें के कुंडे से साड़ी से झूलता मिला।

मिली जानकारी के मुताबिक ससुरालियों नें शव को नीचे उतारा और मौके से शव को छोड़कर फरार हो गये। सूचना मिलने पर प्रशिक्षु सीओ अजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी, दारोगा अक्षय कुमार व फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पंहुची और जाँच की। मृतका के एक 4 वर्षीय पुत्री परी व 1 वर्षीय पुत्र शिव है। मृतका के भाई अनिल सिंह नें बहन सुमन के साथ आये दिन मारपीट करनें और प्रताड़ित कर हत्या करनें का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पोस्टमार्टम में नही हुई हत्या की पुष्टिपुलिस नें शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव का पोस्टमार्टम डा.प्रवीन कुमार नें किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुमन की मौत फांसी लगनें से होना पायी गयी।थानाध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी नें बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

सर्राफा कारोबारियों ने डीएम से मांगी सुरक्षा व शस्त्र लाइसेंस

संवाददाता। फतेहपुर

फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन के बैनर तले सर्राफा कारोबारियों ने जिलाधिकारी सी. इन्दुमती से जहां सुरक्षा व शस्त्र लाइसेंस मुहैया कराए जाने की मांग की। वहीं सीसीटीवी कैमरों का पुन: संचालन कराए जाने के साथ ही अतिक्रमण हटाए जाने की भी मांग रखी गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फ पप्पन की अगुवई में सर्राफा कारोबारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि शहर स्थित सर्राफा एवं स्वर्णकार बाजार अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवसायिक केंद्र है। इन दिनों लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं व असामाजिक गतिविधियों के कारण गंभीर सुरक्षा का संकट है।

बाजार में प्रतिदिन हजारों व्यापारी, ग्राहक एवं कर्मचारी आते हैं। हाल के दिनों में बढ़ती चोरी, लूटपाट व अन्य आपराधिक गतिविधियों ने व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। बताया कि इन मुद्दों को लेकर एसपी से भी मुलाकात की थी।

सर्राफा कारोबारियों ने डीएम से शस्त्र लाइसेंस का आवंटन किए जाने, पुलिस गश्त और सुरक्षा बढ़ाए जाने, सीसीटीवी कैमरे का पुन: संचालन करके रख-रखाव करवाए जाने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराए जाने, अवैध अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई किए जाने व सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके व्यापारियों को जागरूक किए जाने की मांग की। इस मौके पर साकेत गुप्ता, रोहित रस्तोगी, मुकेश कुमार सोनी, रवि गुप्ता, मोनू रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, उमेश सोनी, उत्तम रस्तोगी, केशव गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, मानू रस्तोगी, गोराना रस्तोगी, शुभम सोनी, अभय सोनी, मनोज सोनी भी मौजूद रहे।

तेजी से बढ़ रहा यमुना नदी का जलस्तर, एसडीएम ने लिया जायजा

फतेहपुर। एक बार फिर यमुना नदी में तेजी से बढ़ रहे जलस्तर को लेकर कछार के ग्रामीणों में जहां दहशत का माहौल है तो वहीं तहसील प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। खागा एसडीएम ने मौके पर जाकर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जिले की सहायक नदियों में भी जलस्तर बढ़ने से संबंधित गांवों के लोग सहमने लगे हैं। पिछले दिनों आई यमुना नदी की बाढ़ के बाद जलस्तर कम हो गया था। तेजी से कम हो रहे जलस्तर को लेकर किशनपुर क्षेत्र के यमुना किनारे बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन पिछले तीन दिनों से तेजी के साथ बढ़ रहे यमुना के जलस्तर ने लोगों के बीच फिर से दहशत पैदा कर दी है। यमुना किनारे बसे मड़ौली, गढीवा, मझिगवां, सेधरी, महावतपुर असहट समेत कई गांवों के लोगों की बेचौनी बढ़ गई है। हालांकि यमुना का जलस्तर ख़तरे के निशान से काफी नीचे बह रही है। कस्बे के रामलीला मैदान में भी यमुना पानी पहुंचने लगा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि अगले कुछ घंटों तक यमुना का जलस्तर इसी रफ्तार में बढ़ता रहा तो किशनपुर कस्बे के कई वार्ड बाढ़ से प्रभावित हो सकते हैं।

वहीं कई गांव भी बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। यमुना के बढ रहे जलस्तर को लेकरएसडीएम खागा ने यमुना नदी से सटे महावतपुर असहट गांव व किशनपुर कस्बे का दौरा कर जायजा लिया। कस्बे के कई वार्डों में पहुंच कर एसडीएम ने बाढ़ का जायजा लिया। महावतपुर असहट गांव यमुना नदी के बाढ़ से प्रभावित होने वाला सबसे पहला गांव हैं जो बाढ़ आते ही घिर जाता है। जिसको देखते हुए तहसील प्रशासन ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। इस दौरान एसडीएम खागा ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए हैं।

लोधी महासभा ने सांसद स्वामी ब्रह्मानंदजी की 40वी पुण्य तिथि मनाई

फर्रुखाबाद। अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के तत्वावधान में आज प्रवर संत प्रथम भगवाधारी सांसद पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी की 40 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शीशमबाग फतेहगढ़ में रमेश चन्द्र राजपूत फौजी के आवास पर सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने स्वामी जी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे प्रवर संत स्वामी ब्रह्मानंद जी का जन्म हमीरपुर जिले की राठ तहसील के बरहरा गांव में साधारण किसान परिवार में हुआ था , पिता मातादीन लोधी व माता जशोदाबाई थीं तथा प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर में मिली , उन्होंने बचपन से ही समाज में फैले अंधविश्वास, अशिक्षा तथा अनेकों कुरीतियों का डटकर विरोध किया और घर पर रहकर ही रामायण , गीता , उपनिषदों , शास्त्रों का गहन अध्ययन किया । स्वामी जी ने 24 वर्ष की आयु में पुत्र और पत्नी का मोह त्याग गेरुए वस्त्र धारण कर हरिद्वार में हर की पौड़ी पर सन्यास की दीक्षा ली।, 1921 में महात्मा गांधी से भेंटकर स्वतंत्रता-संग्राम आंदोलन में कूद पड़े उन्होंने नारा दिया था कि उठो वीरों दासता की जंजीरों को तोड़ दो , दासता के जीवन से मृत्यु कहीं श्रेयस्कर है ।

आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए , बुंदेलखंड में 1938 से शिक्षा की अलख जगाई और उच्च शिक्षा हेतु कई विद्यालयों की स्थापना की , पहली बार जनसंघ से लोकसभा हमीरपुर से 1967 में भारी मतों से रिकार्ड जीत दर्ज की 1977 तक दस साल सांसद रहे, विशेष रूप से संन्यास लेने के बाद उन्होंने अपने हाथ से पैसा न छूने का प्रण लिया और मरते दम तक प्रण का पालन किया और आज के दिन 13 सितंबर 1984 को बृह्मलीन हो गये। प्रेमपाल सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

तीन वर्षीय बच्चे की नाक से कोयला निकाल बचाई जान

संडीला (हरदोई)। चिकित्साधीक्षक डॉ. शरद वैश्य ने एक तीन वर्षीय बालक की जान अथक प्रयास करके बचाने में सफ़लता प्राप्त की। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हलदलमऊ निवासी पप्पू के 3 वर्षीय बालक कबीर ने अपनी नाक में कोयले का एक टुकड़ा डाल लियाए जिसके कारण वह आगे जाकर फंस गया और उसे सांस लेने में अत्यंत दिक्कत होने लगी। पप्पू उसे लेकर तत्काल सीएचसी पहुंचे। उसकी दशा देखकर सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने आनन फानन उसे भर्ती करके उसकी नाक में फंसे कोयले को निकालने का प्रयास शुरू किया। हालांकि काला होने के कारण कोयला दिखाई नहीं पड़ रहा था लेकिन लगभग 2 घण्टे के अथक प्रयास से उन्होंनें यह टुकड़ा निकालने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार उस तीन वर्षीय बच्चे की जान बच गयी। बच्चो को सकुशल पाकर बालक के परिजन की खुशी का ठिकाना नहीं था।

हमीरपुर में बिना लाइसेंस के संचालित है एक दर्जन से अधिक मीट की दुकानें

हमीरपुर। जिले में करीब एक दर्जन से अधिक मीट विक्री की दुकाने अवैध रुप से संचालित है। खाद्य सुरक्षा व जिला पंचायत विभाग से किसी के पास लाइसेंस नही है। यही नही किसी दुकानदार ने मीट दुकान खोलने का मानक पूरा कर रहा है। प्रशासन इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहा है। जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि स्थलीय अनुमति नगर पालिका व नगर पंचायत से लेने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेकर मीट की दुकान का संचालन किया जाये यही नही शासन ने इसके लिये ढेर सारी शर्ते रखी है मगर कोई भी मीट की दुकान एक भी शर्त पूरी नही कर रही है लिहाजा न तो नगर पालिका ने अनुमति दी है न ही खाद्य सुरक्षा बिभाग ने किसी दुकान को लाइसेंस दियाहै.मगर जिले में एक दर्जन से अधिक मीट की दुकाने अवैध रुप से संचालित है इससे न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि शासनादेश की जमकर धज्जिया उडायी जा रही है। बताया जाता है कि मौदहा व सुमेरपुर में कई गोश्त की दुकाने रोड में ही संचालित है जिससे वहा से निकलना दूभर हो रहा है। खाद्य सुरक्षा बिभाग के खाद्य सुरक्षा आयुक्त दिवतीय डा.गौरीशंकर ने बताया कि विभाग से किसी भी दुकानदार को लाइसेंस जारी नही किया गया है जब लाइसेंस नही है तो जांच भी नही की जा रही है। लाइसेस में सबसे पहले नगर पालिका की रिपोर्ट लगती है पालिका से एनओसी मिल जाती है इसके बाद ही लाइसेंस जारी होते है। मगर न नगर पालिक ने एनओसी जारी की न ही किसीके लाइसेंस बने है। वही जिला पंचायत के कार्य अधिकारी शत्रुघ्न लाल वर्मा का कहना है कि विभाग से लाइसेंस लेना चाहिये मगर किसी ने लाइसेंस नही लिया है। कार्य अधिकारी का कहना है कि सभी दुकाने अवैध संचालित है। इन पर कार्यवाही होनी चाहिये।

● खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा नगर पालिका ने नही दी एनओसी, शासनादेश की उड़ायी जा रही है धज्जियां

कटने के पहले आज तक किसी भी पशु का नही हुआ है डाक्टरी परीक्षण

हमीरपुर। ज्यादातर मीट की दुकानो में सड़ा गला मांस की विक्री की जाती है,दुकान में किसी भी पशु का बध करते समय उसकी डाक्टरी परीक्षण होना आवश्यक होता है। ताकि किसी बीमार पशु के मीट की विक्री न की जा सके। मगर आज तक किसी भी पशु का डाक्टरी परीक्षण नही किया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा अरविंद कुमार का कहना है कि नियमानुसार तो हर रोज कटने वाले पशु की डाक्टरी परीक्षण होना चाहिये यहा तक कि विक्री वाले मीट में मुहर लगायी जाती है। कि केवल यही मीट की विक्री की जाये मगर जब पशु चिकित्सा विभाग को परीक्षण के लिये आदेश मिलेगा तभी विभागीय डाक्टर परीक्षण करेगा, सीवीओ का कहना है कि मीट विक्री के बहुत सारे नियम है,उधर खाद्य सुरक्षा बिभाग के डीओ का कहना है कि हर विभाग को अपना अपना काम करना चाहिये किसी के आदेश की कोई जरुरत नही होती है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

खाद्य सुरक्षा बिभाग मामले को टाल रहा है: ईओ

हमीरपुर। नगरपालिका हमीरपुर के ईओ हेमराज सिंह का कहना है कि लाइसेंस देने में खाद्य सुरक्षा बिभाग पूरी तरह सक्षमं है नगर पालिका की एनओसी जारी करने का अर्थ है कि मामले को टालना,इसलिये खाद्य सुरक्षा बिभाग जानबूझ कर लाइसेंस जारी नही कर रहा है ईओ का कहना है कि उनके पास अभी तक कोई व्यक्ति एनओसी के मामले में नही आया है इसका मतलब है कि खाद्य विभाग मामले को टाल रहा है। मीट का मामला है इसे गंभीरता से लेना चाहिये।

रोजगार मेले में 108 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

कानपुर देहात। डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात द्वारा स्थान प्रेमा कटियार शिक्षण संस्थान पुखरायांए कानपुर देहात में एक दिवसीय रोजगार मेले एवं कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का अयोजन किया गया। मुख्य काउन्सलर अनिल द्विवेदीए प्रवक्ता सरला द्विवेदी अकबरपुरए कानपुर देहात ने निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकरी दी। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कंपनियों द्वारा साक्षात्कार किया। लगभग 255 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 108 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनान हेतु शशि तिवारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी कानपुर देहातए जिला सेवायोजन कार्यालय के अनुज यादवए तेज प्रताप सत्यार्थीए विनोद कुमारए राम किशोर सोनकर तथा प्रेमा कटियार शिक्षण संस्थान पुखरायों कानपुर देहात राघवेन्द्र सिंह यादव तथा समस्त स्टाफ के सहयोग से मेले को सफलतापूर्वक सपन्न कराया गया।

बीमारी से ऊबकर मजदूर ने लगायी आग मौत

राठ (हमीरपुर)। गांव के बाहर छोटी सी परचून की दुकान रखे मजदूर ने बीमारी से ग्रस्त होकर आग लगा ली। इस दौरान मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी हरिश्चंद्र अनुरागी ने बताया कि उसके पिता 55 वर्षीय घनश्याम पुत्र रामदास अनुरागी गांव के बाहर बर्फीली बाबा के सामने छोटी सी परचून की दुकान रखे हैं। उनके पास एक बीघा जमीन थी। खेती व मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करते थे। बताया कि 15 दिन पहले उसके पिता को लगवा मार गया था। जिनका उरई में इलाज रहा था। इलाज के दौरान आराम न लगने से वह परेशान रहने लगे थे। बताया कि बीमारी से ग्रस्त पिता ने दुकान पर पेट्रोल डाल आग लगा ली। जिससे पिता सहित झोपड़ी जलकर राख हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि आठ वर्ष पहले मां प्रेमवती की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतक अपने पीछे चार पुत्र हरिश्चंद्रए लक्ष्मणए चरन सिंहए विनय कुमार को छोड़ गया है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पेड़ से गिरकर युवक की मृत्यु

राठ (हमीरपुर)। आम के पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के गोहांड कस्बा निवासी 30 वर्षीय हरिकिशन पुत्र घनश्याम 3 जून को आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। जिसके बाद ग्वालियर में इलाज कराने के बाद उसकी अपने घर में मौत हो गई। मृतक के पिता घनश्याम ने बताया कि हरिकिशन को गांव के तीन लोग आम तोड़ने के लिए बगीचे में ले गया था। जहां वह आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। जिसके बाद हरिकिशन का ग्वालियर में इलाज कराया गया।बताया कि हरिकिशन की रीड की हड्डी में की हड्डी में फैक्चर था इलाज करने के बाद वह हरि किशन को वापस घर ले आए थे। जहां आज उसकी मौत हो गई।

हमीरपुर में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने से इलाके में मचा हड़कंप, फसल जलमग्न

● राहत शिविर स्थापित, बाढ़ से निपटने के लिये अधिकारियों की लगायी गयी डियूटी

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में माताटीला व लहचूरा बांध से छह लाख क्यूसिक पानी छोडे जाने से यमुना नदी खतरे का निशान पार कर गयी है। बेतवा नदी खतरे के निशान के आधा मीटर दूर बतायी जा रही है। लगातार बाढ का पानी बढ़ने से नदी के किनारे बस्तियों में पानी भर गया है वही सैकडो एकड़ फसल जल मग्न हो गयी है।

सिचाई विभाग के सहायक अभियंता एसजे वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि दोनो बांधो से जो पानी छोडा गया था,उसका असर यमुना व बेतवा नदी में लगातार बढ़ता जा रहा है। यमुना नदी के खतरे का निशान 103.63 मीटर है व बेतवा नदी का खतरे का निशान 104.54 मीटर है,यमुना नदी का जल स्तर 103.250 मीटर पहुच गयी है जो खतरे का निशान पार गयी है। बेतवा नदी का जल स्तर 103.330 मीटर है। एई ने बताया कि फिल हाल पानी छोडे जाने की कोई सूचना नही है। मगर शनिवार शाम तक धौल पुर से चार लाख क्यूसिक पानी यमुना नदी में छोडे जाने की सूचना प्राप्त हुई है जो यमुना नदी का जल स्तर एक मीटर रविवार तक बढ़ सकता है। नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से नदी के किनारे वसे लोगो को एलर्ट कर दिया गया है वही आला अधिकारी बराबर दौरा कर रहे है डिग्री कालेज कुछेछा में राहत शिविर स्थापित किया गया है वहा पर सभी विभागो के लोगो को अपने विभाग से संबंधित प्रबंध करने को कहा गया है प्रभारी सीएमओ डा रामअवतार व डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार ने कुरारा,राठ मौदहा सीएचसी जाकर बाढ़ में किसी भी बीमारी से निपटने के लिये आक्सीजन प्लांट चालू करने को कहा गयाहै दवाओ प्रबंध कर लिया गया है वही मेरापुर, भिलावा, डिग्गी, टिकरौली, कुछेछा गांवों की खरीफ की फसले जल मग्न हो गयी है। वेतवा घाट मोहाल में करीब दस घरो में बाढ का पानी घुस गया है। जिससे लोग खासे परेशान है। तहसीलदार का कहना है कि जानवरो के चारे भूसे का प्रबंध कर लिया गया है। विजली विभाग को बाढ के समय विजली आपूर्ति करने के आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये गये है। वही जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के अवकाश लेने पर रोक लगा दी है। एडीएम विजयशंकर तिवारी का कहना है कि बाढ के सारे प्रबंध कर लिये गये है। फिलहाल अभी चिंता की कोई बात नही है। लेखपाल व कानूनगो व अन्य राजस्व कर्मियों को डियूटी पर लगा दिया गया है।

डीएम ने किया टीएचआर प्लांट का निरीक्षण

● प्लांट संचालक दीदीओ से की वार्ताए ली प्लान्ट संचालन, उत्पादन की जानकारी ● प्लांट के पास दिखी चीटियां, साफ सफाई के लिए किया सचेत, डीएम ने कराई सफाई

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मीरपुर में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित ष्आस्था प्रेरणा लघु उद्योगष् टीएचआर प्लांट (टेक टू होम राशन) का निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने प्लान्ट संचालन और उत्पादन के सम्बन्ध में प्लांट की संचालक दीदीओ से वार्ता की। टीएचआर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर राशन गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने पोषण बनाने वाली मशीन और उसकी प्रक्रिया, अनाज आदि की जानकारी ली। पोषण के मानकों को पूरा रखने का निर्देश दिया। साफसफाई व मानकों का ध्यान देने का निर्देश दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पोषण आहार बनाकर स्वावलंबन की नई इबारत लिख रही हैं।

निरीक्षण के दौरान डीएम को प्लांट के आसपास चीटियां दिखी तो साफ सफाई के प्रति सचेत करते हुए अपने सम्मुख साफसफाई कराई। निर्देश दिए कि मशीनों के आसपास साफसफाई का विशेष ध्यान रखें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती जाए। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने वजन मशीन से प्रोडक्ट का वजन करवाया और तैयार पुष्टाहार की गुणवत्ता भी परखी। निर्देश दिए कि प्लांट पर निर्मित होने वाले पुष्टाहार की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण में प्लांट संचालित और क्रियाशील मिला। इस दौरान उपायुक्त स्वत रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्रए एडीएसटीओ सूर्य प्रकाशए एडीओ आईएसबी विजय अवस्थीए सीडीपीओ पूजा त्रिपाठीए ग्राम प्रधान विकास वर्मा मौजूद रहे।

एसडीएम के आदेश के बावजूद कब्रिस्तान की जमीन से नहीं हटा अतिक्रमण

फतेहपुर। नगर पंचायत बहुआ में स्थित कब्रिस्तान की जमीन से एसडीएम के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हट सका। अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व व नगर पंचायत की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। जहां अतिक्रमणकारियों ने नोटिस न मिलने का हवाला देते हुए कुछ दिन का समय मांगा है। जिससे टीम बैरंग वापस लौट गई। नगर पंचायत बहुआ के कृष्णा नगर पूर्वी निवासी अब्दुल हमीद पुत्र स्व. बुलाकी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर गाटा संख्या 673, 674, 1778 व 987 कब्रिस्तान में दर्ज है। इस भूमि पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इस अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से कई बार गुहार लगाई। 2019 से अतिक्रमण को हटाए जाने की जद्दोजद की जा रही है। आज तक अतिक्रमण नहीं हट सका। बार-बार शिकायती पत्र दिए जाने के बाद एसडीएम ने नगर पंचायत ईओ को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया।

बढ़ते जलस्तर के साथ प्रशासन अलर्ट: जिलाधिकारी ने की सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील

● बढ़ रहा शारदा का जलस्तर, प्रशासन ने कराई गांव-गांव यह मुनादी

लखीमपुर खीरी। बाढ़ की संभावित विभीषिका, नदियों में बढ़ने वाले जलस्तर को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बेहद संजीदा हैं। बाढ़ प्रबंधन और जन.जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियो को न केवल विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं, एसडीएम से नियमित बातचीत भी कर रही हैं। डीएम ने सभी बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट कर दिया है। सभी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम को भी नदी किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए ताकीद किया गया है। डीएम ने जनता से अपील की है कि घबराएं न अपने को सुरक्षित कर लें। प्रशासन हर स्थिति से निपटने को तैयार है। जनता को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शारदा नदी के निकटवर्ती गांव जहां जलस्तर बढ़ने से प्रभावित होने की थोड़ी भी आशंका है, ग्रामवासियो से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की। एसडीएम क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शारदा के निकट बसे गांव में मुनादी कराकर ऊंचे स्थानों पर स्थानों पर शरण लेंने, नदी किनारे पर न जाने की अपील कर रहे। प्रशासन द्वारा नदी किनारे बसे ग्रामीणों को अलर्ट जारी करते हुए उन्हें सावधान किया जा रहा हैं।

पलिया। एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने बताया कि बनबसा बैराज से 4.61 लाख क्यूसेक पानी रिलीज किए जाने विषयक संज्ञानित कराया गया है। इस कारण तहसील पलिया के ग्राम गोविन्दनगर, भानपुरी खजुरिया के क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होने की सम्भावना है। गोविन्दनगर तथा भानपुरी खजुरिया के स्थानीय लोगों से अपील की जाती है कि वे अपेक्षाकृत ऊंचे स्थानों पर शरण लें तथा नदी किनारे पर न जाए, न ही नदी में नाव इत्यादि ले जाए।

बनबसा से डाउनस्ट्रीम में छोड़ा 4.61 लाख क्यूसेक पानी बरते सतर्कता, सावधानी

अधिशाषी अभियंता (बाढ़खंड) शारदा नगर अजय कुमार ने बताया कि नेपाल राष्ट्र और उत्तराखंड राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बनबसा बैराज से डाउनस्ट्रीम में आज दिन में 03 बजे 4ण्61लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गयाएलगातार बारिश होने के कारण अभी और डिस्चार्ज बढ़ने की संभावना है। शारदा बैराज पर लगभग 30.35 घंटे में इसका असर आने की संभावना है, जिसके कारण शारदा बैराज से लगभग 03 लाख क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। चूकि घाघरा नदी में भी डिस्चार्ज क्रमश बढ़ रहा है, जिससे निचले हिस्सो में कई दिनों तक जलभराव बने रहने की संभावना है। इसलिए सतर्कता और सावधानी बरतने की जरूरत है।

न्याय मिलने का भरोसा है: सीएम सिद्धरमैया ने याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद कहा

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा उनकी एक याचिका पर सुनवाई पूरी किए जाने के पश्चात फैसला सुरक्षित रख लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को कहा कि उन्हें न्याय मिलने का भरोसा है क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। सिद्धरमैया की उक्त याचिका में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में उनके खिलाफ अभियोग चलाने के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी की वैधता को चुनौती दी गई है। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा कि वह भविष्य में भी कोई गलत काम नहीं करेंगे और उनका जीवन एक खुली किताब है। सिद्धरमैया पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाया गया है।

सिद्धरमैया ने कहा, ...उन्हें (विपक्ष को) झूठ बोलने दीजिए, हम इसकी परवाह नहीं करेंगे। वे मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे हैं। मैं देश के कानून का सम्मान करता हूं, मैं अदालत के फैसले का सम्मान करता हूं, मुझे न्याय मिलने का भरोसा है, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। शहर के बाहरी इलाके मगदी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मैंने कोई गलत काम नहीं किया है और न ही भविष्य में करूंगा। मुझे पहली बार 40 साल पहले मंत्री बना था, मेरा जीवन एक खुली किताब है, मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि कोई भी इसे खोलकर देख सकता है।

अदालत ने 19 अगस्त के अपने उस अंतरिम आदेश की अवधि भी बृहस्पतिवार को आगे बढ़ा दी, जिसमें विशेष जनप्रतिनिधि अदालत को निर्देश दिया गया था कि वह सिद्धरमैया के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई को इस याचिका के निपटारे तक टाल दे।

राज्यपाल ने प्रदीप कुमार एस.पी., टी.जे. अब्राहम और स्नेहमई कृष्णा की याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों के लिए 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। सिद्धरमैया ने 19 अगस्त को राज्यपाल के आदेश की वैधता को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। एमयूडीए घोटाले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धरमैया की पत्नी बी एम पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजा प्लॉट आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी भूमि की तुलना में अधिक था जिसे एमयूडीए द्वारा अधिग्रहितै किया गया था।

एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले में 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे, जहां एमयूडीए ने एक आवासीय योजना विकसित की थी। विवादास्पद योजना के तहत, एमयूडीए ने आवासीय योजना बनाने के लिए उनसे अधिग्रहित अविकसित भूमि के बदले में भूमि गंवाने वालों को 50 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित की। कुछ विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि पार्वती के पास इस 3.16 एकड़ भूमि पर कोई कानूनी अधिकार नहीं था।

सिख विरोधी दंगों का मामला: दिल्ली की कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय किए

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में शुक्रवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या तथा अन्य अपराधों में आरोप तय किए। टाइटलर ने गुनाहों को कबूल नहीं किया जिसके बाद विशेष न्यायाधीश राकेश सियाल ने उन पर मुकदमा चलाए जाने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने 30 अगस्त को कहा था कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही आगे बढ़ाने का पर्याप्त आधार है। एक गवाह ने पहले आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर, 1984 को यहां गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने सफेद अंबेसेडर कार से बाहर निकले थे और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मारा है और इसके बाद तीन लोगों की हत्या हो गई। अदालत ने गैरकानूनी तरीके से जमा होने, दंगा भड़काने, विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने, घरों में सेंध लगाने और चोरी समेत अनेक अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया।

उप्र सरकार के एक मंत्री ने अदालत में समर्पण किया दूसरे मंत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

भाषा। मुजफ्फरनगर

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को अपने खिलाफ गैर जमानती वारंट वापस लेने के लिए यहां की स्थानीय सांसदाविधायक अदालत में समर्पण कर दिया। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक अन्य मामले में राज्य सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।

अदालत ने जारी वारंट वापस लेने और 25,000 रुपए की दो जमानत देने के बाद अग्रवाल को रिहा करने का आदेश दिया। मामले में अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सांसदाविधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार ने अग्रवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट वापस लेने और 25,000 रुपए की दो जमानत देने के बाद उनको रिहा करने का आदेश दिया।

फौजदार ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े एक मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर चार सितंबर को मंत्री कपिल देव अग्रवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 13 सितंबर को अदालत में पेश होने के आदेश दिया था। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने शुक्रवार को यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि कपिल देव अग्रवाल और अन्य के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन, आपदा प्रबंधन अधिनियम के मानदंडों का उल्लंघन और महामारी रोग अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

अग्रवाल मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचित हुए हैं। अग्रवाल के वकील विनोद कुमार गुप्ता ने बताया किअदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद कपिल देव अग्रवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट वापस लेने के लिए अर्जी दायर की गई, जिसके बाद अदालत ने गैर जमानती वारंट वापस ले लिया।

सांसद/विधायक अदालत ने शुक्रवार को यहां आदर्श आचार संहिता मामले में अदालत में पेश न होने पर मंत्री अनिल कुमार के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार ने गैर जमानती वारंट जारी करने के साथ ही मंत्री को अदालत में पेश होने के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की है।

सीबीआई संजय रॉय के नार्को परीक्षण की अनुमति के लिए अदालत पहुंची

भाषा। कोलकाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार संयज रॉय के नार्को परीक्षण की योजना बना रही है और इसकी अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा भी खटखटाया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने रॉय के नार्को परीक्षण की अनुमति को लेकर सियालदह अदालत के समक्ष अर्जी दायर की है।

यह (परीक्षण) मुख्य रूप से इस बात का पता लगाने लिए है कि क्या रॉय सच बोल रहा है। नार्को विश्लेषण परीक्षण से हमें उनके बयान की पुष्टि करने में मदद मिलेगी। आरोपी को सियालदह अदालत में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने उससे व्यक्तिगत रूप से बातचीत करके यह जानना चाहा कि क्या उसे इसमें कोई आपत्ति है।

सीबीआई अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नार्को विश्लेषण परीक्षण के दौरान, व्यक्ति के शरीर में इंजेक्शन के जरिए सोडियम पेंटोथल दवा दी जाती है, जो उस व्यक्ति को सम्मोहन की अवस्था में ले जाती है और उसकी कल्पना शक्ति को निष्क्रिय कर देती है। उन्होंने कहा, ज्यादातर मामलों में आरोपी सही जानकारी देता है। सीबीआई पहले ही प्रेसिडेंसी सुधार गृह के अंदर रॉय का पॉलीग्राफ परीक्षण कर चुकी है। इस बीच, सीबीआई की एक टीम बृहस्पतिवार को आरजी कर अस्पताल गई जहां नौ अगस्त को स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही प्रशिक्षु चिकित्सक का शव पाया गया था। सीबीआई ने अपनी जांच के तहत विभागों का दौरा करने के अलावा कई अधिकारियों से जानकारी ली।

2015 के विधानसभा व्यवधान मामले में तत्कालीन तीन कांग्रेस विधायकों के खिलाफ मामला खारिज

भाषा। कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दो विधायकों सहित उन तीन कांग्रेस नेताओं के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी, जिन पर 2015 में विधानसभा में हंगामे के दौरान वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की दो तत्कालीन विधायकों को बाधित करने और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप था। विधानसभा में 13 मार्च, 2015 को तब व्यवधान हुआ था जब एलडीएफ विधायकों ने राज्य के तत्कालीन वित्त मंत्री के एम मणि को बजट पेश करने से रोकने की कोशिश की थी तथा उनके खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की थी।

तब तत्कालीन कांग्रेस विधायकों के शिवदासन नायर, डोमिनिक प्रेजेंटेशन और एम ए वहीद पर एलडीएफ विधायकों के के लतिका और जमीला प्रकाशम ने आरोप लगाया था कि जब वे मणि के बजट पेश करने का विरोध कर रहे थे, तो उन्होंने दोनों विधायकों को बाधित किया और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया। न्यायमूर्ति पी कुन्हिकृष्णन ने इस आधार पर तीन कांग्रेस विधायकों के खिलाफ मामले को रद्द कर दिया कि शिकायतें और संज्ञान-पूर्व चरण में दर्ज बयान भादंसं की धाराएं 341 (गलत तरीके से बाधित करना) या 354 (महिलाओं का लज्जा भंग करना) के तहत अपराध के दायरे में नहीं आएंगे। मामलों को रद्द करते हुए उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि दोनों धाराओं के तहत अपराधों का संज्ञान लेने वाला मजिस्ट्रेट अदालत का आदेश अवैध था।

अपने निर्णय का कारण बताते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश करने के खिलाफ विधानसभा में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जा सकता है, लेकिन उन्हें ऐसा करने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह उनका संवैधानिक कर्तव्य है।

उच्च न्यायालय ने कहा, इस आशय का कोई कानून नहीं है कि भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के बाद वित्त मंत्री विधानसभा में बजट पेश नहीं कर सकते। लेकिन मंत्री खुद तय कर सकते हैं कि उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने की अनुमति देती है या नहीं। न्यायमूर्ति कुन्हिकृष्णन ने कहा, इसलिए, शिकायतकर्ता-एलडीएफ महिला नेताओं को उस दिशा में आगे बढ़ने का कोई अधिकार नहीं था, जिस दिशा से मंत्री आ रहे थे और उन्हें बजट पेश करने से रोक रहे थे और अगर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो गलत तरीके से बाधित करने का अपराध नहीं बनता।

व्यास जी के तहखाने में मरम्मत कार्य के लिए याचिका खारिज

वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर मे व्यास जी के तहखाने मे जारी पूजा को यथावत रखते हुए तहखाने के मौजूदा संरक्षक जिलाधिकारी को किसी भी प्रकार की तहखाने की मरम्मत का आदेश देने से इंकार करते हुए हिन्दू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। हिन्दू पक्ष की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि व्यास जी के तहखाने की मरम्मत करने के विषय पर हिदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति के मद्देनजर न्यायाधीश ने यह निर्णय दिया। उन्होने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) हितेश अग्रवाल की अदालत ने तहखाने मे जारी पूजा गतिविधियो को बरकरार रखा और मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियो और शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित याचिकाओ को ध्यान मे रखते हुए बृहस्पतिवार को यह आदेश दिया। मदन मोहन ने बताया कि अब हिदू पक्ष तहखाना की मरम्मत के संदर्भ मे जिला न्यायाधीश की अदालत मे अपील करेगा। यादव ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद 31 जनवरी को व्यास जी के तहखाने मे पूजा-अर्चना फिर से शुरू हो गई।

भगोड़े अपराधी को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा गया, पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया

चंडीगढ़। हत्या और मादक पदार्थों के व्यापार सहित कई जघन्य अपराधो मे शामिल एक भगोड़े अपराधी को शुक्रवार को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा गया। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराधी अमृतपाल सिंह बटाला के भोमा गांव का रहने वाला है। पंजाब पुलिस ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसे हिरासत मे ले लिया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, पंजाब पुलिस द्वारा केंद्रीय एजेंसियो के साथ समन्वय मे अथक प्रयासो के बाद, अमृतपाल सिंह को कई गंभीर आपराधिक मामलो मे आरोपो का सामना करने के लिए ऑस्ट्रिया से भारत लाया गया है।

जयंत चौधरी वर्ल्डस्किल्स 2024 के उद्घाटन समारोह में भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए पहुंचे फ्रांस

नई दिल्ली। इमैनुएल मैक्रोन ने फ्रांस के ल्योन स्थित एलडीएलसी एरिना में एक भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान 47वीं वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता का आधिकारिक उद्घाटन किया। जयंत चौधरी, राज्य मंत्री ;स्वतन्त्र प्रभारद्ध कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भी इस अवसर पर मौजूद रहेए मंत्री जी ने भारतीय टीम के युवा प्रतिभागियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। दुनिया भर से आए 13000 से अधिक उपस्थितगणों के बीच भारतीय टीम ने वर्ल्डस्किल्स 2024 में उल्लेखनीय छाप छोड़ी। इस विश्वस्तरीय कौशल मंच पर टीम से मुलाकात करते हुए जयंत चौधरी राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने कहा कि हमारे 60 युवा चैम्पियन 52 प्रकार के कौशल में मुकाबला करने जा रहे हैंए ये सिर्फप्रतिभागी नहीं बल्कि बदलावकर्ता हैं।

उच्चतम न्यायालय ने आगरा को विरासत शहर घोषित करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आगरा को विरासत शहर घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और कहा कि याचिका मे ऐसा कुछ भी नही है जिसके आधार पर यह कहा जा सके कि इस तरह की घोषणा से शहर को कोई विशेष लाभ मिलेगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने ताजमहल और उसके आसपास के क्षेत्रो की सुरक्षा एवं संरक्षण के संबंध मे 1984 मे दायर जनहित याचिका पर अर्जी को खारिज कर दिया।

आकर्षणों का अनूठा संगम

प्रयागराज। स्टारबक्स ने प्रयागराज में अपना पहला स्टोर खोलने की घोषणा की है। इसके साथ ही गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्थित सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से समृद्ध इस शहर में टाटा स्टारबक्स की पारी की शुरुआत हो गई है। प्रयागराज स्टोर में स्टारबक्स के लोकप्रिय कॉफी अनुभव को शहरवासियों और आसपास के अन्य कॉफी कद्रदानों के लिए पहली बार पेश किया जाएगा। प्रयागराज में नया स्टोर खोलने की घोषणा करते हुएए अदृत मिश्रा मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा,हम ऐतिहासिक विरासतों के शहर प्रयागराज में अपने पहले स्टोर का शुभारंभ करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। जैसे.जैसे हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए कॉफी अनुभवों को परोस रहे हैंए उस कड़ी में यह नया स्टोर कॉफी को उत्कृष्ट बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

कोर्ट ने सतीशन की याचिका खारिज की

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमे केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क (केएफओएन) परियोजना के लिए दिए गए ठेको को निरस्त करने और इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति ए केजयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी एम ने कहा किअदालत केसमक्ष मौजूद सामग्री उन्हे केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क(केएफओएन) परियोजना केकार्यान्वयन मे किसी भी अवैधता या अनियमितता केसंबंध मे प्रथम दृष्टया निर्णय लेने केलिए उन्हे प्रेरित नही करती। अदालत ने कहा किइसकेविपरीत, प्रतिवादियो (राज्य सरकार) की ओर से महाधिवक्ता द्वारा पेश किए गए स्पष्टीकरण पर विचार करने के बाद प्रथम दृष्टया जो दृश्य उभरता है, वह यह है कि केएफओएन परियोजना अपने घोषित उद्देश्यो की प्राप्ति की दिशा मे अच्छी तरह से आगे बढ़ती हुई प्रतीत होती है। पीठ ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योकिहमे बताया गया है कि अब तक परियोजना के तहत पहले से ही बिछाए गए ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के माध्यम से 20,336 सरकारी कार्यालयो को कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।

कोचिंग केन्द्र मौत मामला: बेसमेंट के चार सहमालिकों को अंतरिम जमानत

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ओल्ड राजेंद्रनगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के चार सह-मालिकों को अगले साल 30 जनवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। इसी बेसमेंट में जुलाई में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने चारों आरोपियों की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि राहत सह-मालिकों की ओर से रेड क्रॉस के पास पांच करोड़ रुपए जमा करने पर निर्भर करती है। न्यायाधीश ने कहा कि सह-मालिकों का आचरण अक्षम्य और लालच का कृत्य है। आदेश में उपराज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि वह उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के अधीन एक समिति का गठन करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बिना अनुमति के कोई भी कोचिंग सेंटर न चला सके। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि

पेज 1 का शेष

सुप्रीम कोर्ट ...

में जमानत दी गई है। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, उनके विचार से, अपीलकर्ता की गिरफ्तारी की प्रक्रिया वैधता और अनुपालन के लिए अपेक्षित मानदंडों को पूरा करती है, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने तक लंबे समय तक कारावास में रखना स्थापित कानूनी सिद्धांतों और अपीलकर्ता की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होगा, जो हमारे संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित है। अपीलकर्ता को ईडी मामले में इस न्यायालय द्वारा 10 मई 2024 और 12 जुलाई 2024 को अंतरिम जमानत दी गई थी, जो कि समान तथ्यों के आधार पर उत्पन्न हुई थी। इसके अतिरिक्त, सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में कई सह-आरोपियों को भी ट्रायल कोर्ट, उच्च न्यायालय और इस न्यायालय द्वारा अलग-अलग कार्यवाही में जमानत दी गई है।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान ने एक अलग फैसले में केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी के समय पर गंभीर सवाल उठाती है और सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की गिरफ्तारी ने केवल ईडी मामले में दी गई जमानत को खंडित किया है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि सीबीआई ने केजरीवाल को 22 महीने तक गिरफ्तार नहीं किया और ईडी मामले में जमानत से ठीक पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मामलों में आप नेताओं संजय सिंह और मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के कविता, आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर, हैदराबाद स्थित व्यवसायी अरुण रामचंद्र पिल्लई और कथित बिचौलिए विनोद चौहान के बाद जमानत पाने वाले सातवें आरोपी हैं। केजरीवाल ने शीर्ष अदालत के समक्ष दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं एक सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और दूसरी जमानत की मांग करने वाली। जबकि बाद वाली को अनुमति दी गई, पूर्व को खारिज कर दिया गया। केजरीवाल, जिन्हें ईडी ने 21 मार्च को आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था, को लोकसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी।

अगले ...

को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि परंपरा में बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति कहलाता है, जबकि बीज का सड़कर नष्ट हो जाता विकृति कहलाता है। हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है। ऋषि परंपरा के अनुरूप ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से इंस्टीट्यूट बनकर सबके सामने है। संस्थान उत्तर भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य का बेहतरीन केंद्र बनकर उभर रहा है। यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं। एक संस्थान बना देना समस्या का समाधान नहीं होता, यह किन हाथों में है, यह महत्वपूर्ण होता है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ी सिटी है। यहां लगभग 70 लाख की आबादी निवास करती है। आरएमएल की पहचान पूर्वी उत्तर प्रदेश के गेटवे के रूप में होती है। यह अस्पताल से बढ़ करके 1300 बेड के बड़े संस्थान के रूप में विकसित हो करके सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां 5 करोड़ 11 लाख से अधिक आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। यूनियन कैबिनेट ने 70 वर्ष से ऊपर के हर एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से 7 वर्ष पहले इसके बारे में कोई सोच नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से बिना भेदभाव के इलाज के लिए पैसे दिये जा रहे हैं। सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

अफसोस, अब तक कोई स्टडी पेपर नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ।

हिमाचल में ...

में उबाल ला दिया है। लेकिन बुधवार को विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया, जब लोगों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पथराव किया, जबकि पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों और लाठियों का इस्तेमाल किया। महानगरीय शहर में ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में पुलिस और महिलाओं सहित लगभग 10 लोग घायल हो गए और पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के सचिव कमल गौतम सहित कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। हालांकि, हिंदू संगठनों द्वारा विरोध मार्च का आह्वान किए जाने के बाद मंडी में पुलिस ने भारी तैनाती के साथ सुरक्षा बढ़ा दी थी। जय श्री राम के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने शुरुआत में मंडी बाजार क्षेत्र में मार्च निकाला और सेरी मंच पर धरने पर बैठ गए। बाद में, उन्होंने मस्जिद की ओर बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिन्होंने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। मंडी में जेल रोड मस्जिद की प्रबंधन समिति को शुक्रवार को नगर निगम द्वारा 30 दिनों के भीतर अतिक्रमण की गई भूमि पर बने हिस्से को हटाने का नोटिस दिया गया। नोटिस के अनुसार, मस्जिद 232 वर्ग मीटर भूमि पर बनी है, जबकि मंजूरी केवल 45 वर्ग मीटर के लिए दी गई थी। यह घटना मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा मस्जिद के एक अनधिकृत हिस्से को खुद ही ध्वस्त करने के एक दिन बाद हुई।

मस्जिद समिति के सदस्य इकबाल अली ने गुरुवार को कहा, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने हमें सूचित किया था कि मस्जिद की एक दीवार पीडब्ल्यूडी की भूमि पर है और हमें एक नोटिस दिया गया था। इसलिए हमने दीवार को ध्वस्त करने का फैसला किया। यह अनधिकृत निर्माण लोक निर्माण विभाग की जमीन पर था। विभाग और नगर निगम ने पहले इस संबंध में मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस दिया था। विहिप और बजरंग दल के सदस्यों ने मांग की है कि राज्य भर में मुस्लिम समुदाय से संबंधित सभी अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया जाए, साथ ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण भी किया जाए। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने राज्य के लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने का अनुरोध किया है। शिमला में सर्वदलीय बैठक के बाद सुखू ने मंडी शहर में मस्जिद के अनधिकृत ढांचे को गिराने की मांग कर रहे हिंदू संगठनों के विरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विरोध का राज्य है। देवभूमि, भाजपा, माकपा और बेरोजगारों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सुखू ने वह सभी यहां छात्र आंदोलन की उपज हैं। विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन इसे शांतिपूर्ण होना चाहिए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद आगे आकर अनधिकृत ढांचे को गिराने की पेशकश की है। उन्होंने गुरुवार को मंडी में मस्जिद का एक हिस्सा भी गिरा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि राज्य में शांति और भाईचारा कायम रहना चाहिए और सभी अनधिकृत निर्माणों से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है।

पोर्ट ब्लेयर...

इसमें अंडमान निकोबार के योगदान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस द्वीप का देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

दिल्ली बनीं ...

खराब हो जाती है जो सही कोण में स्थापित नहीं है या संकरे हिस्से में स्थित है। ऐसे में इन इलाकों में भारी बारिश के बाद हुए जलभराव से हालात और धंसाव के चलते हालात बद से बदतर हो जाते हैं और कई किलोमीटर लंबे जाम के साथ यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसी घटनाओं के कारण पूो मानसून का सीजन बर्बाद हो जाता है। प्रशासन और निगम को अच्छी नगर-योजना की तैयारी के साथ मानसून के साथ बारिश का हिसाब रखना चाहिए। लेकिन व्यवस्था में सुधार लाने के बजाय नगर योजनाकार और नगर निगम के अधिकारी अनियमितता को बढ़ावा देते हुए मनमाने ढंग से नियोजन की अनुमति देते हैं और जब कुछ गलत हो जाता है तो वे निर्दोष लोगों को गिरफ्तार करने में व्यस्त हैं, जैसा कि इस मानसून की शुरुआत में मुखर्जी नगर में हुआ था। अगर वे मानसून से पहले नालों की सफाई करवाने और नए बसावट वाले क्षेत्रों निवेश करते तो इस तरह की समस्या को बढ़ावा नहीं मिलता।

हमारे शहर के राजनेता भारत की राजधानी को 21वीं सदी का शहर बनाने के उपाय खोजने के बजाय एक-दूसरे के खिलाफ़ खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप कर अपनी-अपनी जीत की कोशिश में जुटें हैं। अगर हम अपनी बात मनवाना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मिंटो ब्रिज पर डूबे वाहन की फोटो कभी न बने। क्योंकि जब तक ऐसा होता रहेगा, दिल्ली और एनसीआर के नागरिकों को पता चल जाएगा कि अधिकारी गंभीर नहीं हैं।

मूसलाधार ...

फार्म समेत शहर में लगने वाले ट्रैफिक जाम से बचने की सलाह

सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी : शाह

● चुनौतियों के समाधान को उच्च स्तरीय बैठक होगी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि शुक्रवार को यहां शुरू हुए उच्च स्तरीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में, उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के समाधान के लिए एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। शाह ने सातवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियां सम्मेलन-2024 के उद्घाटन के दौरान यह कहा। उन्होंने कहा, इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा की उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के शीर्ष नेतृत्व के साथ एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। गृह मंत्री ने सम्मेलन में, पुलिस महानिदेशकामहानिरीक्षक सम्मेलन की सिफारिशों के डैशबोर्ड की भी शुरूआत की। इस डैशबोर्ड को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा विकसित किया गया है। जनवरी 2024 में आयोजित पिछले पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। इससे पहले, गृह मंत्री ने शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर आसूचना ब्यूरो (आईबी) के उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और बंडी संजय कुमार, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, अतिरिक्ताउप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भी भाग ले रहे हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों, युवा पुलिस अधिकारियों और विशेष क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों ने डिजिटल माध्यम से सम्मेलन में भाग लिया।

पोर्ट ब्लेयर के नाम में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति की प्रतिबद्धता को दर्शाता है: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम किया जाना अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समृद्ध इतिहास और वीर लोगों का सम्मान है। साथ ही यह औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने तथा भारतीय विरासत का जश्न मनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने के फैसले की घोषणा के बाद की।पोर्ट ब्लेयर केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी है।शाह की इस घोषणा पर एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा,"श्री विजयपुरम नाम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समृद्ध इतिहास और वीर लोगों का सम्मान करता है।उन्होंने कहा,"यह औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने और हमारी विरासत का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

मणिपुर : कर्फ्यू में दी जाएगी 11 घंटे की ढील

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में लागू कर्फ्यू में शनिवार को सुबह पांच बजे से शाम चार बजे तक ढील दी जाएगी। एक आधिकारिक अधिसूचनाओं में यह जानकारी दी गई। आतंकवादी हमलों के विरोध में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर 10 सितंबर को दोनों जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया था।दोनों जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा समान शब्दों वाली अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया, जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में सुधार के मद्देनजर आम जनता को दवाइयां और खाद्य पदार्थ सहित आवश्यक वस्तुएं खरीदने की सहूलियत के लिए आवागमन पर लागू प्रतिबंध में ढील देने की आवश्यकता है। इनमें कहा गया, इस छूट में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी लिए बिना कोई भी सभाधरना-प्रदर्शनारैली आदि शामिल नहीं होगी।

पूरे भारत में 427 कूड़ाघर साफ किए गए, 4500 एकड़ भूमि को साफ किया गया: मनोहर लाल

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को कहा कि पूरे भारत में चिह्नित 2,300 कूड़ाघरों में से 427 को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है, जिससे 4,500 एकड़ जमीन को कचरा मुक्त कराया गया और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शेष स्थानों को अगले दो वर्षों में साफ कर दिया जाएगा। मनोहर लाल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल 2021 में शुरू हुई थी, उस समय केवल 18 प्रतिशत ठोस कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा था। आज यह आंकड़ा बढ़कर 73 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा, हम वर्तमान में प्रतिदिन 1.5 लाख टन ठोस कचरे का प्रसंस्करण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश ने 2,300 कूड़ाघरों पर 22 करोड़ मीट्रिक टन कचरा पहुंच रहा है। कचरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में देश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, मनोहर लाल ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए साफ की गई जमीन का एक महत्वपूर्ण हिस्से का पुन: इस्तेमाल किया गया है, जिसमें कचरे से बिजली बनाने की परियोजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 427 कूड़ाघरों को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है, जबकि कई अन्य स्थानों को आंशिक रूप से साफ किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो वर्षों में सभी कूड़ाघर पूरी तरह साफ हो जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस साल, हमने एक योजना तैयार की है।

भगोड़े अपराधी को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा गया

चंडीगढ़। हत्या और मादक पदार्थों के व्यापार सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल एक भगोड़े अपराधी को शुक्रवार को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा गया। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराधी अमृतपाल सिंह बटाला के भोमा गांव का रहने वाला है। पंजाब पुलिस ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पंजाब पुलिस द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में अथक प्रयासों के बाद, अमृतपाल सिंह को कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रिया से भारत लाया गया है। सिंह एक घोषित अपराधी था और ऑस्ट्रिया में अवैध रूप से रह रहा था।

ब्लूस्मार्ट ने ड्राईवर नौकरी मेला का आयोजन किया

कानपुर। ब्लूस्मार्ट, भारत की सबसे बड़ी 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक कैब सेवा, 13 और 14 सितंबर (शुक्रवार और शनिवार) को कानपुर में ड्राईवर नौकरी मेला का आयोजन कर रही है। इस मेले में ब्लूस्मार्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर और बैंगलुरू के लिए ड्राइवर्स की भर्ती की जाएगी। इस समय ब्लूस्मार्ट के पास 10,000 से ज़्यादा ड्राईवर पार्टनर्स हैं। ब्लूस्मार्ट प्लीट के को-फाउंडर एवं सीईओ, अनिरुद्ध अरुण ने कहा, 'ब्लूस्मार्ट की सफलता में हमारे ड्राईवर पार्टनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। जमुई के इस पहले नौकरी मेला में आपको हमारे 10,000 से ज्यादा ड्राईवर पार्टनर्स के समुदाय में शामिल होने का मौका मिलेगा।

मोहित की आवाज से गूंजेगा डमरू

वाराणसी। डमरू में भक्ति और शक्ति के संगम का अनुभव लेने के लिए तैयार हो जाईये। विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल की क्राईम थ्रिलरए सेक्टर 36 का यह लेटेस्ट ट्रैक रिलीज़ हो गया है। अपनी जबरदस्त ऊर्जा और शक्तिशाली धुन के साथ यह ट्रैक श्रोताओं के हृदय को झकझोर देगा और उनमें भक्ति के साथ ऊर्जा का संचार हो जाएगा। जियो स्टूडियोज़ और मैडॉक पिक्चर्स द्वारा निर्मित सेक्टर 36 नेटफ्लिक्स पर 13 सितंबर से स्ट्रीम होगी। हर लय में भावनाओं को पिरोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूरए मोहित चौहान ने ष्डमरूष् में अतुलनीय तीव्रता का संचार किया है। इसके बोल अनुपम अमोद ने लिखे हैं। गीतकार.कंपोज़रए धुनकी ने इसकी गति बनाए रखते हुए भक्ति की शैली में आधुनिक तत्वों को पिरोया है। यह गीत नव ऊर्जा के साथ गूंजता है, और रग-रग में संगीत की तीव्रता का संचार कर देता है। डमरू ने फिल्म के सबसे जबरदस्त क्षणों में जान फूंक दी है,और इसकी रोमांचक कहानी को और ज्यादा गहरा बना दिया है।

सैनडिस्क अधिक स्टोर करने की ताकत

लखनऊ। वैस्टर्न डिजिटल ने सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइवकी रेंज प्रदर्शित की। कंपनी के पुरस्कार विजेता सैनडिस्क ब्रांड की यह रेंज उपभोक्ताओं की स्टोरेज की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं, फिर चाहे वे घर पर हों या सफर पर। आज के समय में हमारी यादें पिक्सलों में हैं,हमारे अनुभव डिजिटल हो गए हैं, ऐसे में और अधिक स्पेस की जरूरत हमेशा बनी रहती है। चाहे बच्चे के पहले कदमों को दर्ज करना हो, सैल्फी लेनी हो या सावधानी से बनाई म्यूजिक लाइब्रेरी का बैकअप लेना होय ये नए उत्पाद जीवन के सफर को कैद करनेए स्टोर करने और संभालने के लिए बनाए गए हैं। कंपनी ने किफायती सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव भी पेश किए हैं जो आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं जैसे पीलाए, संतरी, लैवेंडर, नेवी ब्ल्यूए नवागियो बेए ऐबसिंथे ग्रीन व मिंट ग्रीन। इनकी कीमतें रुण् 619 से शुरु होती हैं और ये वैस्टर्न डिजिटल स्टोर तथा अधिकृत सैनडिस्क रिटेलरए ई.टेलर एवं वितरकों के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। भारत में वैस्टर्न डिजिटल के वरिष्ठ निदेशक बिक्री खालिद वानी ने कहा कि स्मार्टफोन ने लगभग हर व्यक्ति को एक कॉन्टेंट क्रिएटर में बदल दिया है।

रेलमंत्री वैष्णव ने मुंबई लोकल ट्रेन में किया सफर, यात्रियों से बात की

भाषा। मुंबई

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लाखों मुंबई वासियों की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेन में शुक्रवार को सफर किया और इस दौरान यात्रियों से बातचीत भी की। वैष्णव अपराह्न 2.34 बजे दक्षिण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से एक उपनगरीय ट्रेन में सवार हुए और 27 किलोमीटर के सफर के बाद अपराह्न 3.18 बजे भांडुप स्टेशन पर उतर गए। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एक पुरस्कार समारोह के लिए मुंबई आए वैष्णव अंबरनाथ जाने वाली धीमी गति की एक लोकल ट्रेन के द्वितीय श्रेणी कोच में सवार हुए और भांडुप स्टेशन पर उतर गए। यात्रियों ने मंत्री के साथ बातचीत के दौरान सेवाओं की संख्या बढ़ाने की मांग की तथा ट्रेन सेवा में बार बार व्यवधान पर चिंता व्यक्त की। ट्रेन में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में 16,240 करोड़ रुपए की लागत से 12 परियोजनाओं पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि इससे नेटवर्क में पटरियों की लंबाई 301 किलोमीटर बढ़ जाएगी जिससे यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।इन परियोजनाओं में सीएसएमटी-कुर्ला के बीच 5वीं और 6वीं लाइन, मुंबई सेंट्रल-बोरीवली के बीच 6वीं लाइन, कल्याण-आसनगांव के बीच 4वीं लाइन, कल्याण-बदलापुर के बीच 3वीं और 4वीं लाइन, नीलाजे-कोपर डबल कॉर्ड लाइन, नायगांव-जुईचंद्र कॉर्ड लाइन और ऐरोली-कल्याण एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल हैं। वैष्णव ने कहा,"इन परियोजनाओं के पूरा होने पर, मुंबई की जीवन रेखा की क्षमता बढ़ जाएगी, अधिक ट्रेन चलाई जा सकेंगी और कुल मिलाकर आवागमन का अनुभव बेहतर होगा। वैष्णव ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का भी निरीक्षण किया और इस रेलवे स्टेशन के एक हिस्से के पुनर्विकास की योजना की समीक्षा की, जो मध्य रेलवे का मुख्यालय है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री ने सीएसएमटी के बरामदे और सीढ़ी का भी अवलोकन किया। मंत्री ने रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) और सीएसएमटी यार्ड रीमॉडलिंग योजना द्वारा वहां किए जा रहे काम पर अधिकारियों से बात की। निरीक्षण के दौरान वैष्णव ने उपनगरीय क्षेत्र का दौरा किया, स्टेशन प्रबंधक और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से बात की। भांडुप स्टेशन पर उन्होंने रेलवे कर्मचारियों के साथ सेल्फी ली। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी वैष्णव के ट्रेन सफर के दौरान उनके साथ थे। एक अधिकारी ने बताया कि वैष्णव गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में एक गणेश मंडल भी जाने वाले हैं। अधिकारियों ने बताया कि वैष्णव ने फरवरी 2022 में दो अतिरिक्त रेल लाइन के निरीक्षण के लिए मुंबई उपनगरीय रेल नेटवर्क पर ठाणे और दिवा स्टेशन के बीच एक लोकल ट्रेन में सफर किया था और उस सफर के दौरान सड़क किनारे स्थित एक रेस्त्रां में वडा पाव खाया था।

धरना दे रहे चिकित्सकों पर हमले की साजिश का भंडाफोड़ : टीएमसी

भाषा। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने शुक्रवार को दावा किया कि कुछ विपक्षी सियासी ताकतों ने ममता बनर्जी सरकार और पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को बदनाम करने के लिए प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों पर हमले की साजिश रची है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर चिकित्सकों का धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन कर रहे चिकित्सक विभाग के शीर्ष अधिकारियों को चिकित्सा महाविद्यालयों के भ्रष्टाचार में कथित तौर पर संलिप्तता की वजह से हटाने की मांग कर रहे हैं।पूर्व राज्यसभा सदस्य घोष ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एक ऑडियो क्लिप साझा किया जिसमें कथित तौर पर दो लोग 12 सितंबर की रात को नबन्ना (राज्य सचिवालय) से लौटने पर कनिष्ठ चिकित्सकों पर हमला करने की साजिश रचते सुने जा सकते हैं। आर.जी. कर अस्पताल की घटना के बाद से जारी गतिरोध के समाधान के लिए चिकित्सक 12 सितंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत करने के लिए नबन्ना गए थे। हालांकि, कनिष्ठ चिकित्सकों की मांग के अनुसार राज्य सरकार बातचीत का सीधा प्रसारण करने पर सहमत नहीं हुई, इसलिए यह बैठक नहीं हो सकी। तृणमूल नेता ने कहा, ऑडियो क्लिप से यह स्पष्ट हो गया है कि कुछ लोग कल रात कनिष्ठ चिकित्सकों पर हमला करना चाहते थे और वे फिर से हमला कर सकते हैं। हमने पुलिस और सुरक्षा बलों को सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि ऐसा न हो। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान हो जाएगा। पीटीआई-भाषा घोष द्वारा प्रस्तुत ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करती। घोष ने कहा कि पार्टी के पास विश्वसनीय सूचना है कि कुछ वामपंथी और अति वामपंथी दल प्रदर्शनकारियों के बीच घुसपैठ करने और तृणमूल कांग्रेस एवं ममता बनर्जी सरकार को बदनाम करने के लिए हमले की साजिश रच रहे हैं।

ऑफिस ऑफिस की फिर होगी होगी वापसी

मुंबई। प्रतिष्ठित रापा रेडियो एवं टीवी एडवरटाईज़िंग प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया अवाड् 'द्वारा 2001-02 में सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार जीतने वाले ऑफिस ऑफिस के प्रसारण के लगभग 25 साल बाद आज भी दर्शक इसे भूल नहीं पाए हैं। यह धारावाहिक एक बार फिर टाटा प्ले क्लासिक पर हर शनिवार और रविवार को शाम 4.30 बजे प्रसारित होने के लिए तैयार है। इस धारावाहिक में पंकज कपूर ने मुसद्दीलाल का किरदार निभाया है, जो अमर हो गया है। इस किरदार में उन्होंने अपने अभिनय से जान फूंक दी है। यह भारतीय टेलीविज़न के एक दौर का प्रतिनिधित्व करता है।

हिमाचल प्रदेश में बारिश का दौर जारी, 31 सड़कें बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में जारी बारिश के कारण कुल 31 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने शिमला और सिरमौर जिलों के कुछ हिस्सों में शनिवार तक मध्यम बाढ़ के खतरे की चेतावनी जारी की है। राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश जारी रही और बृहस्पतिवार शाम से गुलेर में सबसे अधिक 64.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि पालमपुर में 46.4 मिमी, धर्मशाला में 43 मिमी, कल्पा में 30 मिमी, सलापर में 27.1 मिमी, सोलन में 26.2 मिमी, शिमला में 26 मिमी, चौपल में 21.4 मिमी, सांगला में 20.8 मिमी, जुब्बड़हट्टी में 20.5 मिमी, नैना देवी में 18.4 मिमी और धौलाकुआं में 13.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में अधिकतम 10 सड़कें, मंडी में सात, सिरमौर जिले में पांच, शिमला में चार, कुल्लू में तीन तथा किन्नौर और बिलासपुर जिलों में एक-एक सड़क बंद है। एसईओसी ने बताया कि राज्य में बारिश से बिजली और जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। हिमाचल प्रदेश में 27 जून को मानसून के आगमन के बाद से अब तक सामान्य से 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। राज्य में 682.4 मिमी औसत के मुकाबले 545.2 मिमी वर्षा हुई है।

उत्तराखंड में बारिश से दो की मौत, एक लापता

भाषा। देहरादून

उत्तराखंड के अधिकांश क्षेत्रों में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति नदी के तेज बहाव में लापता हो गया।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, कुमांउ क्षेत्र में उधमसिंह नगर जिले के कई इलाकों में दोपहर बाद हुई तेज बारिश के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई और करीब ढ़ाई सौ लोगों को उनके मकानों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा।बारिश को लेकर मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट के मद्देनजर राज्य भर में शुक्रवार को स्कूल बंद रखे गए। भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चंपावत जिले में शनिवार को भी स्कूलों को बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य परिचालन केंद्र पहुंच कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की जानकारी ली तथा अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए।चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि लोहाघाट के ढोरजा गांव में भारी बारिश के कारण एक गोशाला के उपर मलबा गिरने से उसमें काम कर रही एक महिला दब गई।

गुजरात : गांधीनगर में मेश्वो नदी में आठ लोग डूबे

अहमदाबाद। गुजरात के गांधीनगर जिले में शुक्रवार शाम मेश्वो नदी में नहाने के दौरान आठ लोगों की डूबकर मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बी. बी. मोडिया ने बताया कि डूबने से मरने वाले लोग देहगाम तालुका के वसना सोगती गांव के रहने वाले थे। घटना गांव के निकट हुई।

राम मंदिर परिसर का काम अगले वर्ष जून तक पूरा हो जाएगा: नृपेन्द्र मिश्र

भाषा। अयोध्या (उप्र)

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राम मंदिर परिसर का काम 30 जून, 2025 तक पूरा हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति की अयोध्या में हो रही तीन दिवसीय बैठक का शुक्रवार को दूसरा दिन था। शुक्रवार को जारी एक बयान में नृपेंद्र मिश्रा ने कहा, शिखर के निर्माण में लगभग 120 दिन लगेंगे। हमारा लक्ष्य दिसंबर तक था, लेकिन वह संभव नहीं हो पा रहा है। शिखर का निर्माण फरवरी 2025 तक पूरा होगा। उन्होंने कहा, परिसर में बन रहे सप्त मंदिर की मूर्तियां जयपुर में बन रही हैं। ऋषि-मुनियों की मूर्तियों की स्थापना का कार्य दिसंबर 2024 तक पूर्ण हो जाएगा। राम मंदिर परिसर का कार्य 30 जून 2025 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर का भवन फसाड लाइट से सुसज्जित होगा जबकि परिसर में इस प्रकार की लाइटिंग नहीं होगी तथा फसाड लाइट की निविदा संभवत नवंबर के अंत तक हो जाएगी। इसके पहले, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा था कि ट्रस्ट यह सुनिश्चित करने का काम कर रहा है कि निर्माण के लिए आवश्यक पत्थरों की आपूर्ति समय से पर्याप्त संख्या में हो जाए।अनिल मिश्रा ने बयान में कहा था कि गर्भगृह को प्राचीन सफेद संगमरमर के पत्थरों से सजाया गया है, जबकि दूसरी मंजिल का निर्माण लगातार चल रहा है।अनिल मिश्रा ने कहा कि राजसी शिखर का निर्माण अगले महीने शुरू होने वाला है और मंदिर की शोभा बढ़ाने वाली मूर्तियां पूरी होने वाली हैं। उनके मुताबिकराम मंदिर के निर्माण में।,600 से अधिक समर्पित कार्यकर्ता अथक परिश्रम से लगे हुए हैं।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य ने कहा कि मंदिर निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि सप्त मंडप मंदिरों का निर्माण भी तेजी से चल रहा है।इसी वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या मंदिर में नए राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था।

कर्नाटक: नागमंगला हिंसा मामले में पुलिस निरीक्षक निलंबित, तीन और हिरासत में लिए गए

नागमंगला-कर्नाटक। नागमंगला में भगवान गणेश की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में एक पुलिस इंस्पेक्टर को ड्यूटी में चूक के आरोप में निलंबित कर दिया गया है तथा तीन और लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि मांड्या जिले के इस शहर में स्थिति सामान्य हो गई है, जहां बुधवार रात दो समूहों के बीच झड़प होने के बाद भीड़ द्वारा कई दुकानों और वाहनों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ किए जाने से तनाव पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है, फिर भी शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और एहतियात के तौर पर 14 सितंबर तक चार से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगाते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में तीन और गिरफ्तारियों के साथ गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 55 हो गई है। पहले गिरफ्तार किए गए 52 लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मांड्या के पुलिस अधीक्षक मल्लिकार्जुन बालदंडी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नागमंगला टाउन थाने में तैनात पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार को शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों के संबंध में ड्ट्39ड्डूटी में चूक के लिए बृहस्पतिवार शाम निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में 18 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने आगाह किया कि कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारण जिन लोगों की आजीविका पर असर पड़ा है, सरकार उन लोगों को मुआवाजा देने पर विचार करेगी। साथ ही उन्होंने इस मामले में राजनीति करने के लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा।परमेश्वर ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा, (पुलिस) निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है, क्योंकि उसने (शोभायात्रा के) मार्ग में थोड़ा बदलाव किया। इसके लिए वह जिम्मेदार है।

क्विक न्यूज

राजस्थान : बूंदी में मकान मालिक के बेटे ने किया सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी फरार

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के बूंदी शहर में सात साल की एक बच्ची के साथ उसके मकान मालिक के बेटे ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी (24) घर से फरार है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस दल गठित किए गए है। बूंदी के पुलिस अधीक्षक (नगर) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि यह घटना बुधवार को हुई, लेकिन पीड़िता के परिजनों को बृहस्पतिवार रात इसकी जानकारी मिली। मीणा ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने शुक्रवार सुबह बूंदी जिला बाल कल्याण समिति से संपर्क किया। उन्होने बताया कि बाद में बूंदी जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है।

किश्तवाड़ में मुठभेड़ में सेना के चार जवान घायल

जम्मू। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक तलाशी अभियान के बाद शुरू हुई मुठभेड़ में सेना के चार जवान घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने छतरू क्षेत्र के नैदघाम इलाके में घेराबंदी करके एक तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि छतरू पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में नैदघाम गांव के ऊपरी इलाकों में पिगनल दुगड्डा वनक्षेत्र में सुरक्षा बलों के तलाशी दलों और छिपे हुए आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। सेना ने आज रात कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर छतरू इलाके में पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपराह्न साढ़े तीन बजे आतंकवादियों से आमना सामना हुआ। उसने कहा कि इस गोलीबारी में सेना के चार जवान घायल हो गए है। उसने कहा कि अभियान जारी है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोटक में साझेदारी

मुंबई। भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंकएयू एसएफबी और भारत के अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में एक कोटक महिंद्रा लाइफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कोटक लाइफने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों की जीवन बीमा और वित्तीय सुरक्षा के समाधानों तक पहुंच बढ़ाने के लिए की गई है। यह सहयोग एक संशोधित व्यावसायिक प्रस्ताव पर आधारित हैए जो पूर्व में फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक अब एयू एसएफबी के साथ विलयद्ध के साथ कोटक लाइफके संबंधों को जारी रखता है। इस साझेदारी पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओए उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में हमारे हर काम के केंद्र में हमारे ग्राहक है और हम उन्हें एक बड़ी रेंज की पेशकश करने और पर्सनलाइज़्ड सोलुशन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बैंकाश्योरेंस सेगमेंट में अपनी पेशकश का विस्तार कर रहे हैंऔर इस समय जीवन बीमा में एक भरोसेमंद लीडर, कोटक लाइफके साथ साझेदारी, हमारे प्रोडक्ट के सेट को मजबूत करती है और हमारे ग्राहकों के लिए उपलब्ध फाइनेंशियल प्लानिंग के विकल्पों को बढ़ाती है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि श्कोटक लाइफमें हम मानते हैं कि जीवन बीमा हर भारतीय के लिए एक आवश्यकता है। साझेदारी के बाद तत्काल प्रभाव सेए एयू एसएफबी के नए और मौजूदा ग्राहक जिनमें पहले के फिनकेयर एसएफबी ब्रांच के ग्राहक भी शामिल हैं।

स्टार हेल्थ स्वास्थ्य बीमा में देगा लाभ

गुरुग्राम। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड स्टार हेल्थ इंश्योरेंस और पॉलिसीबाजार ने सुपर स्टार लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनलाइज्ड दीर्घकालिक हेल्थ इंश्योरेंस योजना है जो ग्राहक.केंद्रित है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहक मूल्य प्रदान करना है। यह गेम चेंजर उत्पाद पॉलिसीधारकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है यह आपको बेजोड़ लचीलापन और अनुकूलन प्रदान करता है। यह इंडिविजुअल और परिवारके लिए 5 साल की लंबी अवधि की पॉलिसी है। सुपर स्टार एक डिजिटल.ओनली उत्पाद है जो पॉलिसीबाजार वेबसाइट और स्टार हेल्थ के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॅंय

भारत की टिप्पणी सुनने को भी तैयार रहें देश : जयशंकर

● भारत ने जिनेवा में सुधारक हंसा मेहता को सम्मानित किया

जिनेवा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें अन्य देशों द्वारा भारतीय राजनीति पर टिप्पणी करने से कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी राजनीति पर उनकी टिप्पणी सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान यह तीखी टिप्पणी की। नई दिल्ली स्थित कुछ विदेशी राजनयिकों द्वारा उनके अपने देश में कुछ विपक्षी नेताओं के साथ व्यक्तिगत बैठकें करने के बारे में जयशंकर से सवाल पूछा गया था। विदेश मंत्री ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया और कहा, यदि लोग हमारी राजनीति के बारे में टिप्पणी करते हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है, लेकिन मुझे पूरी निष्पक्षता के साथ लगता है कि उन्हें भी अपनी राजनीति के बारे में मेरी टिप्पणी सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने प्रसिद्ध लेखक जॉर्ज ऑरवेल की कृति एनिमल फार्म का जिक्र करते हुए कहा, कुछ लोग दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। वास्तव में आप इसे कैसे बना सकते हैं? जयशंकर तीन देशों की यात्रा के आखिरी चरण में हैं। इससे पहले उन्होंने जर्मनी और सऊदी अरब का दौरा किया था। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को भारतीय सुधारक और शिक्षाविद हंसा मेहता को सम्मानित करते हुए जिनेवा में भारत के स्थाई दूतावास में उनके नाम पर एक हॉल का नामकरण किया। जयशंकर ने परिसर में स्थित भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हंसा मेहता एक अग्रणी और आदर्श महिला थीं, जिनका अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और लैंगिक समानता में योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता।

मेरे पिता 1984 में अपहृत विमान में सवार थे

जिनेवा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उनके पिता 1984 में अपहृत विमान में सवार थे और कहा कि ऐसी परिस्थितियों में उनके पास दोनों पक्षों परिवार के सदस्यों और सरकार में बैठे लोगों के दृष्टिकोण को लेकर एक अनोखा नजरिया था। जयशंकर यहां एक कार्यक्रम के दौरान 1999 में आईसी814 के अपहरण पर हाल में जारी टेलीविजन सीरीज के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जयशंकर ने कहा, कैसे एक युवा अधिकारी के रूप में मैं उस टीम का हिस्सा था, जो अपहरण के मामले से निपट रही थी। वहीं दूसरी तरफ, मैं उन परिवारों के सदस्यों में शामिल था जो अपहरण के बारे में सरकार पर दबाव डाल रहे थे। भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान, श्रोताओं में से एक ने मंत्री से नेटफ्लिक्स पर हाल में आई सीरीज आईसी814: द कंधार हाईजैक पर उनकी टिप्पणी मांगी थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यह सीरीज नहीं देखी है। उन्होंने हालांकि अपहरण की घटना के संबंध में अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, 1984 में एक विमान का अपहरण हुआ था... मैं एक बहुत ही युवा अधिकारी था। मैं उस टीम का हिस्सा था जो इससे निपट रही थी। मैंने अपनी मां को फोन करके बताया कि मैं नहीं आ सकता, अपहरण हो गया है। मुझे पता चला कि मेरे पिता उस विमान में थे।

अफगानिस्तान में बंदूकधारियों ने 14 लोगों की हत्या की

भाषा। इस्लामाबाद

मध्य अफगानिस्तान के शिया बहुल क्षेत्र में बंदूकधारियों ने 14 लोगों की हत्या कर दी। तालिबान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह इस वर्ष देश में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है। तालिबान ने बताया कि इस हमले में छह अन्य लोग घायल हो गए। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने इसकी जिम्मेदारी ली। यह हमला बृहस्पतिवार को हुआ और इसमें शिया बहुल घोर और दाईकुंडी प्रांतों के बीच यात्रा कर रहे लोगों को निशाना बनाया गया। आईएस समूह ने कहा कि हमले के लिए मशीन गन का इस्तेमाल किया गया। ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी के हवाले से अपनी खबर में कहा कि समूह ने इराक में धार्मिक स्थलों की यात्रा से लौट रहे अफगान शियाओं का स्वागत करने वाले लोगों को निशाना बनाया। उन्होंने इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए तत्काल कार्वाई किए जाने का आह्वान किया।तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बृहस्पतिवार के इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि प्राधिकारी लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करना अपना कर्तव्य मानते हैं। मुजाहिद ने कहा, हम अपराधियों की तलाश करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि हमले में शिया समुदाय के कई लोग मारे गए और घायल हुए। मिशन ने एक्स पर कहा, हम मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और इस हमले के जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने के लिए जांच की मांग करते हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में प्रतिबंधित तालिबान संगठन के दो आतंकवादी मारे गए

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के दो आतंकवादियों को मार गिराया है और उनके ठिकाने से विस्फोटक तथा अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बृहस्पतिवार रात लाहौर से 400 किलोमीटर दूर डेरा गाजी खान में एक अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा, मुठभेड़ के दौरान डेरा गाजी खान में दो आतंकवादी मारे गए, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े थे। दो अन्य आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर घटनास्थल से भागने में सफल रहे। सीटीडी ने आतंकवादियों के ठिकानों से विस्फोटक, दो राइफल, गोलियां और एक हथगोला भी बरामद किया। इन आतंकवादियों की योजना महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने और प्रांत में बड़े पैमाने पर आतंकवादी गतिविधियां संचालित करने की थी। सीटीडी ने कहा कि जांच जारी है और फरार आतंकवादियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की हत्या मामले में पाकिस्तानी मूल का व्यक्ति दोषी करार

लंदन। पाकिस्तानी मूल के 25 वर्षीय एक व्यक्ति को एक भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की चोरी की कार से टक्कर मारकर हत्या करने का दोषी करार दिया गया है। इस घटना को तब अंजाम दिया गया जब पीड़ित इस वर्ष वैलेंटाइन डे के दिन साइकिल से दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड स्थित अपने घर लौट रहा था।विग्नेश पट्टाभिरमण (36) की हत्या शाजेब खालिद ने चोरी की गई रेंज रोवर कार से उस समय कर दी, जब वह रीडिंग स्थित अपने कार्यस्थल भारतीय रेस्तरां वेल से साइकिल से वापस आ रहे थे।रॉयल बर्कशायर अस्पताल में विग्नेश को मृत घोषित कर दिया गया तथा हत्या की धारा के तहत जांच शुरू की गई।खालिद को 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया और उसके अगले दिन उस पर हत्या का अभियोग लगाया गया। रीडिंग क्राउन कोर्ट में 28 दिनों तक चली सुनवाई के बाद खालिद को बुधवार को पट्टाभिरमण की हत्या का दोषी करार दिया गया। सुनवाई के दौरान खालिद ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी होने की दलील दी लेकिन जूरी ने उसे हत्या का दोषी ठहराया। सोहईम हुसैन (27) और मया रेइली (20) को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और अभियोजित किया था। दोनों आरोपी मे इस मुकदमे के दौरान पेश हुए।

पूर्वी लद्दाख के चार बिंदुओं से सैनिक पीछे हटे : चीन

भाषा। बीजिंग

चीन के विदेश मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में गलवान समेत चार बिंदुओं से सैनिकों के पीछे हटने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन ने रूस में अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के वास्ते माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने बृहस्पतिवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स सदस्य देशों में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठक से इतर बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दों पर हाल के विचार-विमर्श में हुई प्रगति पर चर्चा की।चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान पूछा गया कि क्या दोनों देश पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय से द्विपक्षीय संबंधों पर जमी बर्फ को हटाने के करीब हैं? इसपर माओ ने कहा कि दोनों सेनाओं ने चार क्षेत्रों से वापसी की है और सीमा पर स्थिति स्थिर है।प्रवक्ता ने कहा, हाल के वर्षों में, दोनों देशों की अग्रिम मोर्चे पर तैनात सेनाओं ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में चार बिंदुओं से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया है, जिसमें गलवान घाटी भी शामिल है। चीन-भारत सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर और नियंत्रण में है। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा जिनेवा में दिए गए बयान के एक दिन बाद आई है।

अमेरिका ने पाकिस्तान मिसाइल कार्यक्रम का समर्थन करने वाली चीनी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने मिसाइल प्रतिबंध कानूनों के तहत पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की मदद करने वाली चीन की चार संस्थाओं, एक पाकिस्तानी कंपनी और एक चीनी व्यक्ति के खिलाफ कार्वाई की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका ने मिसाइल प्रतिबंध कानूनों (शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम (एईसीए) और निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम (ईसीआरए)) के तहत बीजिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑटोमेशन फॉर मशीन बिल्डिंग इंडस्ट्री (आरआईएएमबी) पर प्रतिबंध लगाए है,जिसने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास परिसर (एनडीसी) के साथ मिलकर काम किया।

जिल बाइडन और रक्षा मंत्री अलबामा अड्डे का दौरा करेंगे

वाशिंगटन। अमेरिकी की पहली महिला जिल बाइडन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन पेंटागन एवं व्हाइट हाउस के विभिन्न कार्यक्रमों को उजागर करने के लिए अलबामा के मैक्सवेल वायु सैनिक अड्डे की यात्रा करने वाले हैं।दोनों प्रतिष्ठानों ने सैन्य जीवन को बेहतर बनाने तथा प्रारंभिक शिक्षा में सुधार के वास्ते कई कदम उठाए हैं।बाइडन और आस्टिन शुक्रवार को मैक्सवेल में उस प्री-किंडरगार्डन कार्यक्रम की भी समीक्षा करेंगे जो तीन और चार साल के बच्चों के लिए स्कूल-पूर्व शिक्षा से संबंधित है। पहली महिला इस कार्यक्रम की पैरोकार रही हैं। बाइडन प्रशासन की योजना अब इस कार्यक्रम को सेना से परे, पूरे देश में विस्तार करने की है।

रूस ने ब्रिटिश राजनयिकों पर लगाया जासूसी का आरोप, ब्रिटेन ने नकारा

भाषा। लंदन

ब्रिटेन ने रूस द्वारा उसके राजनयिकों के जासूसी में संलिप्त होने के आरोपों को शुक्रवार को पूरी तरह से निराधार करार दिया। इससे पहले रूस ने छह ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता रद्द कर दी थी, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे कुछ सप्ताह पहले ही देश छोड़ चुके हैं।विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि ब्रिटेन अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा को लेकर कोई कोई खेद नहीं है। उसने रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा द्वारा लगाए गए आरोपों को भी खारिज कर दिया।रूस द्वारा ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता वापस लेने यह खबर ऐसे समय में आई है जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टॉर्मर यूक्रेन युद्ध और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा रूस के अंदर मौजूद लक्ष्यों को पश्चिमी देशों द्वारा मुहैया कराई गई मिसाइलों से हमले की अनुमति मांगने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत करने के लिए वाशिंगटन पहुंचे हैं।एफसीडीओ ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, एफएसबी द्वारा हमारे कर्मचारियों के खिलाफ आज लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। इसमें कहा गया है, रूस के अधिकारियों ने पिछले महीने रूस में छह ब्रिटिश राजनयिकों की राजनयिक मान्यता रद्द कर दी थी। यह कार्वाई यूरोप और ब्रिटेन में रूसी सरकार द्वारा निर्देशित गतिविधियों के जवाब में ब्रिटेन सरकार द्वारा की गई कार्वाई के बाद की गई थी। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के बारे में दृढ़ हैं। एफएसबी ने कहा कि छह ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा खुफिया जानकारी एकत्र करने के संकेत मिले थे और उन्हें हमारे देश को रणनीतिक रूप से पराजित करने का काम सौंपा गया था।

छह ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित करेगा रूस

डब्ल्यूएचओ ने पहले एमपॉक्स टीके को मंजूरी दी

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने वयस्कों में एमपॉक्स के उपचार के वास्ते टीके के इस्तेमाल के लिए पहली मंजूरी दे दी है तथा उसने इसे अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी का मुकाबला करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।टीके को मंजूरी दिए जाने का मतलब है कि जीएवीआई वैक्सीन एलायंस और यूनिसेफ जैसे दानकर्ता इसे खरीद सकते हैं। लेकिन आपूर्ति सीमित है क्योंकि केवल एक ही निर्माता है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेएसस ने कहा, एमपॉक्स के उपचार के लिए टीके के इस्तेमाल को मंजूरी मिलना इस बीमारी के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अंतर-धार्मिक संवाद करें, खुद को आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रखें : पोप

सिंगापुर। पोप फ्रांसिस ने शुक्रवार को सिंगापुर के युवाओं से कहा कि अंतर-धार्मिक संवाद के लिए साहस की जरूरत होती है क्योंकि इसका मतलब खुद को आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रखना है।पोप ने सिंगापुर की अपनी यात्रा के अंतिम दिन कैथोलिक जूनियर कॉलेज के युवाओं के साथ एक अंतर-धार्मिक बैठक के दौरान कहा, क्या आलोचना करने का आपमें साहस है और क्या इसके साथ-साथ आप अपनी आलोचना किए जाने की अनुमति देंगे? युवाओं के बीच संवाद समुदाय में व्यापक स्तर पर नागरिकों के बीच बातचीत को बढ़ावा देगा। आलोचना रचनात्मक या व्यवधान डालने वाली हो सकती है और युवाओं को आलोचना करने के दौरान विभिन्न धर्मों के लोगों का सम्मान करना चाहिए। पोप को उद्धृत करते हुए कहा, आपके पास यह साहस हो सकता है और इसका उपयोग उन चीजों के लिए कर सकते हैं जो वास्तव में आपकी मदद नहीं करती हैं।

वियतनाम में चक्रवात यागी से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 233 हुई

भाषा। हनोई

वियतनाम में चक्रवात यागी के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से और शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 233 हो गई। देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। वियतनाम के सरकारी प्रसारक वीटीवी ने बताया कि उत्तरी लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया था और यहां रह रहे कई लोग बह गए थे, जिसके बाद बचवाकर्मियों ने यहां से 48 शव बरामद किए जबकि 39 लोग अब भी लापता हैं। वियतनाम में अब भी 103 लोग लापता हैं तथा 800 से अधिक घायल हुए हैं।तूफान यागी दशकों में वियतनाम में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। यह शनिवार को 149 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तट से टकराया था। लांग नू की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे राहत-बचाव अभियान में मदद के वास्ते भारी उपकरण लाना असंभव हो गया है। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने बृहस्पतिवार को घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि लापता लोगों की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

आईटी की त्रुटियों से अक्सर गलत दवा या खुराक दे दी जाती है

भाषा। सिडनी

अस्पताल में आपको दवा दिए जाने के दौरान एक कंप्यूटर आपके डॉक्टर को दवा की उपयुक्तता और उसकी खुराक के बारे में संकेत देता है। स्वास्थ्य कर्मी जब कंप्यूटर पर मरीज के रिकॉर्ड को अद्यतन करते हैं तो उन्हें सही स्थान पर उपयुक्त जानकारी भरनी होती है या सूची में उपलब्ध विकल्पों में से किसी को चुनना होता है। लेकिन जैसा कि शोध कार्यों से पता चलता है कि ए इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां पूरी तरह से सही नहीं हैं। हमारा नया अध्ययन दर्शाता है कि ए तकनीक-संबंधी गलतियां कितनी बार होती हैं और मरीजों की सुरक्षा के लिए इनका क्या मतलब है। अक्सर ए प्रोग्रामिंग त्रुटियों या खराब डिजाइन के कारण होती हैं और कंप्यूटर का उपयोग करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों से इनका कम संबंध होता है। हमने क्या देखा? हमें क्या पता चला? हमारी टीम ने एक प्रमुख मेट्रोपोलिटन अस्पताल में चिकित्सकों की 35,000 से अधिक (दवा लिखी हुई) पर्चियों की समीक्षा की ताकि यह समझा जा सके कि तकनीक-संबंधी त्रुटियां कितनी बार होती हैं। हमने उन त्रुटियों पर ध्यान केंद्रित किया, जो तब होती हैं, जब दवाएं कंप्यूटर-आधारित प्रणाली के माध्यम से दी जाती हैं। कई अस्पतालों में, इन प्रणालियों ने क्लिपबोर्ड की जगह ले ली है, जो पहले मरीज के बिस्तर से लटका कर रखा जाता था। हमारे शोध से पता चला है कि दवा से संबंधित तीन में से एक त्रुटि तकनीक से जुड़ी हुई है। हमने यह भी जांच की कि समय के साथ प्रौद्योगिकी से संबंधित त्रुटियां कैसे बदली हैं, इसके लिए हमने समय आधारित तीन चरणों में त्रुटियों की दरों की समीक्षा की।

पोषण बढ़ाने में लाभदायक है बादाम

सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैंए जिनमें विटामिन ईए मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं।इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च आईसीएमआर. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफन्यूट्रीशनएनआईएन ने हाल ही में भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि अच्छी सेहत के लिए रोजाना बादाम को नट के रूप में लेना चाहिए। रोजाना बादाम खाने से सेहत को कई सारे फायदे होते हैं जैसे वजन नियंत्रित रहता है दिल की सेहत बेहतर होती है और ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। राष्ट्रीय पोषण माह पर अपनी बात रखते हुए रीजनल हेड.डायटेटिक्सए मैक्स हेल्थकेयर की रितिका समद्दर कहती हैं आसानी से मिलने और तेज रफ्तार जीवनशैली की वजह से जंक और एचएफएसएस हाई फैट, शुगर, सॉल्ट, जैसी चीजें खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां और मोटापा जैसी जीवनशैली संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसलिएए मैं हमेशा ही सतर्कता से खानपान का विकल्प चुनने की सलाह देती हूं। साथ ही रोजमर्रा की जिंदगी में आवश्यक ढेर सारे पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार जैसे सेहतमंद विकल्पों का रुख करने को कहती हैं। सही सेहत बनाए रखने के लिए अपने आहार में बादाम जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना जरूरी हैए क्योंकि इससे सेहत को काफी लाभ मिलता है। न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी का कहना है आईसीएमआर.एनआईएन की हालिया गाइडलाइन भी बादाम जैसे नट्स को रोजाना अपने सेहतमंद आहार के रूप में खाने को कहती है। इतना ही नहींए शोध अध्ययनों में बताया गया है कि बादाम भी पूरे डाइटरी पैटर्न में एक बेहतर भूमिका निभाता है। इससे टाइप 2 डायबिटीज और प्रीडायबिटीज से पीड़ित लोगों को लाभ मिलता है।

आयुर्वेद से बढ़ सकती है प्रतिरोधक क्षमता

भारत में मानसून और उसके बाद बदलते मौसम में कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर खासकर बच्चे इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। तापमान में कमी और नमी के स्तर में वृद्धि के कारण मानसून के दौरान संक्रमण होना एक आम बात है। जिसकी वजह से आमतौर पर मानसून में सर्दी एवं खाँसीए मलेरियाए डेंगूए टायफाइड और निमोनिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। उष्ण, नम और आर्द्र जलवायु के कारण कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर ज्यादा तेजी से फैलते हैं। इन रोगों से बचने के लिये रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाये रखने के लिये डाबर च्यवनप्राश ने यहां बाल निकुंज गर्ल्स अकेडमी, बेलीगारद शाखा अलीगंज में छात्राओं के लिये जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान शिवा हॉस्पिटल के आयुर्वेद फिजिशियन डा. आर.सी. उप्रेती अकेडमी के एमडी एच.एन. जायसवाल, प्रधानाचार्या डा. अनूप कुमारी शुक्ला, कोआर्डिनेटर सुधीर मिश्रा व ओपी वर्मा आदि मौजूद थे। प्रशांत अग्रवाल मार्केटिंग हेड. हेल्थ सप्लीमेंट्स डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा आयुर्वेद की समृद्ध विरासत और प्रकृति के गहन ज्ञान के साथ, डाबर ने हमेशा प्रामाणिक अध्ययन के माध्यम से सभी के लिए सुरक्षित, लागत प्रभावी और प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया है। आयुर्वेद पुस्तकें पांडुलिपियाँ। हम अपने उत्पाद के माध्यम से वर्तमान में भारत में विभिन्न बीमारियों से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके डा. उप्रेती ने छात्राओं को रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में कई जानकारियां दी और बताया कि सदियों पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित औषधि की सही मात्राए मानसून के रोगाणुओं से लड़ने में कैसे मददगार है। डाबर च्यवनप्राश रोगाणुओं से लड़ने वाले डेंड्रिक सेल, एनके सेल और मैक्रोफेज को सक्रिय करने में मदद करता है।

क्विक न्यूज

हांगकांग: हाल के महीनों में 12 से अधिक पत्रकारों, उनके परिवार को प्रताड़ित करने के मामले सामने आए

हांगकांग। हांगकांग में हाल के महीनों में 12 से अधिक पत्रकारों, उनके परिवार के कुछ सदस्यों तथा सहयोगियों को प्रताड़ित किए जाने के मामले सामने आए है। पत्रकारों के एक प्रमुख समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अर्ध-स्वायत्त शहर की राजनीति में आए बदलाव से पत्रकारों के लिए दमनकारी माहौल पैदा हो गया है जबकि कभी यह शहर एशिया में पत्रकारों की स्वतंत्रता के लिए ही जाना जाता था। हांगकांग जर्नलिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष सेलिना चेंग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शहर में बड़े पैमाने पर पत्रकारों को प्रताड़ित किए जाने के मामले सामने आए है। चेंग के अनुसार उनके समूह ने पाया कि खुद को देशभक्त बताने वाले लोगों ने जून से अब तक कम से कम 15 पत्रकारों के परिवार के सदस्यों, उनके परिवार के सदस्यों के नियोक्ताओं, उनके मकान मालिकों और अन्य संबंधित संगठनों को गुमनाम पत्र भेजे है। उन्होंने बताया कि ए हमले पूर्व नियोजित और संगठित प्रतीत होते है और वह खुद भी उन लोगों में शामिल है जिन्हें निशाना बनाया गया। पत्रकारों के समूह ने कहा कि कई पत्रों और ईमेल में धमकी दी गई है कि यदि वे संबंधित पत्रकारों या उनके परिवार के सदस्यों के साथ तालुक जारी रखते है तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल देंगे। इसने बताया कि इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर कम से कम 36 पत्रकारों को निशाना बनाकर किए गए पोस्ट में उनके लेखों को भड़काऊकरार दिया गया है।

हिंदी ने हमेशा जोड़ने को ही अपना उद्देश्य माना है : विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव जायसवाल

सिंगापुर। हिंदी ने हमेशा जोड़ने को ही अपना उद्देश्य माना है तथा हिंदी सीखे बगैर भारत की धड़कन को पूर्णतया समझना संभव नहीं है। यह बात विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कही। सिंगापुर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आरबीबी, आई एंड टी) रवीन्द्र प्रसाद जायसवाल ने हिंदी को महान भाषा करार दिया जिसका उद्देश्य हमेशा जोड़ना रहा है। नेशलन यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस), डी.ए.वी. स्कूल सिंगापुर और संगम सिंगापुर ने भारतीय उच्चायोग के साथ मिलकर इस अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया है जो 13 सितंबर से शुरू होकर 15 सितंबर तक जारी रहेगा। जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज विदेशी नागरिक भी भारतीय समाज और संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव करने के साथ योग, शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य सीखना चाहते है, लेकिन हिंदी सीखे बगैर भारत की धड़कन को पूर्णतया समझना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में मैंडरिन और अंग्रेजी के बाद हिंदी का स्थान आता है क्योंकि विश्व में 60 से 70 करोड़ लोग हिंदी बोलते एवं समझते है। जायसवाल ने कहा कि अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश आदि भाषाओं का प्रसार साम्राज्यवादी नींव पर हुआ, लेकिन विश्वभाषा हिंदी का आधार इसके प्रति सांस्कृतिक अनुराग और आत्मीयता है।

एमेजन त्योहारों से पहले लाखों को देगा मौसमी नौकरियाँ

एमेजान। एमेज़ॉन इंडिया ने घोषणा की कि इसके ऑपरेशंस नेटवर्क में 110,000 से ज्यादा नौकरियाँ दी गई हैं। ये नौकरियाँ आगामी त्योहारों के दौरान ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करेंगी। इनमें भारत में मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर,हैदराबाद,कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई आदि शहरों में दिए जा रहे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों के अवसर शामिल हैं। एमेज़ॉन इंडिया द्वारा अपने मौजूदा नेटवर्क में हजारों महिला एसोसिएट्स और लगभग 1900 पीडब्लूडी एसोसिएट्स दिव्यांगोंद्ध की भर्ती की जा चुकी है। एमेज़ॉन इंडिया द्वारा नए पदों में से ज्यादातर पर भर्ती की जा चुकी है। अभिनव सिंह वीपी.ऑपरेशंस एमेज़ॉन इंडिया ने कहा कि इन त्योहारों पर हम भारत में सभी पिनकोड्स पर ग्राहकों को तीव्र और भरोसेमंद डिलीवरी पहुँचाना चाहते हैं। अपना यह उद्देश्य पूरा करने के लिए हमने 1.1 लाख से ज्यादा लोगों की भर्ती की है, ताकि हमारा फुलफिलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत बने और हम बढ़ी हुई मांग को सुगमता से पूरा कर सकें। इनमें से अनेक एसोसिएट एमेज़ॉन के साथ त्योहारों के बाद भी काम करते हैं और कई हर साल एमेज़ॉन के साथ काम करने के लिए वापस आ जाते हैं। हम अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहते हैं फिर चाहे वो हमारे ऑफिस में बैठकर काम कर रहे हों या फिर ग्राहकों को डिलीवरी पहुँचा रहे हों।

अदालत ने शहीद भगत सिंह के नाम पर चौक का नाम रखने संबंधी याचिका पर जवाब देने के लिए अंतिम मौका दिया

लाहौर। पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पंजाब सरकार को लाहौर के एक चौराहे का नाम स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद-ए-आजम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने के संबंध में अदालती आदेश का अनुपालन नहीं करने पर शुक्रवार को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए अंतिम मौका दिया।लाहौर में शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश पर पंजाब सरकार द्वारा अमल न किए जाने पर उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा ने भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार को इस मामले पर जवाब देने का अंतिम मौका दिया। पंजाब के सहायक महाधिवक्ता साद बिन गाजी अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए और समय मांगा। न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा, पंजाब के सहायक महाधिवक्ता के अनुरोध पर, (पंजाब) सरकार को इस मामले पर जवाब देने का आखिरी मौका दिया जाता है।

बाइडन और स्टॉर्मर करेंगे मु

बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम ने बहाया पसीना

● कोहली ने की लबी बल्लेबाजी

भाषा। चेन्नई

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा , उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। एक स्थानीय सूत्र ने बताया , विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे। खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नए कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2 . 0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्ल्यूटीसी में 68 . 52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया 62 . 52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45 . 83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है।दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

दलीप ट्राफी : अग्रवाल और प्रथम के अर्धशतकों से भारत ए का पलड़ा भारी

भाषा। अनंतपुर

कप्तान मयंक अग्रवाल और प्रथम सिंह के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 115 रन बनाकर भारत डी के खिलाफ अपना पलड़ा भारी कर दिया।

भारत ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाकर भारत डी को 183 रन पर समेट दिया था। भारत डी की तरफ से देवदत्त पडिक्कल ने 92 रन की आकर्षक पारी खेली। पहली पारी में 107 रन की बढ़त लेने वाले भारत ए की कुल बढ़त 222 रन हो गई है। अग्रवाल ने 56 रन की पारी खेली और वह दिन की अंतिम गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटे। दिन का खेल समाप्त होने के समय प्रथम 59 रन बनाकर खेल रहे थे। अग्रवाल ने अपनी पारी में आठ चौके लगाए जबकि प्रथम अभी तक छह चौके लगा चुके हैं। राष्ट्रीय टीम में वापसी की कवायद में लगे अग्रवाल ने काम चलाऊस्पिनर श्रेयस अय्यर की गेंद पर वापस गेंदबाज को कैच थमाया। इससे पहले भी भारत ए के गेंदबाजों ने दबदबा बना रखा था। उसकी तरफ से तेज गेंदबाज खलील अहमद और आकिब खान ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत डी की तरफ से केवल पडिक्कल ही गेंदबाजों का डटकर सामना कर पाए। उन्होंने 124 गेंद की अपनी पारी में 15 चौके लगाए। इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाला कर्नाटक का यह बल्लेबाज हालांकि शतक पूरा नहीं कर पाया तथा राज्य के अपने साथी प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर विकेटकीपर कुमार कुशाग्र को आसान कैच दे बैठा। भारत डी की तरफ से उनके अलावा हर्षित राणा ने 29 गेंद पर 31 रन बनाए।

भारत सी के 525 रन के जवाब में भारत बी की मजबूत शुरुआत

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन और नारायण जगदीसन की पहले विकेट के लिए 124 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत बी ने दलीप ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत सी के 525 रन के जवाब मे मजबूत शुरुआत की। स्टंप्स के समय ईश्वरन और जगदीसन क्रमशः: 51 और 67 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि टीम ने इस दौरान 36 ओवर मे बिना किसी नुकसान के 124 रन बना लिए। भारत बी की टीम अब भी भारत सी से 401 रन पीछे है। बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज और भारत बी के कप्तान ईश्वरन ने 91 गेद की नाबाद की पारी मे चार चौके और एक छक्का लगाया है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जगदीसन ने 126 गेद की नाबाद पारी मे अब तक आठ चौके जड़े है।

ओडिशा, आंध्र, कर्नाटक और बंगाल को जूनियर हॉकी में मिली जीत

जालंधर। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और बंगाल ने शुक्रवार को यहां जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के पांचवे दिन अपने-अपने मैच जीते।दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने भी पूरे अंक अर्जित किए जबकि दिन के अंतिम मैच मे तमिलनाडु और झारखंड ने।-। से ड्रॉ खेला।दिन के पहले मैच मे ओडिशा ने अरुणाचल को 8-0 से हराया।प्रमोद पाल (21 वां, 26 वां, 31 वां, 37 वां, 46 वां और 49 वां मिनट) के छह गोल के दम पर दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने असम को 11-0 से रौंदा।दिन के तीसरे और चौथे मैच मे क्रमशः आंध्र प्रदेश ने केरल को 3-। जबकि कर्नाटक ने दिल्ली को 6-। से हराया। कर्नाटक के कप्तान सुनील पीबी ने हैट्रिक कर टीम की बड़ी जीत पक्की की। बंगाल ने इसके बाद गुजरात को 3-0 से मात दी।

नडाल ने बर्लिन में लावेर कप से नाम वापिस लिया

बर्लिन। रफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन मे होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 मे टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होने युगल मे नडाल के साथ खेला था। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नही खेला है। उन्होने कहा , मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मै अगले सप्ताह बर्लिन मे लावेर कप नही खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मै टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ है और इस समय दूसरे खिलाड़ी है जो टीम को जिता सकते है। 38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने इस बारे मे कुछ नही कहा कि उनकी फिटनेस कैसी है या वह आगे कब खेलेगे।

विधात्री ने डब्ल्यूपीजीटी में लगातार तीसरा खिताब जीता

नई दिल्ली। विधात्री उर्स ने लगातार बारिश के कारण खराब परिस्थितियो से अच्छी तरह निपटते हुए शुक्रवार को यहां दिल्ली गोल्फ क्लब मे हीरो महिला प्रो के 11वे चरण का खिताब अपने नाम किया। विधात्री ने इसके साथ ही जीत की हैट्रिक पूरी की। वह नौवे और 10वे चरण की भी विजेता बनकर उभरी थी। खराब मौसम के कारण तीसरे दिन के खेल को नौ होल का कर दिया गया जहां विधात्री ने एक अंडर 35 का स्कोर किया। दूसरे दौर के खेल को भी नौ होल कर किया गया था जिसमे इस खिलाड़ी ने 34 का कार्ड खेला था। विधात्री का 36 होल के खेल के बाद स्कोर 136 (67-34-35) का रहा और उसने छह शॉट से जीत दर्ज की।

मंगोलिया में स्नूकर विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे कोठारी

कोलकाता। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सौरव कोठारी मंगोलिया के उलानबाटेर मे शुक्रवार से होने वाले स्नूकर विश्व कप मे भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगे। कोठारी को वही पर 21 से 25 सितंबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के लिए भी वाइल्ड कार्ड मिला है। भारत के पारस गुप्ता और कमल चावला भी इसमे भाग ले रहे है। विश्व स्नूकर कैलेंडर की इन अहम चैम्पियनशिप मे 20 से अधिक देशो के भाग लेने की संभावना है। पिछले साल दिसंबर मे राष्ट्रीय चैम्पियन बनने के बाद से कोठारी की यह पहली अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्नूकर चैम्पियनशिप है।

अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द

बिना गेंद फेंके मैच खत्म



ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बगैर लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति आठवीं बार आई है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सात बार ही ऐसा हुआ है जब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हुआ हो। पिछली बार ऐसा 26 साल पहले 1998 में हुआ था। उस समय भी न्यूजीलैंड टीम ही थी जिसे डुनेडिन में भारत से खेलना था। उसी साल और उसी दिन फैसलाबाद में पाकिस्तान और जिम्बाब्वे का टेस्ट भी घने कोहरे के कारण बिना किसी खेल के रद्द किया गया था। भारत में पहली बार कोई टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द हुआ है। पहले दो दिन गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो सका जिससे शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर की मैच की मेजबानी की क्षमता पर सवाल उठे हैं। बाकी तीन दिन बारिश के कारण खेल रद्द हो गया। शुक्रवार की सुबह पिच का मुआयना किया गया लेकिन अभी भी आउटफील्ड में उन जगहों पर पानी जमा है जो ढकी नहीं हैं। इससे मैच का रद्द होना तय हो गया जिसमें टॉस तक नहीं कराया जा सका। ग्रेटर नोएडा में अभी भी बारिश हो रही है। लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट के पांचवें दिन का खेल रद्द कर दिया गया। पिछले दो सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। उसके अलावा सुविधाओं के अभाव, ग्राउंड कवर की कमी, खराब ड्रेनेज, कुशल मैदानकर्मियों के अभाव और सुपर सोपर पर्याप्त संख्या में नहीं होने से समस्या बढी है।

निराश अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के कोच

ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा , हम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने को लेकर रोमांचित थे। दुर्भाग्य की बात है कि मौसम ने साथ नही दिया। हम इससे काफी निराश है। मानसून के दौरान मैच मे यह आशंका हमेशा रहती है। यह निराशाजनक है कि हम खेल नही सके जबकि साल मे इस समय इतनी बारिश नही होती है। श्रीलंका और भारत के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखलाओ की तैयारी के लिए यह मैच महत्वपूर्ण था जिसके नही होने से वह निराश है।

युवा खुद पर भरोसा रखें : सूर्यकुमार

आप सब विशिष्ट कौशल के धनी है

बेंगलुरु। भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को यहां भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल खिलाड़ियों को अपने अद्वितीय कौशल का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने, टीम के रूप में एकजुट होने और प्रक्रिया पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल के सबसे छोटे प्रारूप से रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद भारत के टी20 कप्तान नियुक्त किए गए 33 वर्षीय सूर्यकुमार ने भारत की जूनियर टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 सितंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला से पहले यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंडर-19 क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत की लड़कों की अंडर-19 टीम में शामिल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ श्रृंखला की तैयारियों के तहत राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने शिविर के इतर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ बातचीत करने का सुनहरा अवसर मिला। एनसीए के एक सूत्र ने कहा कि सूर्यकुमार ने लड़कों से कहा कि वे अपने अद्वितीय कौशल के साथ पूरा न्याय करें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें।सूर्यकुमार ने कहा, आप जैसे हो हमेशा वैसे ही बने रहना। आप में से प्रत्एक के पास एक विशिष्ट कौशल है और उसके साथ पूरा न्याय करें। प्रक्रिया और दिनचर्या पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। परिणाम स्वयं ही आपके अनुकूल होगा। टीम में भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ भी हैं।

क्विक न्यूज

अनवर अली का निलंबन वापस, मामले की फिर से होगी सुनवाई: एआईएफएफ ने अदालत को बताया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया गया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की प्लेयर्स स्टेटस कमेटी (पीएससी) भारत के डिफेंडर अनवर अली को निलंबित करने का अपना आदेश वापस ले लेगी।एआईएफएफ की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव नरूला के समक्ष कहा कि इस मुद्दे पर शनिवार को समिति द्वारा नए सिरे से विचार किया जाएगा और सभी पक्षो को सुनने के बाद विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।अदालत पीएससी के फैसले के खिलाफ अली और उनकी वर्तमान टीम ईस्ट बंगाल और मूल क्लब दिल्ली एफसी की याचिकाओ पर सुनवाई कर रही थी।एआईएफएफ की पीएससी ने 10 सितंबर को इस डिफेंडर को दोषी करार देते हुए चार महीने के निलंबन की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही उसने अली और दोनो क्लबो को मोहन बागान को 12.90 करोड़ रुपए का भारी मुआवजा देने को कहा था।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोहली और स्मिथ के मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल

नई दिल्ली। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर मे होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजो विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित है। कोहली और स्मिथ मौजूदा दौर के फैब फोर बल्लेबाजो मे शामिल है जिसमे इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी है। मैक्सवेल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा , जिस तरह से ए दोनो सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे है , मुझे लगता है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा। उन्होने कहा , ए दोनो या दोनो मे से एक काफी रन बनाने वाला है।हमारे दौर के इन दोनो बेहतरीन खिलाड़ियों को आमने सामने खेलते देखने मे मजा आएगा। कोहली और स्मिथ दोनो पूर्व कप्तान है और मैदान पर दोनो के बीच कई बार तीखी बहस हो चुकी है। पिछले कुछ समय मे हालांकि इनके रिश्तो मे सुधार आया है। स्मिथ ने कहा था कि तेवरो की बात करे तो कोहली भारतीय खिलाड़ियो मे आस्ट्रेलियाई है।

कर्नाटक को सीनियर राष्ट्रीय तैराकी का खिताब

बेंगलुरु। कर्नाटक की पुरुषो की चार गुणा 100 फ्रीस्टाइल चौकड़ी ने प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड कायम किया जिससे राज्य ने शुक्रवार को यहां संपन्न हुई 77वी सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप मे ओवरऑल खिताब अपने पास बरकरार रखा। पृथ्वी एम, कार्तिकेयन नायर, आकाश मणि और श्रीहरि नटराज की चौकड़ी ने तीन मिनट 28.09 सेकंड का समय निकाला और कर्नाटक के 2023 मे बनाए गए तीन मिनट 28.16 सेकंड के रिकॉर्ड मे सुधार किया। इस स्पर्धा मे सेना के उन्नी कृष्णन एस, विकास प्रभाकर, विनायक विजय और आनंद ए तीन मिनट 28.93 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता मे रेलवे की शिवांगी शर्मा, आस्था चौधरी, कन्या नैय्यर और अवंतिका सुधीर चव्हाण ने चार मिनट 01.83 सेकंड का समय लेकर महिलाओ की चार गुणा 100 फ्रीस्टाइल मे 2023 मे बनाए गए महाराष्ट्र के चार मिनट 02.24 सेकंड के पहले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। कर्नाटक की शिरीन, विहिथा नयना लोगानाथन, शालिनी आर दीक्षित और हशिका रामचंद्र की चौकड़ी चार मिनट 02.62 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। कर्नाटक ने 17 स्वर्ण, 12 रजत और चार कांस्य पदक जीतकर समग्र खिताब जीता।

स्लोवाकिया को हराकर फाइनल्स के अंतिम आठ में पहुंचा

जुहाई (चीन)। अमेरिका ने स्लोवाकिया के खिलाफ अपने दोनो एकल मैच जीतकर शुक्रवार को डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ मे अपनी जगह पक्की कर ली।ग्रुप-सी मे अमेरिका की इस जीत के साथ ही जर्मनी मे अंतिम आठ मे पहुँचने मे सफल रहा।मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने लुकास क्लेन के खिलाफ 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलाई तो वही डेविस कप मे पदार्पण करने वाले ब्रैडन नकाशिमा को भी जोजेफ कोवालिक के खिलाफ परेशानी का सामना नही करना पडा। नकाशिमा ने 6-3, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।इंडोर कोर्ट पर खेले गए मैचो मे 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के बाद ग्रुप-सी के इस मैच मे युगल मुकाबलो की जरूरत नही पड़ी।

क्रैस्टो-कपिला वियतनाम ओपन के सेमीफाइनल में

हो ची मिन्ह सिटी। भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच मे सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले मे समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मे जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए। क्रैस्टो और कपिला को लय मे आने मे समय लगा। शुरुआती गेम मे सतीश और आद्या हावी रहे।

एआईएफएफ में आमूलचूल बदलाव करने का समय : भूटिया

नई दिल्ली। दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मे मौजूदा पदाधिकारियो को बर्खास्त करने की मांग करते हुए हाल के दिनो मे राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय संस्था को जिम्मेदार ठहराया। भूटिया ने एआईएफएफ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय फुटबॉल के लिए रोडमैप के अभाव के कारण हाल ही मे तीन देशो के इंटरकॉन्टिनेंटल कप मे भारत को घरेलू धरती पर सीरिया (0-3) के हाथो शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और मॉरीशस (0-0) के खिलाफ मैच ड्रा रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने एआईएफएफ प्रशासन मे आमूलचूल बदलाव की मांग की।उन्होने पीटीआई वीडियो से कहा, मेरा मानना है कि यह अच्छा संकेत नही है।

मांडविया ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को रीसेट में आवेदन करने को कहा

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को देश भर के संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से हाल मे शुरू किए गए सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट) कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र मे सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की। इस पहल की शुरुआत मांडविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी। पीआईबी (पत्र सूचना कार्यालय) के अनुसार मंत्री ने कहा, रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके हमारे उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हे सशक्त बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है जिन्होने अपनी उपलब्धियो से देश को गौरवान्वित किया है।हम संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से आग्रह करते है कि वे नए कौशल विकसित करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं, खेल समुदाय से जुड़े रहे और देश की खेल विरासत मे योगदान देना जारी रखे।

डेविस कप: भारत ने एकल के लिए फिर से जताया बालाजी पर भरोसा

● स्वीडन के खिलाफ खेलेंगे शुरुआती मैच

भाषा। स्टाकहोम

भारतीय डेविस कप टीम ने लगातार दूसरी बार एकल मुकाबले की जिम्मेदारी निभाने के लिए युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी पर भरोसा जताया है जो स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मैच में कप्तान रोहित राजपाल की अगुवाई वाली टीम का शुरुआती मैच खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने टीम में दूसरे एकल खिलाड़ी के तौर पर रामकुमार रामनाथन को चुना है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान में ग्रास कोर्ट पर एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाले बालाजी शनिवार को स्वीडन के शीर्ष खिलाड़ी एलियास यमेर (विश्व रैंकिंग 238) के खिलाफ मैच के साथ इस इनडोर मुकाबले की शुरुआत करेंगे। इस टीम में भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी रामकुमार (विश्व रैंकिंग 332) दूसरे एकल में स्वीडन के दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग (विश्व रैंकिंग 603) से भिड़ेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों का इससे पहले एटीपी टूर पर आमना-सामना नहीं हुआ है। रामकुमार और बालाजी रविवार को फिलिप बर्गेवी और आंद्रे गोरानसन के खिलाफ युगल और रिवर्स एकल भी खेलेंगे। शुरुआती दिन अगर स्कोर।-। की बराबरी पर रहा तो तो युगल जोड़ी में बदलाव हो सकता है।

प्रबल दावेदार भारतीय टीम पाकिस्तान पर कायम रखना चाहेगी दबदबा

भाषा। हुलुनबुइर (चीन)

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अपराजेय भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक का शानदार फॉर्म बरकरार रखा है और वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है। विश्व हॉकी में भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच आज

फाइनल मुकाबले को तैयार इकाना

यूपी टी 20 लीग : पिछली उपविजेता मेरठ के सामने होगी कानपुर सुपर स्टार्स की चुनौती

लखनऊ। यूपी टी 20 लीग के दूसरे सीजन में शनिवार को मेरठ मावरिक्स की खिताब के लिए कानपुर सुपर स्टार्स से भिड़ंत होगी।इकाना स्टेडियम में होने वाले इस हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए दोनों ही टीमें तैयार है। बात करे मेरठ मावरिक्स की तो पहले संस्करण की उपविजेता रही यह टीम इस बार खिताब के लिए पूरा जोर लगाएगी। हालांकि इस मुकाबले पर बारिश की छाया रहेगी। वैसे मेरठ को अभी तक सिर्फ दो मुकाबलों में हार मिली और वह तालिका में शीर्ष पर रही।वहीं कानपुर सुपर स्टार्स का लगातार पांच मैचों में जीत से आत्मविश्वास बढ़ा है। हालाकि समीर रिजवी की कानपुर के फाइनल में पहुंचने में बारिश की बड़ी भूमिका रही लेकिन प्लेऑफ में टीम का खेल दमदार रहा। हालांकि इससे पूर्व टूर्नामेंट में कानपुर का प्रदर्शन लड़खड़ाहट का शिकार रहा।वैसे तो मेरठ की कप्तानी रिंकू सिंह कर रहे थे लेकिन उनका दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम में चयन के बाद टीम की कमान संभाल रहे माधव कौशिक के लिए भी खासी चुनौती रहेगी। दरअसल रिंकू सिंह ने शानदार बल्लेबाजी की है लेकिन उनकी कमी का मेरठ को थोड़ा नुकसान हो सकता है।यहां यह भी ध्यान देने योग्य है कि गुरुवार को कानपुर सुपरस्टार्स और लखनऊ फाल्कंस के बीच क्वालीफायर.2 खेला गया था लेकिन बारिश के चलते यह मैच काफी दिक्कतो का शिका रहा और फिर सुपर ओवर का सहारा लिया गया। इसमें लखनऊ फाल्कंस ने 5 गेंदें खेली और दो विकेट के नुकसान पर 7 रन बनाए। जवाब में कानपुर सुपर स्टार्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र तीन गेंदों में जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए और फाइनल में पहुंच गया।

फाइनल में हम कड़ी चुनौती देंगे : समीर

मैच से पूर्व कानपुर के कप्तान समीर रिजवी ने कहा कि भले ही हम लीग चरण में मेरठ से हारे थे लेकिन कल फाइनल में हम कड़ी चुनौती देंगे और वैसे भी फटाफट क्रिकेट में मुकाबला खासा संघर्षपूर्ण रहेगा।

शानदार प्रदर्शन करेंगे : माधव

मेरठ की ओर से कप्तान माधव कौशिक के अनुसार हमने लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन से फाइनल में इंट्री की और हम यह सिलसिला फाइनल में भी जारी रखेंगे। भले ही रिंकू सिंह टीम के साथ नहीं है लेकिन हमे फार्म में चल रहे जीशान और स्वास्तिक से फाइनल में भी काफी उम्मीद है।

कल के मुकाबले के पहले देखे तो मेरठ के लिए लखनवी लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने गेंदबाजी में तो गाजियाबाद के रहने वलो स्वास्तिक चिकारा ने बल्लेबाजी में उम्दा खेल दिखाया। हालांकि कानपुर टीम के लिए कई मुकाबलों मे कप्तान समीर रिजवी ने टीम को संकट से उबारा जिन्होंने शानदार कप्तानी के साथ उम्दा बल्लेबाजी भी की तो टीम से तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने भी लखनऊ के खिलाफ सुपर ओवर में धारदार गेंदबाजी से टीम को जीत दिलाई।

नेशनल क्लब व सचिन एचबी की जीते

लखनऊ। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मैच खेले गए।पहले मैच में नेशनल क्रिकेट क्लब ने लवकुश नगर अभिराज को 69 रन से व दूसरे मैच में सचिन एचबी ने बाल्दा सुपर किंग्स को नौ विकेट से हराया।एलडीए स्टेडियम पर पहले मैच में एनसीसी ने लवकुश नगर अभिराज के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट पर 122 रन बनाए। तुषार ने शानदार पारी खेलते हुए 40 रन बनाए। अंकित चार्ली ने 30 रन का योगदान किया। जवाब में लवकुश नगर अभिराज की टीम 9 ओवर में 53 रन पर आल आउट हो गयी। हिमांशु ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। हरफनमौला पारी खेलने के चलते तुषार को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं बेस्ट कैच अवार्ड लवकुश नगर अभिराज के आकाश को मिला।एलडीए स्टेडियम पर ही दूसरे मैच में मैन ऑफद मैच कुणाल 52 के आतिशी अर्धशतक से सचिन एचबी ने बाल्दा सुपर किंग्स को एकतरफा नौ विकेट से हराया। बाल्दा सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 78 रन बनाए। जवाब में सचिन एचबी ने मात्र तीन ओवर में एक विकेट पर 79 रन बनाकर मैच जीत लिया।

ऑक्सफोर्ड अकादमी के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

लखनऊ। हाल ही में हुई कई प्रतियोगिता में पदक जीतकर नाम रोशन करने वाले ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों को आशियाना स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के ज्योतिबा फुले जोनल पार्क के योगा हाल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। सभी पदक विजेताओं को अकादमी के निदेशक मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अकादमी के पदाधिकारीगण ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इन खिलाड़ियों ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में हुई राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिताए केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई इंटर स्कूल जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता और दिल्ली में हुई विजय कप इंटर स्टेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता.2024 में अपनी उत्कृष्ट प्रतियोगिता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ी इस प्रकार हैं